e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 60
रविवार
02.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने का प्रयास ही आपको सफलता दिलाता है!

**रोजा का समय**
इफ्तार (02.03.25) : शाम 5.54 बजे
सेहरी (03.03.25) : सुबह 4.46 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### माहे रमजान का चांद आया नजर रोजा आज से

**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना का चांद नजर आ गया । चांद नजर आते ही रांची शहर और इसके आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। चांद नजर आते ही लोग अपने जरूरत की चीजें जैसे सेवई, दूध, ब्रेड आदि खरीदारी में जुट गए । इसी के साथ तरावीह की नमाज भी शुरु हो गई। सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी जा रही है। कुछ जगहों पर 10 दिनों की भी तरावीह की नमाज पढ़ी जा रही है। इसके साथ ही दो मार्च रविवार को पहला रोजा होगा।

### इडेन गार्डेंस के सामने से अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार रात इडेन गार्डेंस के पास से एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान 21 वर्षीय मोहम्मद अरशद के रूप में हुई है, जो गार्डनरीच थाना क्षेत्र के श्यामलाल लेन का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक सिंगल शटर बंदूक और एक कारतूस बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 8 बजे मैदान थाना क्षेत्र के गोष्ठ पाल सरणी में अरशद को रोका गया।तलाशी लेने पर उसके पास से बंदूक और कारतूस मिला। जब पुलिस ने उससे हथियार के बारे में पूछताछ की, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। न ही वह इस बात का कोई वैध प्रमाण दिखा पाया कि हथियार उसका ही है।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

**भागलपुर :** महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने के साथ उन्हें सशक्त और मजबूत बनाने के उद्देश्य से शनिवार को भागलपुर में महिला और पुरुष बैंक कर्मियों ने हाथ में बैनर पोस्टर लेकर सड़क पर उतरकर जागरूकता अभियान चलाया।इस दौरान भागलपुर यूनियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यलय में कार्यरत दर्जनों महिलाएं बैंककर्मी सभी क्षेत्रों में आधी आबादी की भागीदारी बढ़ाने के लिए समाज की अन्य महिलाओं को जागरुक करते हुए लोगों से महिलाओं का सम्मान करने की अपील की। इस दौरान अंजनी कुमार उप क्षेत्रीय प्रमुख यूनियन बैंक ने बताया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। लेकिन महिलाओं की जितनी भागीदारी होनी चाहिए उतनी नहीं है। आज की महिलाएं सबल और सक्षम हैं। वो हर काम कर सकती है।

### दो करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**कछार (असम) :** कछार पुलिस ने सिलचर के सिलडूबी में एक वाहन से लगभग 2.2 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ बरामद किया गया। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कछार पुलिस ने शनिवार को बताया है कि एक गुप्त सूचना के आधार पर विशेष अभियान चला कर जिले मुख्यालय शहर सिलचर के सिलडूबी में सिलकुरी रोड एक महिंद्र डीआई वाहन को रोका गया। वाहन की तलाशी के दौरान अंदर छुपाए गये लगभग 2.2 करोड़ मूल्य की 415 ग्राम हेरोइन और दो लाख नकद रुपये जब्त किए गए। पुलिस ने इस सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### तुहिनकांत पांडेय ने सेबी चेयरमैन का कार्यभार संभाला

**मुंबई :** तुहिन कांत पांडेय ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के 11वें चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया। अबतक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे आईएएस अधिकारी पांडेय को केंद्र सरकार ने गुरुवार को सेबी का चेयरमैन नियुक्त किया था।तुहिन कांत पांडेय शनिवार को दोपहर बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स व्यापारिक जिले में स्थित सेबी के मुख्यालय पहुंचे।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 24°
न्यूनतम 13°

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से तीखी बहस के बाद लंदन पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, कहा

# हमारे लिए राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन पाना बहुत जरूरी

एजेंसी
**लंदन :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिकी यात्रा के बाद शनिवार को ब्रिटेन पहुंचे। राष्ट्रपति ट्रंप से हुई तीखी बहस के बाद अब जेलेंस्की ने एक नया ट्वीट किया है।राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि हम सभी तरह के समर्थन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के बहुत आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों के द्विदलीय समर्थन के लिए भी उनका आभारी हूं। यूक्रेन के लोगों ने हमेशा इस समर्थन की सराहना की है, खासकर इन तीन वर्षों के आक्रमण के दौरान। अमेरिकी लोगों ने हमारे लोगों को बचाने में मदद की। मनुष्य और मानवाधिकार सबसे पहले आते हैं। हम वास्तव में आभारी हैं। हम अमेरिका के साथ केवल मजबूत संबंध चाहते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हमारे लिए राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन पाना बहुत जरूरी है। वह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। हमसे अधिक कोई शांति नहीं चाहता। यह हमारी आजादी और हमारे अस्तित्व की लड़ाई है।
जेलेंस्की ने कहा कि हम खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं और यह सुरक्षा गारंटी की दिशा में पहला कदम होगा। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। हमें इससे भी ज्यादा की जरूरत है। सुरक्षा गारंटी के बिना युद्ध विराम यूक्रेन के लिए खतरनाक है। हम तीन साल से लड़ रहे हैं और यूक्रेनी लोगों को यह जानने की जरूरत है कि अमेरिका हमारे पक्ष में है। मैं रूस पर यूक्रेन की स्थिति नहीं बदल सकता। रूसी हमें मार रहे हैं। रूस दुश्मन है और यही सच्चाई है, जिसका हम सामना कर रहे हैं। यूक्रेन शांति चाहता है, लेकिन यह एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति होनी चाहिए। इसके लिए हमें बातचीत की मेज पर मजबूत होना चाहिए।

**अमेरिका के समर्थन के बिना युद्ध रोकना मुश्किल**
उन्होंने कहा कि हम शांति चाहते हैं। इसीलिए मैं अमेरिका आया और राष्ट्रपति ट्रंप से मिला। खनिजों पर समझौता सुरक्षा गारंटी और शांति के करीब पहुंचने की दिशा में पहला कदम है। हमारी स्थिति कठिन है, लेकिन हम लड़ाई बंद नहीं कर सकते और यह गारंटी नहीं ले सकते कि पुतिन कल वापस नहीं आएंगे। अमेरिका के समर्थन के बिना यह मुश्किल होगा। लेकिन हम अपनी इच्छाशक्ति, अपनी स्वतंत्रता या अपने लोगों को नहीं खो सकते। हमने देखा है कि कैसे रूसी हमारे घरों में घुसे और लोगों को मार डाला। कोई भी कब्जे की एक और लहर नहीं चाहता। अगर हमें नाटो में स्वीकार नहीं किया जा सकता है तो हमें अमेरिका में अपने सहयोगियों से सुरक्षा गारंटी की कुछ स्पष्ट संरचना की आवश्यकता है।

**हम अकेले रूस को नहीं रोक सकते**
उन्होंने कहा कि यूरोप आकस्मिकताओं के लिए तैयार है और हमारी बड़ी सेना को वित्तपोषित करने में मदद करने के लिए तैयार है। हमें सुरक्षा गारंटी को परिभाषित करने में अमेरिका की भूमिका की भी आवश्यकता है कि किस तरह की, कितनी मात्रा में और कब। एक बार ये गारंटी लागू हो जाने के बाद हम रूस, यूरोप और अमेरिका के साथ कूटनीति के बारे में बात कर सकते हैं। अकेले युद्ध बहुत लंबा है और हमारे पास उन्हें पूरी तरह से खत्म करने के लिए पर्याप्त हथियार नहीं हैं। जब कोई नुकसान के बारे में बात करता है, तो हर एक जीवन मायने रखता है। रूस ने हमारे घरों पर हमला किया, हमारे लोगों को मार डाला और हमें मिटाने की कोशिश की। यह सिर्फ इलाकों या संख्याओं के बारे में नहीं है - यह असल जिंदगी के बारे में है। यही बात हम सभी को समझनी चाहिए।

**अमेरिका हमारे पक्ष में मजबूती से खड़ा हो**
उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि अमेरिका हमारे पक्ष में और अधिक मजबूती से खड़ा हो। यह सिर्फ हमारे दो देशों के बीच का युद्ध नहीं है। रूस ने इस युद्ध को हमारे क्षेत्र और हमारे घरों में लाया है। वे गलत हैं क्योंकि उन्होंने हमारी क्षेत्रीय अखंडता का अनादर किया है। सभी यूक्रेनवासी हमारे पक्ष में अमेरिका की मजबूत स्थिति सुनना चाहते हैं। यह समझ में आता है कि अमेरिका पुतिन के साथ बातचीत की कोशिश कर रहा है। लेकिन अमेरिका ने हमेशा ताकत के माध्यम से शांति की बात की है। हम सब मिलकर पुतिन के खिलाफ मजबूत कदम उठा सकते हैं।



**ट्रंप और मेरा रिश्ता दो नेताओं से बढ़कर**
जेलेंस्की ने लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हमारा रिश्ता सिर्फ दो नेताओं से कहीं बढ़कर है। यह हमारे लोगों के बीच एक ऐतिहासिक और मजबूत रिश्ता है। इसलिए मैं हमेशा अपने देश की ओर से अमेरिकी राष्ट्र के प्रति आभार के शब्दों से शुरुआत करता हूं। अमेरिकी लोगों ने हमारे लोगों को बचाने में मदद की। मनुष्य और मानवाधिकार सबसे पहले आते हैं। हम वास्तव में आभारी हैं। हम अमेरिका के साथ केवल मजबूत संबंध चाहते हैं और मुझे वास्तव में उम्मीद है कि हमारे पास वे रहेंगे।

झारखण्ड विधान सभा के सदस्यों हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

## लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है विधानसभा भवन : हेमंत



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखण्ड विधान सभा सभागार में षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के सदस्यों हेतु आयोजित प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है। इस सदन में भले हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हो, परंतु इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है। सभी माननीय सदस्य जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है। यहां सभी धर्म समुदाय के हक अधिकार की आवाज गूंजती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जो भी इस सदन में आते हैं वे सीखते भी हैं, जन आकांक्षाओं को पटल पर रखते भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

**इस सदन में भले हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हो, परंतु इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है।**

सदन की कार्यवाही में सभी माननीय सदस्यों को साथ लेकर चलते हुए इस राज्य को समृद्ध तथा विकसित बनाने हेतु संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। सभी माननीय सदस्य राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**
कार्यक्रम में उपसभापति, राज्यसभा हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो,संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित मंत्रीगण, विधायकगण, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मानिक लाल हेंब्रम, पीआरएस चक्षु राय समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## गैर-अनुशासित पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज, डीजीपी ने मांगी सूची



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों और इकाइयों से गैर-अनुशासित पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची मांगी है। इस सूची के आधार पर डीजीपी स्तर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।शनिवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, डीजीपी द्वारा जारी आदेश में निर्देश दिया गया है कि सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों की सूची मुख्यालय को भेजी जाए। इस आदेश की प्रति सभी रेंज आईजी और डीआईजी को भी भेजी गई है।आदेश में पुलिसकर्मियों के संबंध में सात बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है। ये है सात बिंदुवैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके विरुद्ध आम नागरिकों, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कोई कार्रवाई की गई है। वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके संबंध जमीन माफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ पाई गई है। वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो कर्तव्य से फरार रहते हैं। वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो ड्यूटी के दौरान आदतन शराब का सेवन करते हैं। वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो बिना कारण अवकाश की समय सीमा को स्वतः बढ़ाकर देर से ड्यूटी पर लौटते हैं। वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनपर अपने वरीय पदाधिकारी के साथ गलत व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कार्रवाई की गई है। अथवा वे जो अब भी गलत व्यवहार करते हैं। वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप हो या फिर जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं।

## हिमस्खलन की चपेट में आए 4 श्रमिकों की मौत



एजेंसी
**देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली में माणा गांव के पास शुक्रवार सुबह ऐसा बर्फीला तूफान आया कि सड़क निर्माण कार्य में जुटे 55 मजदूर इसकी चपेट में आए गए. बर्फ के नीचे दब मजदूरों में से अब तक 50 को बाहर निकाला जा चुका है. उनमें से 4 की मौत हो गई है. वहीं फंसे हुए 5 मजदूर की तलाश अभी भी जारी है.वहीं, सूत्रों के अनुसार शनिवार सुबह 14 अन्य लोगों को भी बचाया गया है, जिनमें एक की हालत गंभीर है. इलाके में राहत-बचाव कार्य लगातार जारी है. लापता मजदूरों की तलाश के लिए शनिवार सुबह 7.30 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है. पीएम मोदी ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन में हर संभव मदद देने का भरोसा दे चुके हैं. पीएम मोदी ने सीएम धामी से बात भी की थी और जारी रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी भी ली थी. आईटीबीपी कमांडेंट विजय कुमार ने बताया कि जिन मजदूरों का रेस्क्यू किया गया है उनमे से 2 से 3 मजदूरों को फ्रैक्चर और सिर में चोट आई है. उन्हें भर्ती कराया गया है. आईजी पूरे ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं. बाकी बचे मजदूरों को जल्द ढूंढ लिया जाएगा. डीआईजी ग्राउंड पर काम कर रहे हैं इसलिए शाम तक अच्छी खबर आने की उम्मीद है. बचाए गए सभी मजदूर जोशीमठ अस्पताल में भर्ती हैं.

## रेलवे स्टेशन पहुंचे राहुल गांधी कुलियों से की मुलाकात



एजेंसी
**नई दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां पर उन्होंने कुलियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कुलियों से करीब 40 मिनट तक बातचीत की और उनकी परेशानियों के बारे में जानकारी ली। एक कुली दीपेश मीणा ने कहा कि हम बहुत खुश हैं कि राहुल गांधी हमसे मिलने आए। उन्होंने हमारी समस्याओं के बारे में पूछा। हमें उम्मीद है कि वो इन्हें हल करेंगे। इससे पहले सितंबर 2023 में राहुल गांधी आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर गए थे। वहां भी उन्होंने कुलियों से बात की थी और उनकी परेशानियों को भी सुना था। इस दौरान राहुल ने कुली की ड्रेस पहनकर यात्रियों का सामान भी उठाया था। राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में दो अहम पद खाली हैं, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का एक और सबूत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को जल्द से जल्द आयोग के सभी पद भरने चाहिए, ताकि यह दलितों के अधिकारों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी प्रभावी रूप से निभा सकें। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आयोग के उपाध्यक्ष और एक सदस्य का पद रिक्त है।

## भारत में बना रहेगा सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था : आईएमएफ

एजेंसी
**न्यूयॉर्क-नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने कहा है कि भारत वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर्ज करके सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा, जो कि मजबूत निजी निवेश और व्यापक आर्थिक स्थिरता के बल पर संभव होगा।बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसी आईएमएफ ने जारी एक बयान में कहा कि भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है, जो देश को 2047 तक उन्नत अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को



साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा,खाद्य मुद्रास्फीति कम होने के साथ ही मुख्य मुद्रास्फीति लक्ष्य के करीब पहुंचने की उम्मीद है। एजेंसी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में वास्तविक जीडीपी 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। आईएमएफ ने कहा है कि निजी निवेश और एफडीआई को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। इसके लिए स्थिर नीतिगत ढांचे, व्यापार करने में अधिक आसानी, शासन सुधार और व्यापार एकीकरण में वृद्धि की आवश्यकता होगी। इनमें शुल्क और गैर-शुल्क कटौती, दोनों उपाय शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की एजेंसी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में देश की जीडीपी ग्रोथ 6.2 फीसदी रही है। एनएसओ के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 6.5 फीसदी की दर से बढ़ सकती है।

## दिल्ली में 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

एजेंसी
**नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण पर काबू पाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में 15 साल से पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद से पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जो ऐसे वाहनों की पहचान करेगी।एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य इसके अलावा प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली के बड़े होटलों, कुछ बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स, दिल्ली एयरपोर्ट, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स को तुरंत अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। कहा कि हमने फैसला किया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। दरअसल दिल्ली में प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सिरसा ने अधिकारियों संग बैठक की। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105


# एमएमसीएच के प्रबंधन व बेहतर संचालन हेतु कार्यों में लाएं गति : नगर आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रबंधन व बेहतर संचालन हेतु उपायुक्त शशि रंजन द्वारा निदेशित कार्यो की गति व निष्पादन को लेकर आज नगर आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। मेदिनीनगर नगर निगम के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में नगर आयुक्त ने अस्पताल के बेहतर संचालन को लेकर किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने एमटीसी को सिफ्ट किये जाने संबंधित निदेश दिया। साथ ही अस्पताल के जर्जर भवन को धवस्त करने की कार्रवाई करने, कैदी वार्ड के लिए चिन्हित स्थान को निरीक्षण कर भौतिक जानकारी प्राप्त करते हुए अवगत कराने का निदेश दिया। नगर आयुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को चिन्हित स्थल का निरीक्षण कर अवगत कराने का निदेष दिया। उन्होंने 7 दिनों के अंदर भवन एवं बिजली से संबंधित कार्यो को पूर्ण कराने का निदेश दिया। बिजली विभाग के अभियंता को आवश्यकतानुसार बिजली पोल को सिफ्ट करने तथा आवश्यकतानुसार पेड़ की छटाई की जरूरत पर उसकी सूची तैयार कर वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का निदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के अभियंता महेन्द्र राम, अस्पताल अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक अनंत ने सदन में डोमनी बराज का मामला उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विधायक अनंत प्रताप देव ने शुक्रवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण मामलों को विधानसभा में उठाया है। उन्होंने विधानसभा अंतर्गत खरौंधी प्रखंड के महत्वाकांक्षी डोमनी बराज योजना शीघ्र चालू करने की मांग सदन में उठाया। विधायक ने सदन को बताया कि वर्ष 2014-15 में डोमनी बराज योजना की स्वीकृति दी गई थी। इस योजना का शिलान्यास तत्कालीन केंद्रीय मंत्री के द्वारा 30 जुलाई को किया गया था।बराज निर्माण में रैयतदारों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि भी लंबित है और कंजर कंट्रक्शन प्राईवेट कंपनी पटना को 40 करोड़ 41 लाख की लगता से एकरारनामा किया गया था। लेकिन कंट्रक्शन द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया। जिससे 25 हजार किसानों को मानसून पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने योजना को पूर्ण कराने एवं लंबित मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। विधायक ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में स्थाई रूप से महिला चिकित्सक की पदस्थापन करने की भी मांग किया है।

## 27 वर्षीय युवक 14 दिनों से लापता, थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के हुलहुला खुर्द पंचायत के पिण्डरिया गांव निवासी भरोषा प्रसाद का 27 वर्षीय बेटा अनुज कुमार पिछले 14 दिनों से लापता है। अनुज के पिता ने बताया कि उनका बेटा उत्तर प्रदेश के कोन क्षेत्र में दुकान खोलने के लिए घर से निकला था और उसने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक (गाड़ी नंबर JH 14K 6861) ली थी, जो काले-नीले रंग की है। अनुज के पिता ने बताया कि अनुज के लापता होने के बाद से उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है, जिससे उसकी स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। अनुज के पिता ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिवार ने मीडिया और स्थानीय लोगों से अनुरोध किया है कि यदि किसी को अनुज के बारे में कोई जानकारी मिले तो 9771902588 से तुरंत संपर्क करें।

## जिला पार्षद ने एमओ पर भ्रष्टाचार का बढ़ावा देने व डीलरो के शोषण का लगाया आरोप



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रणधीर कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि एमओ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे हुये हैं. उनके द्वारा डीलरो से उगाही की जा रही है. जो डीलर उनको तय मासिक राशि नहीं दे रहा है, उसका शोषण किया जा रहा है.ताजा मामला घासीदाग पंचायत का है. जहां के डीलर मनजीत राम को बगैर किसी शिकायत के निलंबित कर दिया गया है.श्री रविदास शनिवार को बिश्रामपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे.उन्होंने कहा कि डीलर मनजीत राम के खिलाफ न तो किसी कार्डधारी ने कोई शिकायत की थी और न ही किसी पंचायत प्रतिनिधि ने.उनका दोष सिर्फ इतना है कि उन्होंने एमओ को रिश्वत देने से मना कर दिया. जिसके बाद उन्हें एमओ ने निलंबित कर दिया. श्री रविदास ने कहा कि बिश्रामपुर में डोर स्टेप डिलेवरी पूरी तरह फेल है. डीलरो को कभी भी समय से खाद्यान्न नहीं मिलता है. जिसके कारण वितरण में विलंब होता है. जिसके बाद डीलरो को कार्डधारियों के आक्रोश का शिकार होना पड़ता है. उन्होंने गोदाम से डीलरो को मिलनेवाले खाद्यान्न के माप तौल पर भी सवाल खड़ा किया. कहा कि डीलरो को बगैर तौले खाद्यान्न का बोड़ा दिया जाता है.हर बोड़ा में खाद्यान्न मानक से कम होता है. विजय रविदास ने कहा कि अगर प्रखंड खाद्य आपूर्ति विभाग अपने कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाता तो पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा।


## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की मनाई गई 648 वां जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648 वाँ जयंती प्रखंड के बक्शीपुर गांव में शुक्रवार की रात्रि न्यू अंबेडकर क्लब एवं उनके अनुयायियों के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली,युवा समाजसेवी पंकज कुमार सिंह एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता जोड़कर किया। इस दौरान मुकुंदपुर पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान एवं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। मंच को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विकास माली ने कहा कि इस रविदास जयंती के मौके पर यहां के लोगों ने मुझे जो प्यार-दुलार के साथ आमंत्रित किया इसके लिए मैं सभी का शुक्रगुजार हूं,मुझे गर्व है कि आप लोगों का सेवा करने को मौका मिल रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा की हम सभी मानव जाति एक परिवार हैं। सभी लोग एक दूसरे से प्यार बांटते हुए एक दूसरे के दुख में साथी बनने का कार्य करें ताकि समाज से गरीबी दूर हो और सभी तरह के समस्या का समाधान हो सके। वहीं उन्होंने क्षेत्र वासियों से गरीब, असहाय, बहनों की शादी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर संभव अपने संस्था की ओर से मदद करने की बात कही, साथ ही उक्त मंच से ही उन्होंने आयोजन स्थल पर संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा लगवाने की घोषणा किया। इस अवसर पर मिशन कलाकार शंकर राम व्यास के द्वारा भीमवादी गीत सुनाकर लोगों को जागरूप किया गया। जिसका लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। इस मौके पर अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष संजय राम विष्णु देवराम चंदन राम दिनेश राम अशोक पासवान जीतन राम रमेश राम सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# गरीबों के राशन पर डाका, सवा सौ क्विंटल अनाज डकार गया डीलर, लाभुक परेशान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरकार गरीबों की क्षुधा तृप्ति के लिये राशन दे रही है। लेकिन सिस्टम की गड़बड़ी से राशन गरीबों तक नहीं पहुंच पा रही है। राशन गरीबों के बीच बांटने के बजाय डीलर खुद डकार जा रहे हैं। ऐसा ही मामला नगर ऊंटारी प्रखंड के कुंबा खुर्द पंचायत में सामने आया है। यहां पूजा महिला स्वयं सहायता समूह की डीलर के द्वारा फरवरी माह का अनाज (1 सौ 25 क्विंटल 39 किलो) गरीबों के बीच बांटने के बजाय खुद डकार लिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रखंड के कुंबाखुर्द में कुल 479 कार्डधारी हैं। इन कार्डधारियों को अनाज उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी पूजा महिला स्वयं सहायता समूह की डीलर की है। डीलर के द्वारा लाभुकों के लिये प्रतिमाह 1 सौ 25 क्विंटल 39 किलो अनाज का उठाव अनाज गोदाम से किया जाता है। फरवरी माह का भी अनाज लाभुकों के बीच वितरण करने के लिये डीलर के द्वारा गत 27 जनवरी को अनाज गोदाम से 1 सौ 25 क्विंटल 39 किलो अनाज (चावल) का उठाव किया गया था। किंतु डीलर के द्वारा अनाज को अपने दुकान में ले जाने एवं लाभुकों के बीच वितरण करने के बजाय खुले बाजार में अनाज की कालाबाजारी कर दी गई और लाभुकों से राशन के लिये बाकायदा अंगूठा भी लगवा लिया गया। अब लाभुक फरवरी माह का अनाज लेने के लिये लगातार डीलर के यहां चक्कर काट रहे हैं। किंतु डीलर के द्वारा उनलोगों की एक नहीं सुनी जा रही है। उल्टे डीलर के द्वारा लाभुकों को डाट फटकार लगाई जा रही है। जिससे लाभुक परेशान हैं। उधर इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ विकास कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## अवैध ईंट भट्ठा का धड़ल्ले से हो रहा संचालन, प्रशासन कर रहा अनदेखी : उप प्रमुख



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत के टोला बियाही टांड़ में उप प्रमुख मालती देवी ने अवैध तरीके से चल रहा बंगला ईट भट्ठा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उप प्रमुख मालती ने कहा कि प्रशासन की नाक के नीचे घने बस्ती के बीच धड़ल्ले से बंगला ईट भट्ठा चल रहा हैं। जो कि प्रखंड मुख्यालय से महज़ दो किलोमीटर की दूरी पर ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा हैं लेकिन संबंधित प्रशासन मौन हैं जिस कारण बेख़ौफ़ होकर ईट भट्ठा संचालक धड़ल्ले से बंगला ईट भट्ठा का संचालन कर रहें हैं जो कि जांच का विषय हैं अगर प्रशासन ऐसे ईट भट्ठा संचालकों पर जांच कर कार्रवाई नहीं करते हैं तो वरीय अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपेंगे। इधर इस संदर्भ में अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि जानकारी मिली हैं तो जांच कर ईट भट्ठा संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**पलामू इंजीनियरिंग कॉलेज में धूमधाम से मना नेशनल साइंस डे**

## फ्लाई टू स्काई प्रतियोगिता में एमएसए स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर गवरमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, पलामू द्वारा इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पलामू ज़िले के करीब 22 प्रतिष्ठित स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जिसमे एमएसए स्कूल के बच्चों ने फ्लाई टू स्काई कार्यक्रम में बाजी मारते हुए चार मेडल, सर्टिफिकेट और उपहार अपने नाम किया। एमएसए स्कूल के बच्चों के प्रतिभा का सराहना करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और जागरूक करना है। कार्यक्रम के बाद बच्चों को हौसला अफ़ज़ाइ करते हुए अलीशा नाज़, श्रेया कुमारी, फ़लक प्रवीण और संजर अली को गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मो शफ़ीक अंसारी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा नोबेल पुरष्कार से सम्मानित डॉ सीबी रमन सर का बहुत बड़ा योगदान है उन्होंने ही पानी से निकलने वाली विकिरण का पता लगाया था। प्रिंसिपल अफ़ज़ल शफ़ीक और सभी शिक्षकों ने बच्चों को प्राथना सभा मे सम्मानित कर उज्जवल भविष्य का कामना किए।

## राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने मुख्यमंत्री से मिलकर सौंपा सात सूत्री मांगपत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** शुक्रवार को राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर महासंघ की ओर से चेरो राजवंश के प्रतापी राजा मेदिनीराय के विचारधारा से संबंधित सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह दुद्धी, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व विधायक हरि राम सिंह चेरो,राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो तथा सविंद सिंह चेरो शामिल थे।उक्त आशय की जानकारी महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह ने दी है।उन्होंने बताया कि महासंघ ने महाराजा मेदिनिराय को झारखंड सरकार द्वारा महापुरुष का दर्जा देने,पलामू किला का जीर्णोधार तथा औरंगा नदी पर पलामू किला के पास पुल निर्माण करने,पलामू जिला के शाहपुर किला तथा लातेहार जिला के नवगढ़ किला का जीर्णोधार करने,सतबरवा रबदा पलामू किला जतरा मेला को राजकीय मेला का दर्जा देने, आदिवासी महाकुंभ मेला दुबियाखांड को वृहत स्तर पर राज्यस्तरीय रूप देने, पलामू जिला मुख्यालय जिला परिषद कार्यालय के सामने खाली जमीन पर महाराजा मेदनीराय की प्रतिमा स्थापित करने तथा मेदिनीराय के नाम से सरकार द्वारा प्राइमरी से ग्रेजुएशन तक निःशुल्क शिक्षण संस्थानों के साथ छात्रावासों की स्थापना करने की मांग मुख्यमंत्री से की है।लगभग आधे घंटे की चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनकर मांगों पर विचार कर पूरा करने का आश्वासन दिया।

# इतिहासकार अंगद किशोर को मिला पीएचडी की उपाधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू के प्रतिष्ठित, लोकप्रिय और खोजी इतिहासकार अंगद किशोर को क्षेत्रीय इतिहास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एरिज़ोना ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्ट्रेट (पी-एच.डी.)की उपाधि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि विगत 1 मार्च को मयूर विहार (नई दिल्ली) स्थित होलिडे इन होटल के विशाल प्रशाल में इंटरनेशनल कन्फर्मेंट अवार्ड्स 2025 के तत्वावधान में आयोजित एक वृहद समारोह में इतिहासकार अंगद किशोर को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भगतसिंह सेवा दल के अध्यक्ष एवं पद्मश्री जीतेंद्र सिंह संटी द्वारा पी-एच. डी. का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा मेडल तथा मोमेंटो से उन्हें सम्मानित किया गया। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले देश-विदेश के लगभग पांच सौ प्रतिभा संपन्न लोगों को पी-एच.डी.की उपाधि प्रदान की गई। आमंत्रित सम्मानित विद्वानों में वेंकटेश्वर ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो ललित कुमार सागर भी उपस्थित थे। श्री किशोर को यह उपाधि उस समय मिली, जब वे विगत एक माह पूर्व सरकारी सेवा से निवृत्त हो चके हैं। विगत साढ़े चार दशक से साहित्य सेवा और विगत तीन दशक से क्षेत्रीय इतिहास की खोज में अहर्निश योगदान देने वाले श्री किशोर ने क्षेत्रीय इतिहास के उन अनछूए पहलुओं का उद्घाटन किया है, जो इतिहास के पन्नों में अब तक अंकित नहीं हो सकी थीं। मध्य सोन घाटी में मौर्यकालीन नगर की खोज उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## अवधेश कुमार सिंह कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवधेश कुमार सिंह कॉलेज, जपला में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्राचार्य सूर्य मणि सिंह एवं एकेडमिक इंचार्ज डॉ0 राम सुभग सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उसके पश्चात पाँच सदस्यीय ज्यूरी मेम्बर,प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, एकेडमिक इंचार्ज डॉ0 राम सुभग सिंह, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो0 राहुल कुमार सिंह, भौतिक विभागाध्यक्ष प्रो0 रवि कुमार सिंह, एवं रसायन शास्त्र के व्याख्याता प्रो0 सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं प्रयास की सराहना की। इन्होंने एक-एक कर सभी प्रतिभागियों से उस विषय पर प्रश्न किया और संतोष जनक उत्तर प्राप्त किया। 25 प्रतिभागियों ने अपने प्रदर्शन किये। जिसमें मुख्य रूप से शिखा कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, अंशु कुमारी, दिव्या कुमारी, रेणु कुमारी, रागिनी कुमारी, अंजली कुमारी, खुशी कुमारी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, आरती कुमारी, मुसर्रत परवीन इत्यादि ने भाग लिया। कॉलेज कर्मी में मुख्य रूप से प्रो0 मुकेश कुमार सिंह, प्रो0 शशि भूषण सिंह, प्रो0 शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो0 नरेश कुमार सिंह, प्रो0 अशोक कुमार देव, प्रो0 आलोक रंजन, अमरेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, लेखपाल ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे। प्राचार्य ने कहा कि जल्द ही प्रथम तीन विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

# सहायक शिक्षिका कांति कुमारी को दी गई भावभीनी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड के सोनडीहा पंचायत अंतर्गत पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनडीहा (दक्षिण) में शुक्रवार को विद्यालय की सहायक शिक्षिका कांति कुमारी के सेवानिवृत्ति होने पर भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और गणमान्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दिया गया।विद्यालय के शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। अभिभावकों और छात्रों ने माला पहनाकर एवं विदाई गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मनोहर दास के नेतृत्व में हुई। दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूर्व जिला जज सुधीर कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा का केंद्र रहा है और उन्होंने स्वयं भी यहीं से शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने इस विद्यालय को पीएम श्री योजना के तहत सम्मानित किए जाने और भविष्य में इसे इंटरमीडिएट विद्यालय के रूप में उन्नत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण धन है, जिसे कोई छीन नहीं सकता। शिक्षक समाज के अंधकार को दूर कर उजाले की ओर मार्गदर्शन करते हैं।कांति कुमारी ने 2004 में राजकीय मध्य विद्यालय चितविश्राम से शिक्षिका के रूप में अपनी सेवा यात्रा शुरू की थी। 2018 में उनका स्थानांतरण पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनडीहा (दक्षिण) में हुआ, जहां उन्होंने अपने शिक्षण काल के अंतिम वर्षों में विद्यार्थियों को ज्ञान दिया। उन्होंने अपने शिक्षण काल में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब कांति कुमारी मैडम को विदाई दी जाने लगी, तो पूरा विद्यालय परिसर गमगीन हो गया। छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक उन्हें गले लगाकर भावुक हो उठे। बच्चों की आंखों में आंसू छलक पड़े, और माहौल एक भावनात्मक दृश्य में बदल गया। कार्यक्रम का संचालन पंकज राय द्वारा किया गया।इस अवसर पर धर्मेंद्र शाह, सुनेय राम, शीताराम, ललन सिन्हा, गणेश साह, देवनंदन यादव, दीपक यादव, ललित राम, नंदकिशोर यादव, जयराम यादव, राजकुमार, रामचंद्र राम, प्रफुल्ल यादव, विष्णु यादव, सुरेश यादव, मनोज यादव, संजीव वर्मा, हरिओम कुशवाहा, राजेश यादव, देवेंद्र यादव, अक्षय गुप्ता, राजू प्रसाद गुप्ता, गौरीशंकर यादव, महेंद्र प्रजापति, अशोक कुमार सिंह, अखिलेश प्रसाद, द्वारकानाथ पांडे, कमलेश पांडे, प्रियंका पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लालगढ़ के शिक्षक रहे हरिशंकर मिश्रा को सेवानिवृत के बाद दी गयी सम्मान पूर्वक विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पीएमश्री मध्य विद्यालय में शनिवार को बिदाई समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में शिक्षक हरिशंकर मिश्रा को सेवानिवृत के बाद सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी. प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय की अगुवाई में आयोजित समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामचन्द्र चौधरी ने किया. संचालन सीआरपी किशोर कुमार दूबे ने किया. समारोह में अतिथियों ने हरिशंकर मिश्रा के बच्चों से लगाव, अभिभावकों से जुड़ाव, विद्यालय के शैक्षणिक व संरचनात्मक प्रगति में अग्रणी भूमिका की सराहना की. सबने अपने तरीके से श्री मिश्र की विद्वता, स्पष्टवादिता, शिक्षण शैली, सहयोग, एकजुटता की भावना, लीडरशिप व बेदाग सेवा सहित उनके बहुमुखी गुणों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. शिक्षक नेता परशुराम तिवारी ने हरिशंकर मिश्रा की सेवा को बेमिसाल करार देते हुये उनके व्यक्तित्व के उज्वल आयामों को रेखांकित किया. सेवानिवृत शिक्षक हरिशंकर मिश्रा ने अद्भुत सम्मान के लिए सबका आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा कि बच्चों को अकादमिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा दिया जाना जरूरी है.समारोह में विद्यालय परिवार व स्थानीय लोगों द्वारा श्री मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा कई विदाई गीत प्रस्तुत किया गया. मौके पर मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी, पंसस सूरजमल राम, शिक्षक नेता अरविन्द सिंह, विश्रामपुर डीडीओ विनय तिवारी, सदर डीडीओ वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी, सेवानिवृत्त डीडीओ अशोक तिवारी, सुरेन्द्र गुप्ता, कामेश्वर राम, वीरेंद्र शर्मा, मनोज द्विवेदी, विनोद दीक्षित, भोजपुरी गायक शिव चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, अभिषेक पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, विनय सिंह, शिक्षिका मंजु देवी, प्रतिमा कुमारी, शिक्षक अभिमन्यु चौधरी, श्रीकांत ओझा, इंद्रजीत कुमार, रमा देवी, रविशंकर मिश्र, लक्ष्मीशंकर मिश्र, सरिता देवी, बीआरपी मनोज पाठक, अखिलेश दूबे, अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, मुमताज अंसारी, रवीन्द्र सिंह, सुधीर ओझा,अवध बिहारी मिश्र, शरद कुमार,कंचन कुमारी, मृत्युंजय पाठक, सतीश सिन्हा, पत्रकार श्याम किशोर पाठक, रघुवीर नारायण पांडेय, योगेन्द्र मिश्रा, अखिलेश सिंह, परमेश्वर सिंह, विजय कुमार ठाकुर, विनय ओझा, हर्ष चौबे, अशोक चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संक्षिप्त खबरें

## चौकीदार नियुक्ति से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न

**रांची।** जिला अनुकम्पा समिति रांची, -01 मार्च 2025 को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। जिसमें सामान्य/ चौकीदार के आश्रित से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की समीक्षा कि गई।बैठक में, पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साहू, डीएसपी जैप 2, जिला स्थापना उप-समाहर्ता रांची, ज्योति वंदना कुजूर एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।जिला अनुकम्पा समिति के द्वारा निम्न रूपेण प्रस्तावों में नियुक्ति की अनुशंसा की गई। जिला अनुकम्पा समिति सामान्य में कुल- 10 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार की नियुक्ति में कुल-04 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई।

## सेहतमंद और लंबी आयु के लिए लें सही आहार : डॉ.मीनाक्षी

**रांची।** सही और पौष्टिक आहार दीर्घ आयु के आधार हैं। नियमित रूप से संतुलित आहार लेते रहना स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। उक्त बातें रांची की जानी-मानी दंत चिकित्सक व पर्यावरणविद् डॉ.मीनाक्षी सिंह ने कही। डॉ.सिंह ने कहा कि प्राचीन ऋषियों-मनीषियों ने भी प्रकृति से जुड़े रहकर आहार क्रम और जीवन शैली सुव्यवस्थित रखने का संदेश दिया है। आहार में अधिक मात्रा में जैविक उत्पादों (फल, सब्जियां, अनाज आदि) का प्रयोग स्वस्थ रखने में सहायक है। भोजन में ताजा और ऋतु के अनुसार सब्जियां, फल, अनाज और गैर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सेहत भरे जीवन के लिए जरूरी है।

# देश का पहला पुलिस एसोसिएशन जिसके अध्यक्ष आदिवासी युवा राहुल मुर्मू को चुना गया

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के 28 फरवरी को हुए चुनाव में 1056 मतदाताओं में से 996 अपने मत का प्रयोग किए गए। प्रत्याशियों के लिए वोट करने के लिए पुलिस डेलीगेट में काफी उत्साह देखा गया था। वे सभी मजबूत संगठन बनाने की दिशा में मतदान किए। मतदान में के बाद काउंटिंग में अध्यक्ष पद पर कम उम्र के आदिवासी युवा को न सिर्फ झारखंड गठन के बाद बल्कि अविभाजित बिहार के पहले आदिवासी युवा को राहुल मुर्मू को अध्यक्ष चुनकर पुलिस एसोसिएशन के मतदाताओं ने इतिहास रचा दिया है। संभवतः देश, दुनिया का पहला ऐसा पुलिस एसोसिएशन झारखंड बन गया है जहाँ पुलिस के एसोसिएशन का अध्यक्ष आदिवासी युवा बना है, यह गौरव की बात है। उम्मीद ये है कि अपने गरिमय पद पर वे पुलिस एसोसिएशन के सभी पुलिस कर्मियों के लिए कितना बेहतर काम कर सकते हैं, चूंकि राज्य में भी आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार है, इसका लाभ पुलिस एसोसिएशन को कितना मिलेगा यह देखने वाली बात होगी।द रांची प्रेस क्लब में भी पत्रकारों का अध्यक्ष आदिवासी व्यक्ति सुरेंद्र सोरेन हैं, इन सबसे संबंधित सदस्यों को उम्मीदें हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद पर रोहित रजक बने हैं एवं महताब आलम को फिर से मौका मिला है। महामंत्री के पद पर संजीव कुमार, संयुक्त सचिव के पद पर राकेश कुमार पांडे एवं संतोष महतो, संगठन सचिव में मंटू कुमार विजयी घोषित किए गए हैं। नई टीम में आए पदाधिकारियों से उम्मीदें बढ़ गई है। प्रभात मंत्र अखबार ने 22/2/2025 पेज तीन में आदिवासी चेहरा के विजयी पर



पहले ही संकेत दे दिया था ।

**पूर्व अध्यक्ष ने कहा:** वहीं पुलिस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि जो टीम आई है वह समन्वय बनाकर काम करेगी, ऐसी उम्मीद है। जो लंबित मांगे हैं, उसे भी पूरा करने की कोशिश करेंगे, जो ऑडिट बचा है वह ऑडिट करवा लिया जाएगा। किसी तरह की कोई समस्या नहीं होगी,ऐसी उम्मीदें हैं। बस जिस तरह से कमेटी चुनकर आई है, वह मिलजुलकर पुलिस कर्मियों के लिए बेहतर काम करें लंबित मांगों को पूरा करने में अपना सहयोग प्रदान करें ।

**निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा:** वही निर्वाचित अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू ने कहा कि जिम्मेदारी बड़ी है और जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसे ईमानदारी पूर्वक पूरा करूंगा। सभी पुलिसकर्मी ने हमपर भरोसा जताया है, हम उस भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। वहीं इस मौके पर सभी निर्वाचित पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**किनको कितना वोट मिला:** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुआ।1056 मे से 996 वोटरों ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। सात पदों के लिए हुए चुनाव का परिणाम देर रात को वोटों की गिनती के बाद जारी किया गया।जिसमें राहुल मुर्मू (अध्यक्ष) को 567 वोट मिला, मो महताब आलम (उपाध्यक्ष) को 516वोट, रोहित कुमार रजक (उपाध्यक्ष) को 510 वोट मिला, संजीव कुमार (महामंत्री) को 500 वोट मिला,संतोष कुमार महतो (संयुक्त सचिव ) को 596 वोट , राकेश कुमार पाण्डेय (संयुक्त सचिव )को 427 वोट, मंटू कुमार (संगठन सचिव) को 530 वोट मिले।

## पूर्ववर्ती छात्र सम्मान समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की हुईं सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बेंगलुरु स्थित क्राइस्ट विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान समारोह में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से कई सांसद, विधायक और मंत्री शामिल हुए। यह जानकारी मंत्री की ओर से दी गई। क्राइस्ट विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद समाज में अपने काम के दम पर अलग पहचान बनाने वाले सफल छात्रों को ये सम्मान दिया गया। सम्मान पाने वाले सभी आज अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर मुकाम पर हैं। मंत्री के साथ सांसद सुधा मूर्ति, सांसद फ्रांसिस जॉर्ज, कर्नाटक सरकार में राजस्व मंत्री कृष्णा गौड़ा, सांसद मल्लेश बाबू , विधायक चांडी ओमन, विधायक दर्शन ध्रुवनरायणा , सांसद सागर ईश्वर खंड्रे को विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान पाने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अपनों के हाथ सम्मान पाना गर्व




की बात है। बेंगलुरु के क्राइस्ट विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मान पा कर जो सुखद अनुभूति हुई, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है। विश्वविद्यालय के द्वारा पूर्वर्ती छात्रों के सम्मान में आयोजित समारोह में देश भर के कई सांसद, विधायक और मंत्रियों के साथ सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ। छात्रों के भविष्य को गढ़ने में शिक्षण संस्थान का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गुरुदेव हमेशा पथ प्रदर्शक की भूमिका में रहे है। क्राइस्ट विश्वविद्यालय देश के गिने चुने उन विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जहां शिक्षा प्राप्त करना हर एक मेधावी छात्र का सपना होता है। विश्वविद्यालय के प्रांगण में आ कर पुरानी यादें ताजा हो गईं और वो तमाम सपने भी जो भविष्य को लेकर अक्सर देखती थी।

## रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी की जमीन पर कब्जा करने वाले को अंचल का नोटिस जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी डोरंडा के बगल भूमि पर अतिक्रमण करने वाले को अंचल अधिकारी अरगोड़ा ने नोटिस जारी किया है और साथ मार्च तक जवाब मांगा है।

अंचल अधिकारी अरगोड़ा ने 20 लोगों को नोटिस जारी कर 7 मार्च को दिन के 11 बजे संपूर्ण कागजातों के साथ अपना पक्ष रखने को कहा है। साथ ही अंचल अधिकारी ने कहा है कि निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

नोटिस 27 फरवरी को अंचल अधिकारी ने जारी किया।

**इनको भेजा गया नोटिस:** अदनान गद्दी पिता जलाल गद्दी,पप्पू गद्दी पिता सज्जाद गद्दी,सरफराज गद्दी (संफा) पिता सलाउद्दीन गद्दी,कैसर गद्दी पिता नियाजु गद्दी, मो चांद पिता मो जाखिर,सोहैल अख्तर (गब्बर) पिता स्व. रउफ गद्दी,मो शाहिद गद्दी पिता स्व. रउफ गद्दी, शराफत हुसैन पिता स्व. इसलामुल गद्दी,अफरोज आलम (गुड्डू) पिता स्व. रउफ गद्दी,अख्तर गद्दी पिता स्व. अल्लाउद्दीन गद्दी, हुसैन गद्दी पिता स्व. अल्लाउद्दीन गद्दी,मो तबरेज (पान दुकान), मो नासीद हवारी,लोधमा फारुख,ख्वाजा गुलाम पिता मो. अंसारी, शोएब अंसारी पिता स्व, गुलाम रसूल, फारुख गद्दी पिता मो उस्मान गद्दी,मो जाकिर पिता स्व, रियासत हुसैन, मो फारुफ पिता मो उस्मान और प्रिंस के नाम नोटिस है।

# छठे अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल (जिफा) के छठे सीजन की रंगारंग शुरुआत शनिवार को हो गई ।

उद्घाटन कार्यक्रम में झारखंड फिल्म फेस्टिवल के अध्यक्ष ऋषि प्रकाश मिश्रा और मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख और जिफा के कार्यकारी अध्यक्ष आकाश आनंद, उपाध्यक्ष सुनील बदल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं झारखंड के स्थानीय कलाकारों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित



किया गया। झारखंड राज्य के चुनिंदा कलाकारों की प्रस्तुति एवम झारखण्ड के पारंपरिक परिधानों का राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मॉडलों द्वारा प्रदर्शन राज्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सार्थक प्रयास किया गया। साथ ही झारखंड की कला संस्कृति और झारक्राफ्ट के उत्पादों का अनूठा प्रदर्शन रैंप वॉक के माध्यम से हुआ।

## सीएम घेराव मामले में सुदेश चंद्रप्रकाश की बढ़ी मुश्किलें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी मैदान में बीते 2021 में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर आजसू पार्टी ने मुख्यमंत्री आवास के घेराव का कार्यक्रम तय किया था। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ता और नेता मोरहाबादी मैदान में जुटे और रैली निकालकर मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने लगे। इसी दौरान पुलिस ने मोरहाबादी में ही रैली को रोक दिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया था। मुख्यमंत्री आवास घेराव मामले में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है।एमपी -एमएलए की विशेष अदालत ने उनकी डिसचार्ज

**मुख्यमंत्री आवास घेराव मामले में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है।**

पिटीशन को खारिज कर दिया है। अब इस मामले में 19 मार्च को आरोप गठन के बिंदु पर अगली सुनवाई होगी। इस पूरे मामले में सुदेश महतो सहित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रहे रामचरण सहिस, पूर्व विधायक शिव पूजन मेहता, पूर्व विधायक लम्बोदर महतो, प्रदेश प्रवक्ता देवशरण भगत सभी पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, नियम विरुद्ध रैली निकालने समेत कई धाराओं के तहत लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## रांची : वृंदावन की होली से नौ को सराबोर होगी रांची

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर अलिशा डांस स्टूडियो की ओर से रांची में वृंदावन की होली नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नौ मार्च को रांची के कडरू न्यूश एजी कॉलोनी स्थित चिल्ड्रन पार्क में होगा। इस कार्यक्रम में रांची की मशहूर डांसर अलिशा सिंह शामिल होंगी। अपनी संस्कृति और विरासत को संजोए रखने और आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अलिशा सिंह और प्रियंका सिंह दोनों बहनों की जोड़ी शामिल होगी। मौके पर अलिशा डांस स्टूडियो की निर्देशिका प्रियंका सिंह ने शनिवार को बताया कि आजकल होली के आयोजन इस तरह




के होते जा रहे हैं कि हम अपने परिवार और बच्चों के साथ खुलकर आनंद भी नहीं ले पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों बहनों ने एक ऐसा उत्सव मनाने का निर्णय लिया है, जिसमें हर उम्र के लोग अपनी संस्कृति से जुड़ कर होली का असली आनंद ले सकें। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावे लाइव डांस परफोर्मेंस, राधा कृष्ण की जोड़ी अदभुत समा बांधेगी। साथ ही अलिसा डांस स्टूडियो के छात्र छात्राओं की ओर से मोहक की प्रस्तुति, डीजे सौनिक, डीजे तानिया और क्रीज़ क्कांटा शानदार बिट्स से समा बांधेंगे। नासिक ढोल,रेन डांस, ऑर्गेनिक गुलाल, फ्री ठंडई, किड्स जोन और फुड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का अनावरण किया गया। मौके पर अलिशा डांस स्टूडियो की निर्देशिका प्रियंका सिंह, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, राहुल सोनी, मीनाक्षी सिंह, रोहित सिंह, अनिकेत राज, सुबू राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन एक मार्च 2025 को रांची में धूमधाम से मनाया गया। यह भव्य समारोह विधायक सरयू रॉय के सरकारी आवास, डोरंडा, रांची में आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड प्रदेश जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह की शुरुआत में नीतीश कुमार के योगदान और उनके विकास और सामाजिक न्याय के



दृष्टिकोण की सराहना की गई। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर केक काटकर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और उनके कार्यों को सम्मानित किया। मौके पर समारोह के दौरान झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि वह नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अत्यधिक अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, आज का दिन हमारे संगठन के लिए महत्वपूर्ण है और हम सभी नए पदाधिकारियों का सादर स्वागत करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक बड़े सदस्य अभियान की शुरुआत की घोषणा की, जो झारखंड के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर चल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अभियान पार्टी को मजबूत करेगा और जदयू झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी छह को आएंगे झारखंड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू झारखंड दौरे के दूसरे चरण में छह मार्च को पांच दिवसीय प्रवास पर सुबह नौ बजे रांची पहुंचेंगे। इस संबंध में कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि रांची पहुंचने के बाद प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां एक बजे बजे से वे पलामू,लातेहार,गढ़वा जिला के अध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद प्रभारी शाम पांच बजे लातेहार के लिए रवाना होंगे। वहीं सात मार्च को वे लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वे सुबह 11 बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के जिला, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद के राजू रांची के लिए रवाना होंगे। राकेश सिन्हा ने बताया कि आठ मार्च को प्रभारी रांची के मांडर में आयोजित प्रगतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम के बाद बोकारो के लिए रवाना होंगे। वहीं वे नौ मार्च को गोड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे गोड्डा,पाकुड़,साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे देवघर के लिए रवाना होंगे तथा 10 मार्च को देवघर जिला कांग्रेस मुख्यालयों में देवघर, जामताड़ा और दुमका के जिला प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में 14 लोगों के नियुक्ति की बनी सहमति

**रांची :** रांची जिला अनुकम्पा समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। जिला अनुकम्पा समिति सामान्य में कुल 10 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। साथ ही अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार की नियुक्ति में कुल चार की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार साहू, डीएसपी जैप 2, जिला स्थापना उप-समाहर्ता ज्योति वंदना कुजूर एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पंजाब नेशनल बैंक कृषि ऋण प्रसार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पंजाब नैशनल बैंक, राँची मंडल द्वारा 01 मार्च, 2025 को एचईसी धुर्वा, राँची में कृषि ऋण प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि गौरव कुमार, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पीएनबी प्रधान कार्यालय, दिल्ली से उप महाप्रबंधक श्री दर्शन कुमार गर्ग और राँची के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव मौजूद थे। एचईसी धुर्वा के अलावा कृषि ऋण प्रसार कार्यक्रम का




आयोजन रनिया प्रखण्ड, परासी प्रखण्ड, चान्हो प्रखण्ड, और सोसो में किया गया। मंडल के अंतर्गत अन्य शाखाओं में भी शाखा स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एनटरप्राइजेज, तथा कृषि अवसंरचना कोष हेतु वित्तीय सहायता के जरिए कृषि को बढ़ावा देना, गुणवत्ता में सुधार लाना और छोटी खाद्य प्रसंस्करण को बाजार तक पहुंचाना है। इसमें काफी ग्राहकों ने बड़ी उत्साह एवं उमंग के साथ इस कार्यक्रम में आए और इसका लाभ उठाया।

इस दौरान काफी ग्राहकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख नितिन कुमार बंका, सीएसी प्रमुख रोशन कुमार, एमसीसी प्रमुख आर.सी शर्मा, मुख्य प्रबधंक राजेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार में जवाबदेही और संवेदना का अभाव : सुदेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार में जनता के प्रति जवाबदेही और संवेदना का अभाव स्पष्ट दिख रहा है। विधानसभा में विधायकों द्वारा उठाए जा रहे विषयों के प्रति सरकार के मंत्रियों का रवैया टालमटोल का दिखता है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी सरकार के बजट की प्रतिक्षा कर रही है ताकि यह पता चल सके कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार अपने वायदों को लेकर गंभीर है या नहीं? हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई तथा संगठन विस्तार की रणनीति बनाई गई।

बैठक को डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र मेहता, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, पार्वती देवी, दीपक महतो, इस्लाम अंसारी, संजय मेहता आदि ने संबोधित किया।बैठक को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता, पहचान और विकास के



लिए प्रतिबद्ध है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए हमें हर जिले, प्रखंड और गाँव तक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी और इस संगठन विस्तार के अभियान को कालबद्ध एवं योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

बैठक में रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, रामलखन प्रसाद, आशुतोष तिवारी, ओम भारती, दिलीप साहू, राजकिशोर कुशवाहा, विश्वनाथ भगत, अरविंद यादव, मुनिया उरांव, अभिषेक राज हेरेंज, हाकिम अंसारी, रमेश भगत, दीपक महतो, गोपीनाथ सिंह, डॉ पार्थ परितोष, प्रत्यूष प्रशांत, आशुतोष तिवारी आदि उपस्थित थे।

## प्रथम जेपीसी घोटाले में रांची के एसी और एडीएम की बढ़ेगी मुश्किलें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सीबीआई की गिरफ्तारी से बचने के लिए जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड आरोपी रांची जिला के एसी राम नारायण सिंह और एडीएम विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। दोनों की दाखिल जमानत याचिका पर 1 मार्च को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में 11 बजे हुई। वहीं मामले के दो आरोपी बिनय मसीह आर लकड़ा एवं अजय कुमार बड़ाईक को अदालत से झटका लगा है। बताया जा रहा है कि सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने दोनों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने दोनों की याचिका पर सुनवाई पश्चात




पिछले दिनों आदेश सुरक्षित रख लिया था। मामले में अब तक 11 आरोपियों को झटका लगा है। मामले में अन्य आरोपियों ने भी अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। हलांकि इस पर अधिकारिक पुष्टि नहीं हो रही है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## रहमत,बरकत और मगफिरत का महीना है रमजान : मासूम अंसारी



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमजान का असल मकसद सब्र,तकवा,हमदर्दी,नरमी,मोहब्बत और दूसरों का ख्याल रखना है। रमजान रहमत,बरकत और मगफिरत का महीना है। इबादत कर सभी गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। रमजान में रोजेदार की दुआ खाली नहीं जाती है। रोजे रखना इस्लाम का तीसरा फर्ज है। रमजान में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और दोजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। रमजान का पहला हिस्सा माह के 1-10 दिन का रहमत,दूसरा हिस्सा 11-20 दिन का मगफिरत और 21 से 30 दिन का हिस्सा दोजख से आजादी से का है। रमजान में बेहिसाब,बरकत और रहमतों वाली एक रात होती है, जिसे शबे कद्र कहते हैं। यह रात दूसरी रातों से बेहतर है। रमजान में कुरान पाक नाजिल किया गया। रमजान में रोजे फर्ज किए गए हैं। तरावीह को सुन्नत करार दिया गया है। माह में हर नेकी का सवाब 70 गुना बढ़ा दिया जाता है। रमजान में गरीबों का ख्याल रखे। इबादत अधिक करे,जो व्यक्ति रमजान माह में रोजेदार को इफ्तार कराता है,उस से अल्लाह खुश होता है और गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। अंत में समाजसेवी मासूम अंसारी नेवरी ने लोगों को रमजान मुबारक की मुबारकबाद दी,और लोगों से अपील किया की गुनाहों से बचकर ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत में गुजारें।

## रोहिणी के दो सेवानिवृत्त कामगारों को किया गया सम्मानित



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोहिणी परियोजना के सेवानिवृत्त कामगार जनेश्वर पासवान एव देवनंदन लोहार को विदाई दी गई.धमधमिया दामोदर नदी किनारे एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया.इस मौके पर खान प्रबंधक दीपक कुमार एव माइन इंचार्ज केपी नायक उपस्थित थे.इस अवसर पर खान प्रबंधक दीपक कुमार ने दोनो सेवानिवृत्त कामगार को माला पहनाकर, बुके देकर स्वागत किया.वही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.खान प्रबंधक ने दोनो सेवानिवृत्त कामगारो के स्वस्थ एव सुखमय जीवन की कामना की.इस मौके पर अरुण कुमार साहू,रामा उरांव, राकेष उरांव, लालदेव उरांव, विजय सिंह,प्रधान मुंडा,झमन सिंह,शिशिर लकड़ा,बलजीत गंझु, बिरबल उरांव, अनिल आनाकानी, काली राम महली,सोनू मांझी,सोहराय महतो,प्रयाग दुसाध,ज्वाला कुमार,रितेश उरांव, नंदकिशोर उरांब, आनंद,रविन्द्र उरांव,संजू मांझी,पारस उरांव सहित कई कामगार उपस्थित थे.

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता शुरू करने से पूर्व सरस्वती माता की चित्र पर आचार्य संजीव कुमार सिंह द्वारा पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया. उसके बाद खेल का शुरुआत हुआ. विद्यालय के कक्षा नवम और एकादश के छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लिए. आचार्य गोविंद कुमार चौहान के नेतृत्व में क्रिकेट खेल संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा नवम के छात्रों ने एकादश के छात्रों को हराया. दूसरी ओर छात्राएं खो-खो और कबड्डी खेल में भाग लिए और खेल का आनंद लिए.अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने सभी को धन्यवाद दिए. इस मौके पर आचार्य गौरी शंकर कामिला, अजय कुमार पाठक, चंद्रभूषण सिंह, पूनम पाठक, बसंती कुमारी, प्रिया कुमारी, रीमा कुमारी, अश्वनी सिंह, दिलीप कुमार शर्मा, सूरज कुमार, उमेश कुमार, पुरुषोत्तम कुमार सिंह एवं विक्रम कुमार पांडेय उपस्थित थे.

## स्टार हेल्थ इंश्योरेंस अब भारत का सबसे बड़ा होम हेल्थ केयर नेटवर्क प्रदान करता है

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे बड़ी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस), भारत भर में 100 स्थानों पर अपनी एचएचसी पहल का विस्तार करके देश की सबसे बड़ी होम हेल्थ केयर (एचएचसी) प्रदाता बन गई है। जुलाई 2023 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम अब स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के 85% से अधिक ग्राहक आधार को सेवा प्रदान करता है, जो बिना किसी जेब खर्च के 3 घंटे के भीतर कैशलेस डोरस्टेप चिकित्सा सेवा प्रदान करता है। भारत में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच, उपलब्धता और सामर्थ्य में सुधार करता है। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॉय ने कहा, हमारा लक्ष्य अस्पताल में भर्ती होने की उच्च लागत, लॉजिस्टिक चुनौतियों और देखभाल प्राप्त करने से जुड़े तनाव जैसी बाधाओं को दूर करना है।

## पिपरवार मे विदाई समारोह आयोजित कर एक अधिकारी सहित नो रिटायर कामगार को दी गई विदाई



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब मे विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और संचालन कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा ने किया।इस समारोह में पिपरवार एरिया से सेवानिवृत हुए एक सीसीएल अधिकारी सहित नो सीसीएल कर्मियो को विदाई दी गई।रिटायर होने वाले कर्मियो मे सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, जीएम युनिट के सुरक्षा कर्मी अमीनुद्दीन अंसारी,पिपरवार युनिट के इंद्रजीत चौधरी, सुशील कुमार महतो,छटु सिंह,अशोक परियोजना के मलु स्वाईन,गौतम दुबे,सुरेंद्र कुमार पांडेय और सीएचपी परियोजना के उमेश लोहार का नाम शामिल है।कार्यक्रम मे सबसे पूर्व सेवानिवृत कर्मियों को बुके देकर स्वागत किया गया,जिसके बाद सभी को शॉल,श्रीफल, सेवा प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर सम्मान के साथ विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की,साथ ही सभी के कार्यों की प्रशंसा की गई।साथ ही रिटायर के बाद मिलने वाले सभी सुविधा को निर्धारित समय तक पूरा करने की बात कही गई।इस मौके पर जीएम संजीव कुमार, एसओपी नागेश कुमार गोपाल, स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक पीके सिंह,स्टाफ ऑफिसर इएंडटी आरएन गौतम,कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो,शिशिर गर्ग, आभाष त्रिपाठी, श्रमिक प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह,इस्लाम अंसारी,भीम प्रसाद मेहता,दिलीप गोस्वामी,निर्मल उरांव सहित काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# गरीबों और जरूरतमंदों की करें मदद : बेड़ो प्रखंड प्रमुख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत पर बेड़ो प्रखंड प्रमुख सुश्री विनीता कच्छप ने पूरे प्रखंडवासियों को रमजान की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह महीना इबादत, संयम और परोपकार का प्रतीक है, जो हमें समाज में भाईचारा बनाए रखने और जरूरतमंदों की सहायता करने की सीख देता है। प्रखंड प्रमुख ने खासतौर पर मुस्लिम समुदाय से अपील की कि वे रमजान के दौरान गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें। उन्होंने कहा कि रमजान केवल इबादत का ही नहीं, बल्कि इंसानियत और सेवा का भी महीना है। इस दौरान समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने से इस पाक महीने की बरकत और भी बढ़ जाएगी। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे ज्यादा से ज्यादा नेक कार्य करें, गरीबों को भोजन, कपड़े और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएं, ताकि रमजान का असली संदेश लोगों तक पहुंचे और समाज में भाईचारे की भावना मजबूत हो। इसके अलावा, प्रखंड प्रमुख ने रोजेदारों के सम्मान और उनकी सहूलियत की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी संस्थानों और कार्यालयों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि वे रोजेदार कर्मचारियों को शाम में समय पर इफ्तार के लिए मुक्त करें, ताकि वे अपने परिवार के साथ इबादत और इफ्तार सही सलामत कर सकें। सुश्री विनीता कच्छप ने अंत में सभी नागरिकों से अपील की कि वे रोजेदारों की भावनाओं का सम्मान करें और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें। उन्होंने कहा कि रमजान सिर्फ व्यक्तिगत उपवास का महीना नहीं है, बल्कि यह समाज में प्रेम, एकता और सहयोग की भावना को बढ़ाने का अवसर भी है। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से सौहार्द बनाए रखने, जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

## झामुमो ने बीआईटी मेसरा में चलाया गया सदस्यता अभियान, सैकड़ो लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ओरमांझी :** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा कांके प्रखंड के बीआईटी मेसरा में सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो के वरीय नेता सह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी के नेतृत्व में चलाए गए सदस्यता अभियान में युवाओं के अलावा महिलाओं व बूढ़े बुजुर्ग ने भी बढ़ चढ़कर पार्टी का सदस्यता रशीद प्राप्त किया। झामुमो के वरीय नेता जावेद अख्तर अंसारी ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान को लेकर सभी वर्ग के लोगों खासकर महिलाओं का उत्साह चरम पर है। लोग हेमंत सोरेन सरकार के काम से प्रभावित हैं और क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा सदस्यता अभियान के तहत गांव मुहल्ला स्तर पर लोगों को झारखंड के हित में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाते हुए पार्टी द्वारा प्रत्येक घर में सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसका सकारात्मक परिणाम दिख रहा है। अभियान के तहत रांची जिला व कांके प्रखंड समेत अन्य गांवों में सैकड़ो महिला पुरुषों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। मौके पर झामुमो के सज्जाद अंसारी, खुर्शीद आलम, मोइन अंसारी, समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आरटीसी कॉलेज में इतिहास विभाग ने कराई एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र स्थित राम टहल चौधरी कॉलेज ओरमांझी में इतिहास विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक मानव की यात्रा पाषाण काल से डिजिटल युग तक÷ था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भीम महतो ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए इतिहास में मानव की यात्रा के महत्त्व को बताया है।इस अवसर पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो योगेन्द्र ठाकुर, प्रो रेनु चौधरी उपस्थित थे एवं प्रो भवेश कुमार महतो ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यशाला में बीए सेमेस्टर-IV, बीए सेमेस्टर-II तथा सेमेस्टर-1 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सेमेस्टर - IV के छात्राओं में स्वाती कुमारी, कुसुम कुमारी, तनु कुमारी, संगीता कुमारी एवं सेमेस्टर-II कि छात्रा रिया टोप्पो ने मानव कि यात्रा के विभिन्न चरणों को बताया। इस कार्यशाला में IQAC कोऑर्डिनेटर प्रो0 मिनु कुमारी, डॉ अनुराधा कुमारी, भूगोल विभाग कि संगीता कुमारी, किशन कु0 महतो, राम प्यारे महतो, प्रो0 इमरान अंसारी एवं प्रो0 राम नरेश पाण्डे उपस्थित थे तथा धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग के प्रो0 योगेन्द्र ठाकुर ने किया।

## मगध-संघमित्रा की मेजबानी मे हुआ 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल के मगध संघमित्रा क्षेत्र की मेजबानी मे शनिवार को बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन सह पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबधं निदेशक एनके सिंह ने किया।समारोह के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक उज्जवल ताह, और विशिष्ट अतिथि मे सीसीएल के अध्यक्ष प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह, खान सुरक्षा महानिदेशालय के उप महानिदेशक डॉ. एसएस प्रसाद,रांची क्षेत्र के खान निदेशक आफताब अहमद, कोडरमा क्षेत्र के खान निर्देशक एनपी देवरी, चाईबासा क्षेत्र के खान निर्देशक आरआर मिश्रा, सीसीएल के निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा,निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा और निदेशक तकनीकी हरीश दुहन सहित कई अधिकारी शामिल हुए।सभी अतिथियो का स्वागत बूके देकर एंव पगड़ी पहनाकर किया गया।समारोह की शुरुआत अतिथियो के द्वारा झंडोतोलन एंव सामुहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।जिसके बाद डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चो द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।समारोह के दौरान कोल इंडिया की कॉरपोरेट गीत बजाया गया, जबकि उपस्थित अधिकारियो और कर्मचारियो ने दो को मिनट का मौन रखकर शहीद कामगारो को श्रद्धांजलि दी गई।मगध संघमित्रा क्षेत्र के जीएम नृपेन्द्र नाथ ने अपने स्वागत भाषण मे सभी अतिथियो का स्वागत किया।समारोह के दौरान कोयला कामगारो और उसकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया,जिसे उपस्थित लोगो ने खूब पंसद किया।वही डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया।कार्यक्रम के अंत मे पेश किया गया छऊ नृत्य आकार्षण का केन्द्र रहा।इस मौके पर श्रमिक प्रतिनिधि रमेन्द्र कुमार,राजेश कुमार सिंह,लखनलाल महतो, अरूण सिंह,रविन्द्रनाथ सिंह,इस्लाम अंसारी, खुशीलाल महतो,भीम सिंह यादव,बिनय सिहं मानकी, बिनोद बिहारी पासवान,भीम प्रसाद मेहता,बृजकिशोर पासवान,इकबाल हुसैन, मोहम्मद अब्दुल्लाह, अरविन्द शर्मा,रहमतुल्लाह,आशिष दुबे, पिपरवार जीएम संजीव कुमार,एनके जीएम दिनेश प्रसाद गुप्ता,आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार सिंह, पीओ एस सत्यानारायण, डीके सिहं, मोहम्मद अकरम,संजय कुमार चौबे, नलिन चंद,अभिषेक आनन्द सहित काफी संख्या मे कोयला मजदूर और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली कॉलेज सिल्ली के सभागार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व कॉलेज के प्राचार्य व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर वाद विवाद, भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी, नृत्य एवं पेंटिंग समेत कई प्रतियोगिता आयोजित की गई। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनंत महतो ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का मूल उद्देश्य लोगों के बीच विज्ञान के महत्व और इसके अनुप्रयोग का संदेश फैलाना है। इसे हर साल भारत में मुख्य विज्ञान उत्सवों में से एक उद्देश्यों के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन सी वी रमन ने किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रो सावित्री वाला, डॉ सुचित्रा महतो, प्रो कविता महतो, प्रो मंजूलता कुमारी, प्रो पूर्णिमा महतो, प्रो के सी महतो प्रो, विश्वनाथ मुंडा, प्रो नकुल चंद्र महतो , प्रभा महतो प्रो हेमलता महतो समेत काफी संख्या में कॉलेज के कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सीसीएल, एनटीपीसी, हिंडाल्को, डीवीसी और टाटा ग्रुप ने लगाया स्टॉल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बचरा :** बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे आयोजित 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह मे सीसीएल के सभी क्षेत्र, एनटीपीसी और टाटा ग्रुप, हिंडाल्को व डीवीसी के द्वारा सुरक्षा से संबंधित स्टॉल लगाया गया।समारोह मे आये हुए अतिथियो के द्वारा फीता काटकर इसका उदघाटन किया गया।सीसीएल के पिपरवार, एनके,मगध,रजहरा,आम्रपाली, बीएंडके,रजरप्पा, हेडक्वाटर,ढोरी,कथारा, बरका सयाल,अरगडा, हजारीबाग,जेएस एमडीसी सहित एनटीपीसी, हिंडाल्को, डीवीसी और टाटा ग्रुप के द्वारा स्टॉल लगाया गया।अतिथियो के द्वारा विधिवत फीता काटकर स्टॉल का उदघाटन किया,जिसके बाद सभी स्टॉल का निरीक्षण कर इसमे लगाये गये सुरक्षा उपकरणो की जानकारी ली।कोयला खदान मे कार्य के दौरान जरूरी पड़ने वाले सुरक्षा उपकरणो की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक के माध्यम से लोगों को सुरक्षा की दी गई जानकारी



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बचरा चार नंबर खेल मैदान में मगध संघमित्रा एरिया की मेजबानी में आयोजित 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह के दौरान कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र-छात्राओं के अलावा कोयला कामगारों एवं सांस्कृतिक टीम के द्वारा कई प्रकार के गीत,संगीत,नाटक का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।वहीं कार्यक्रम के अंत में कलाकारों के द्वारा पेश किया गया छऊ नृत्य पूरे कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा।वही माइंस रेस्क्यू टीम के द्वारा खदान में होने वाले दुर्घटना से बचाव और आपातकालीन सेवा से निपटने को लेकर नाटक प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों के द्वारा पेश किए गए सभी कार्यक्रम एवं नाटक का उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने खूब प्रशंसा की।


## कार्यालय, जिला परिषद, राँची

### -: बंदोबस्ती सूचना :-

कार्यालय जिला परिषद, राँची एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, राँची अन्तर्गत विभिन्न नवनिर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स में अवस्थित खाली दुकानों/हॉलों का आवंटन किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 | भवन/दुकान का नाम | तल | कुल दुकानों की संख्या | क्षेत्रफल | मासिक किराया (रू० में) | जमानत की राशि (रू० में) | आवेदन जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | प्रखण्ड नगड़ी अन्तर्गत जिला परिषद मार्केट कम्पलेक्स में अवस्थित दुकान एवं हॉल । | भू–तल | 9 दुकान | 11'6" x 14'6" = 169.36 sft प्रति दुकान | 2032.00 प्रति दुकान | 50,000.00 प्रति दुकान | 15.03.2025 तक (जिला परिषद कार्यालय, राँची) डाकबन्दोबस्ती की तिथि 17.03.2025 |
| | | प्रथम तल | 1 हॉल | 57'3" x 21'3" = 1220.49 sft | 12,200.00 प्रति हॉल | 1,00,000.00 प्रति हॉल | |
| 2 | प्रखण्ड सोनाहातु अन्तर्गत जिला परिषद मार्केट कम्पलेक्स में अवस्थित दुकान। | प्रथम तल | 11 दुकान (क्रमांक 16, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 29 एवं 30) | 8' x 10' = 80 sft प्रति दुकान | 1,000.00 प्रति दुकान | 50,000.00 प्रति दुकान | 15.03.2025 तक (जिला परिषद कार्यालय, राँची) डाकबन्दोबस्ती की तिथि 18.03.2025 |
| 3 | प्रखण्ड बुण्डू अन्तर्गत जिला परिषद मार्केट कम्पलेक्स में अवस्थित हॉल। | प्रथम तल | हॉल (A) | 2640.15 sft | 34322.00 | 1,00,000.00 | 15.03.2025 तक (जिला परिषद कार्यालय, राँची) डाकबन्दोबस्ती की तिथि 19.03.2025 |
| | | प्रथम तल | हॉल (C) | 1770.58 sft | 23018.00 | 75,000.00 | |
| | | प्रथम तल | हॉल (D) | 1759.00 sft | 22867.00 | 75,000.00 | |
| 4 | प्रखण्ड बेड़ो अन्तर्गत जिला परिषद मार्केट कम्पलेक्स में अवस्थित दुकान एवं हॉल । | भू–तल | 2 दुकान (6 एवं 7) | 20' x 15' = 300.00 sft प्रति दुकान | 3600.00 प्रति दुकान | 50,000.00 प्रति दुकान | 15.03.2025 तक (जिला परिषद कार्यालय, राँची) डाकबन्दोबस्ती की तिथि 20.03.2025 |
| | | | 1 हॉल | 39'6" x 27'3"= 1081.08 sft प्रति हॉल | 12973.00 प्रति हॉल | 1,00,000.00 प्रति हॉल | |
| | | प्रथम तल | 5 दुकान (1, 2, 4, 6 एवं 7) | 20' x 15' = 300.00 sft प्रति दुकान | 3000.00 प्रति दुकान | 50,000.00 प्रति दुकान | |
| | | | 2 हॉल | 19'8" x 27'3"= 540.54 sft प्रति हॉल | 5405.00 प्रति हॉल | 75,000.00 प्रति हॉल | |
| | | | 1 हॉल | 39'6" x 27'3"= 1081.08 sft प्रति हॉल | 10812.00 प्रति हॉल | 1,00,000.00 प्रति हॉल | |
| | | द्वितीय तल | 7 दुकान | 20' x 15' = 300.00 sft प्रति दुकान | 2400.00 प्रति दुकान | 50,000.00 प्रति दुकान | |
| | | | 2 हॉल | 19'8" x 27'3"= 540.54 sft प्रति हॉल | 4324 प्रति हॉल | 75,000.00 प्रति हॉल | |
| | | | 1 हॉल | 39'6" x 27'3"= 1081.08 sft प्रति हॉल | 8649 प्रति हॉल | 1,00,000.00 प्रति हॉल | |
| | | तृतीय तल | 7 दुकान | 20' x 15' = 300.00 sft प्रति दुकान | 2400.00 प्रति दुकान | 50,000.00 प्रति दुकान | |
| | | | 2 हॉल | 19'8" x 27'3"= 540.54 sft प्रति हॉल | 4324 प्रति हॉल | 75,000.00 प्रति हॉल | |
| | | | 1 हॉल | 39'6" x 27'3"= 1081.08 sft प्रति हॉल | 8649 प्रति हॉल | 1,00,000.00 प्रति हॉल | |

नोट :– उपरोक्त नवनिर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स मे अवस्थित खाली दुकानों/ हॉलों का आवंटन से संबंधित अन्य शर्तें जिला परिषद, राँची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, राँची

PR 347507 Panchayati Raj (24-25)_D



## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।

### बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को आम सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रमांक 1 से 18 का वित्तिय वर्ष 2025–2026 (01.04.2025 से 31.03.2026 तक) के लिए बन्दोवस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक17.03.2025 को 12:00 पूर्ववाहन बजे से नगर निगम सभागार में आयोजित की जायेगी इच्छुंक व्यक्ति दिनांक04.03.2025 से 11.03.2025 तक नगर निगम कार्यालय में आवेदन के साथ शुल्क जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है:–

| क्र.स. | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राईवेट टैक्सी स्टैण्ड की निलामी। | 2025–2026 | 8,78,000 | 87,800 |
| 2 | सदर थाना के सामने दो पहिया वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 4,29,000 | 42,900 |
| 3 | मालवीय मार्ग दक्षिण मुख्य नाला स्लैब पर टैम्पु वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 1,26,000 | 12,600 |
| 4 | खिरगाँव डम्पिंग ग्राउण्ड में स्थित वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 4,92,000 | 49,200 |
| 5 | गुरू गोविन्द सिंह पार्क के सामने दोनो तरफ वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 3,25,000 | 32,500 |
| 6 | बैंक ऑफ बडौदा के समाने दो पहिया वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 78,750 | 7,875 |
| 7 | पुराना समाहरणालय परिसर के खाली स्थानो में वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 2,62,000 | 26,200 |
| 8 | गाँधी मैदान मटवारी में निगम मार्केट के सामने एवं पीछे वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 2,27,000 | 22,700 |
| 9 | सब्जी बाजार की निलामी। | 2025–2026 | 86,50,000 | 8,65,000 |
| 10 | सरकारी बस स्टैण्ड की निलामी। | 2025–2026 | 4,80,000 | 48,000 |
| 11 | स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य शाखा के सामने वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 1,87,950 | 18,795 |
| 12 | कचहरी रोड/वकालत खाना रोड में वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 4,10,000 | 40,100 |
| 13 | आनन्दा कॉलेज गेट से गिरधारी साव के घर तक वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 2,88,000 | 28,800 |
| 14 | बैक ऑफ इण्डिया के समीप वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 72,750 | 7,275 |
| 15 | इन्द्रपूरी से पुलिस लाईन के बीच पश्चिम तरफ की वाहन पडाव निलामी। | 2025–2026 | 1,18,000 | 11,800 |
| 16 | गुरू गोविन्द सिंह रोड उर्दू स्कुल के सामने दो पहिया एवं टेम्पू वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 9,20,000 | 92,000 |
| 17 | पोस्ट ऑफिस के सामने दो पहिया की वाहन पडाव की निलामी। | 2025–2026 | 62,500 | 6,250 |
| 18 | त्रिमूति चौक के पास वाहन पडाव निलामी। | 2025–2026 | 2,99,000 | 29,900 |

–डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगर निगम, हजारीबाग के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।

–किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

–सफल डाकवक्ता द्वारा बिना निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।

–डाक की शेश नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग।

PR 347497 Urban Development and Housing(24-25)D

## कल्याण ज्वैलर्स ने देवघर में नए शोरूम के साथ झारखंड में अपनी उपस्थिति मजबूत की



**देवघर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांड में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने आज देवघर में राम रतन बख्शी रोड पर अपना नया शोरूम लॉन्च किया। नया और शानदार शोरूम झारखंड में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करता है, जिसमें विभिन्न संग्रहों से डिज़ाइन की एक विस्तृत श्रृंखला है। वर्तमान में, ज्वैलरी ब्रांड राज्य के सभी प्रमुख बाजारों में मौजूद है - धनबाद, गिरिडीह, रांची, जमशेदपुर। नए शोरूम के बारे में बात करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरामन ने कहा, देवघर में हमारे नए कल्याण ज्वैलर्स शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो हमारे ग्राहकों की अनूठी जरूरतों को पूरा करता है, उनके खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाता है।

## पेरिस के पर्यटकों ने मानभूम छऊ के बारिकियों से हुए अवगत



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नटराज कला केन्द्र चोगा पहुंचे फ्रांस के पेरिस शहर के पर्यटकों ने मानभूम छऊ संस्कृति का अवलोकन किया। पेरिस शहर के मिसेज मोनिक, मिसेज अनिस एवं साथियों ने नटराज कला केन्द्र चोगा के कलाकारों से छऊ का मुखौटा निर्माण,छऊ कलाकारी,भाव भंगिमा, वाद्य यंत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। वहीं कलाकारों ने गणेश बंदना एवं महिषासुर बंध का छऊ का भी प्रदर्शन कर पर्यटकों को मानभूम छऊ का भाव भंगिमा से अवगत कराया। पेरिस शहर के पर्यटक छऊ और मुखौटा से आत्म विभोर हुए एवं अपने शहर में कलाकारों को आमंत्रित करने का भरोसा दिया। वहीं मिसेज अनिस ने कहा कि यहां के वेद पुराण पर आधारित कथा को मुखौटा पहनकर छऊ नृत्य का यह कला संस्कृति अद्भुत है।

## मायुमं स्टील सिटी शाखा ने टाटानगर रेलवे स्टेशन पर लगाया स्थायी अमृतधारा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा समाज सेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मंच का 47वां एवं सत्र 2024-25 का 10वां स्थायी अमृतधारा टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर लोकार्पित किया गया। इस पहल को स्व. बैद्यनाथ चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट, पश्चिम बंगाल एवं पूर्वी जिला अग्रवाल सम्मेलन के सौजन्य से संपन्न किया गया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव आलोक अग्रवाल, मनीष चौधरी, लिप्पू शर्मा, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी) और राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अमृतधारा लगाने का उद्देश्य यात्रियों और आमजन को शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की सुविधा प्रदान करना है, जिससे खासतौर पर गर्मी के दिनों में यात्रियों को राहत मिलेगी।

## पटमदा के माहलीपाड़ा में शहीद निर्मल महतो स्मृति मेला संपन्न



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के माहलीपाड़ा गांव में शुक्रवार को वीर शहीद निर्मल महतो स्मृति मेला का आयोजन किया गया। इसमें हर साल की भांति इस साल भी छऊ नृत्य एवं मुर्गा पाड़ा शांतिपूर्ण ढंग से समापन हुआ। मेला में मुर्गा पाड़ा के विजेता जाल्ला गांव निवासी बसंत सोरेन को जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने साइकिल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मुखिया जामिनी बेसरा, झामुमो नेता समीर महतो, बिंदु वाला महतो, मकसूद अंसारी, विभूति महतो, वैशिष्ठ महतो, श्रावण राजवाड़, सुनील महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण की मिसाल : जन्मदिन पर प्राचार्य ने किए पौधों का वितरण



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने शनिवार को अपने जन्म दिवस के मौके पर एक अनोखी पहल की शुरुआत की। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और पदाधिकारियों को पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें ऑक्सीजन देते हैं, वायु प्रदूषण को कम करते हैं और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। पटमदा प्रखंड के अंचल अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार दास ने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही अच्छी पहल है। हमें अपने छात्रों को भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित करना चाहिए। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## बोड़ाम में विधायक ने किया 150 बच्चों के बीच साइकिल वितरण



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से उन्नति का पहिया योजना के तहत शनिवार को बोड़ाम प्रखंड मुख्यालय परिसर में विधायक मंगल कालिंदी ने 150 बच्चों के बीच साइकिलों का वितरण किया। इसमें प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय माधवपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ाचिड़का व उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखरिया के 8वीं कक्षा के 150 विद्यार्थी शामिल थे। विधायक ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रहे हैं, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थी उठा सकते हैं। मौके पर बोड़ाम बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत कुमार रंजन, प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह, कांग्रेस नेता किशनलाल महतो, झामुमो नेता छुटुलाल हांसदा, अंगद सिंह, विनय मंडल व श्यामसुंदर सिंह समेत तीनों स्कूलों के शिक्षकगण मौजूद थे।

## खनन विभाग का चला डंडा, बालू लदा ट्रैक्टर भागते हुए पलटी, जब्त



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को जिला खनन विभाग द्वारा अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान एक बालू लदे ट्रैक्टर भाग रहा था, जहां टीकर के समीप पलट गया। ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में सफल रहा। ट्रैक्टर पलटते ही खनन निरीक्षक समीर कुमार ओझा मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को जप्त कर ईचागढ़ थाना को सौंप दिया। खनन निरीक्षक श्री ओझा ने जारगोडीह स्थित जेएस एम डीसी के बालू घाट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार अवैध बालू व अन्य खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इधर थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे के द्वारा अहले सुबह एक बालू लदे हाइबा को जप्त किया गया एवं आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

# जुबली पार्क में आकर्षक लाइटिंग का नजारा आज से 5 मार्च तक

### - चेयरमैन एन चंद्रशेखरन करेंगे लाइटिंग का उद्घाटन, शहर के चौक-चौराहे पर की जाएगी आकर्षक लाइटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 3 मार्च 2025 को टाटा स्टील अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष के संस्थापक दिवस की थीम है बाजार, तकनीक और लागत में नेतृत्व रखा गया।

इसको लेकर जुबली पार्क, शहर के चौके चौराहे, ऐतिहासिक बिल्डिंग में आकर्षक लाइटिंग की गई है. टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन दो मार्च की शाम करीब साढ़े छः बजे जुबली पार्क में लाइटिंग का उद्घाटन करेंगे. इस वर्ष का थीम लीडरशिप रखा गया है. टाटा स्टील की ओर से शुक्रवार की शाम सेंटर फॉर एक्सीलेंस ऑडिटोरियम में आयोजित प्रेसवार्ता में कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने कहा कि इस वर्ष संस्थापक दिवस का थीम लीडरशिप रखा गया है. उन्होंने कहा कि जुबिली पार्क, शहर के चौके चौराहे, ऐतिहासिक बिल्डिंग में आकर्षक लाइटिंग की गई है. इन प्रदर्शनों में उपयोग की जाने वाली रंगीन रोशनी न केवल शहर को सुंदरता को बढ़ाएगी बल्कि इस अवसर को यादगार भी बनाएगी. उन्होंने कहा कि संस्थापक दिवस पर जुबली पार्क, टाटा स्टील जनरल ऑफिस वर्क्स, पोस्टल पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि एसएनटीआई में जो प्रदर्शनी प्रत्येक वर्ष लगायी जाती थी इस बार नहीं लगायी जाएगी. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तरह लाइटिंग की गई है इसमें किसी तरह की कमी नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई. टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्टचर सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने कहा कि आम लोगों के लिए जुबली पार्क में 5 मार्च तक लाइटिंग रहेंगी. लोग शाम पांच बजे से 11 बजे तक लाइटिंग का आनंद ले सकते हैं. वाहनों से जुबिली पार्क घूमने वाले रात दस बजे से 11 बजे तक घूम सकते हैं. उनहोंने कहा कि शहरवासी 3 से 5 मार्च तक साइटिंग का आनंद लेंगे. तीन मार्च को जमशेदपुर वर्क्स मेन गेट पर संस्थापक दिवस समारोह मनाया जाएगा।

**इन जगहों पर होगी आकर्षक : लाइटिंगी:** दोराबजी पार्क के पास लेडी गांधी गोलचकर, डोबी गोलसकर, सीएस एरिया गोलचकर, सेंटर प्वाइंट गोलचकर, बेलडीह चर्च चौराहा, आदित्यपुर खरकई पुल चौराहा, एटीबीसीएल चौराहा, जेआरडी टाटा गोलचकर शांति हरि टॉवर के सामने गोलचकर, बाग-ए-जमशेद गोल चक्कर, जुबली पार्क साकची गेट गोलचक्कर, लिंक रोड चौराहा, टीएसएल चौराहा, पी एन बोस गोलचकर, बमरिया गेस्ट हाउस चौराहा, मानगी चौराहा, कदमा गोलचकर, टिनप्लेट चौराहा, आरएमसीई बौराहा, बेल्डीह सर्च चौराहा, टीएमएच गोलचकर, रीगल गोलचकर, साकची गोलचक्कर, टाटा पिगमेंट गोलचकर, पोस्टल पार्क गोलचकर, जी टी हॉस्टल एक गीलचकर, जुस्को गोलचकर, गणेश पूजा मैदान चौराहा, वोल्टास गोलभवकर, पुराना कोर्ट चौराहा, आरपीएच चौराहा में लाइटिंग की गई है. वहीं 18 में टाटा स्टील, रिटेज भवनों की रोशनी की गई जिनमें राटा वर्कर्स यूनियन, जुस्को श्रमिक यूनियन, टीएमएच, टाटा स्टील यूआईएसएल, सेंटर फॉर एक्सीलेंस, टाटानगर रेलवे स्टेशन, आरडी टाटा संस्थान, यहा पिंगमेंट गेट, स्कूल ऑफ होप, पारसी टेम्पल क्लॉक टॉवर गोलमुरी गोल्फ कोर्स, डी सी कार्यालय, एसएसपी कार्यालय, चमरी गेस्ट हाउस, केएमपीएम कॉलेजव जेएनटीपीटीआई में लाइटिंग की गई.

**इन पार्कों में की गई लाइटिंग :** दोराबजी टाटा पार्क, पोस्टल पार्क, बिरसा मुंडा पार्क, दोराबजी पार्क में लाइटिंग की जाएगी. शहरबासी लेंगे लेजर शो का आनंद टाटा स्टील के संस्थापक दिवस पर जमशेदपुरवासी लेजर शो का आनंद लेंगे जो 3 से 5 मार्च तक किया गया है, जिसका समय इस प्रकार है.

**पहला शो :** शाम 7 बजे से 7.30 तक

**दूसरा शो :** शाम 8 बजे से 8.30 तक

**तीसरा शो :** शाम 9.00 बजे से 9.30 तक रहेगा

## पटमदा डिग्री कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज के सभागार में शनिवार को कुड़माली, संथाली, हिंदी, अंग्रेजी और बांग्ला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। मौके पर विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य और गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बांग्ला विभाग विभाग की अध्यक्ष डॉ. गीता चक्रवर्ती, हिंदी विभाग के डॉ. शालिग्राम मिश्र, कुड़माली विभाग के डॉ. भुवनेश्वर कुमार, संथाली विभाग के श्रीकांत माझी और अंग्रेजी विभाग के कृत्तिवास महतो उपस्थित थे। वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए, मातृभाषा का सम्मान तभी होगा जब हम अधिक से अधिक स्थानों पर अपनी मातृभाषा का प्रयोग करेंगे। मौके पर छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्याख्याता माधुरी, टीआर चंद्रशेखर महतो, शाश्वती महतो, संगीता महतो, सुभद्रा महतो, डॉ. गौतम गोराई, डॉ. कमल कुमार महतो, बी विनायक, अभिराम महतो व धरित्री के अलावा कॉलेज के कर्मचारी एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अफीम खेती करने के आरोप में दो गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के आमड़ा मुंडा टोला से शनिवार को दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ईचागढ़ पुलिस आमड़ा मुंडा टोला निवासी मेनुअल पूर्ति 35 वर्ष एवं एनएम पूर्ति 55 वर्ष को अफीम खेती करने के खिलाफ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार अफीम खेती करने एवं कराने में संलिप्त रहने के खिलाफ ईचागढ थाना में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि अफीम खेती के खिलाफ लगातार कारवाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अफीम खेती करने वाले अपने से खेती नष्ट करने वाले पर कारवाई नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बार बार चेतावनी के बाद भी अफीम खेती नष्ट नही करने वाले पर कारवाई कर जेल भेजा जाएगा।

## टाटा स्टील ने प्रेम ज्योति प्रांगण स्कूल के लिए नया बुनियादी ढांचा किया तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने प्रेम ज्योति प्रांगण स्कूल के लिए एक नया भवन बनाया है, जो समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को समर्पित है। इस भवन का उद्घाटन पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्या मित्तल , कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी और टाटा स्टील, टीएसयूआईएसएल और प्रेम ज्योति प्रांगण स्कूल के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया। यह स्कूल पहले जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्थित था। नॉर्दर्न टाउन में पुराने बीएसएनएल कार्यालय के पास स्थित इस स्कूल को 1.2 एकड़ के भूखंड पर बनाया गया है, जिसमें 13 स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और कंप्यूटर लैब और एक लाइब्रेरी है। यह दो मंजिलों में बना है, जो लगभग 17,000 वर्ग फीट के निर्मित क्षेत्र को कवर करता है। नए परिसर में हरियाली, पार्किंग और खेल के मैदान के लिए पर्याप्त जगह है, जो 600 छात्रों के लिए एक विशाल और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करता है। यह सुविधा व्यापक अग्नि पहचान, अग्नि अलार्म और अग्निशमन प्रणालियों से सुसज्जित है, जो सुरक्षा और आधुनिक भवन मानकों के अनुपालन को प्राथमिकता देती है।

## पदाधिकारियों का प्रखंड भ्रमण, जन वितरण प्रणाली दुकान का किया औचक निरीक्षण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पर्यवेक्षण तथा अनुश्रवण हेतु प्रखंडों के लिए नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक शनिवार को सभी नोडल द्वारा पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जाता है । इसी क्रम में जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेशानुसार सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों ने आज पांच-पांच जन वितरण प्रणाली दुकान दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, राशन कार्डधारियों द्वारा खाद्यान्न का उठाव, स्टॉक में खाद्यान्न की स्थिति, आधार सीडिंग आदि की जांच की गई तथा इसके अलावा पीडीएस दुकान के माध्यम से वितरित की जाने वाली अन्य सामग्री के वितरण की अद्यतन स्थिति की जांच की गई। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने घाटशिला, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार ने बोड़ाम, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद ने पटमदा, एसओआर राहुल आनन्द ने धालभूमगढ़, एलआरडीसी घाटशिला नीत निखिल सुरीन ने बहरागोड़ा, एलआरडीसी धालभूम गौतन कुमार ने पोटका, जिला पंचायत राज पदाधिकारी रिंकू कुनारी ने जे.एन.ए.सी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने डुमरिया, डीटीओ धनंजय ने जुगसलाई नगर परिषद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग ने गुड़ाबांदा समेत अन्य नोडल पदाधिकारियों ने पीडीएस दुकानों की जांच किया। पदाधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया कि लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध हो, साथ ही सभी लाभुकों को बिना किसी कटौती के खाद्यान्न मिले।

## सीतारामपुर डैम से सटे मीरूडीह बस्ती में बन रहा कचरा ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का ग्रामीणों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के सीतारामपुर डैम से सटे मीरूडीह बस्ती में कचरा ट्रीटमेन्ट प्लान्ट को जनहित में अविलम्ब रोकने की मांग को लेकर बस्तीवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बस्तीवासियों ने बताया कि आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के सीतारामपुर डैम से पूरे आदित्यपुर के साथ जुगसलाई, बागबेड़ा, गम्हरिया के कई इलाकों में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। बताया गया है कि सीतारामपुर डैम करीब 192 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। ऐसे में सीतारामपुर डैम से ठीक सटे वार्ड 9 स्थित मीरूडीह बस्ती में आदित्यपुर नगर निगम द्वारा कचरा ट्रीटेन्ट प्लान्ट का निमार्ण की योजना है। इसके लिए चहारदीवारी निर्माण हेतु गड्ढा खोदा जा रहा है जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। बस्तीवासियों ने बताया कि जहां खुदाई हो रही है वह सीतारामपुर डैम का कैचमेंट एरिया है। बरसात में कचरा ट्रीटमेंट प्लांट का पानी वहां से बहकर सीतारामपुर डैम में ही जाता है। जब बरसात में डैम पूरी तरह भर जाता है तो उसका क्षेत्रफल बढ़ जाता है। सिचाई विभाग के द्वारा गांजिया बराज से सीतारामपुर डैम में पाइप लाइन के द्वारा जलस्तर को बनाए रखने के लिए पानी लाने की व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि कचरा ट्रीटमेन्ट प्लांट के लिए जो जगह चयनित हुआ है वह सीतारामपुर डैम से मात्र 30 से 50 मीटर की दूरी पर है। एनजीटी नियम के अनुसार, किसी भी जलस्रोत से 500 मीटर की दूरी तक प्रदूषित वस्तुओं को इकट्ठा करना वर्जित है क्योंकि प्रदूषित वस्तु का अंश बरसात के पानी के साथ मिलकर जलाशय में जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि प्रस्तावित प्लांट के आसपास अधिकतर रैयती जमीन है जिसमें वे खेती करते है। कचरा प्लांट के दुष्प्रभाव से उनकी खेती भी बर्बाद होने की संभावना है। ग्रामीणों ने उपायुक्त और एसडीओ से एनजीटी के नियम को सख्ती से पालन करते हुए मीरूडीह में बनाए जा रहे कचरा ट्रीटमेंट प्लांट की योजना को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग किया है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांड्रा मेन रोड पर फुटपाथी दुकानों में लगी आग



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते शुक्रवार की देर रात कांड्रा मेन रोड स्थित चार फुटपाथी दुकानों में आग लगने से आसपास के दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। इस आगलगी में दो दुकाने पूरी तरह जलकर राख हो गई जबकि दो दुकान को आंशिक नुकसान पहुंचा है। घटना बीते शुक्रवार की रात्रि करीब दो बजे की बताई गई है। आग लगने के स्पष्ट कारण का पता नहीं चल पाया है। मौके पर पहुंची कांड्रा थाना पुलिस की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा यह विकराल रूप ले सकती थी। बताया गया है कि सबसे पहले कांड्रा थाना के गश्ती दल द्वारा दुकानों में आग लगा देख तत्काल आधुनिक पॉवर कंपनी की अग्निशामक वाहन को सूचना दी गई। सूचना के बाद वहां पहुंची अग्निशामक दल द्वारा करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उंक्त आग पर काबू पाया गया।

## टाटा स्टील ने जमशेदपुर में पालतू श्मशान गृह किया समर्पित




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा स्टील ने जुबली पार्क, जमशेदपुर में डॉग केनेल के पास एक पालतू श्मशान गृह की स्थापना की है। यह सुविधा पालतू जानवरों के मालिकों को पालतू जानवरों के अवशेषों के निपटान के लिए एक सम्मानजनक, सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करती है। इस सुविधा का उद्घाटन कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी और जमशेदपुर केनेल क्लब की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन ने टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया। तीन हजार रुपये के दाह संस्कार शुल्क के साथ, यह पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता मानकों को बनाए रखते हुए पालतू जानवरों (50 किलोग्राम वजन सीमा के भीतर) को एक किफायती और दयालु विदाई प्रदान करती है।

## आईटीसी बिंगो टेढ़े मेढ़े का भोजपुरी म्यूजिक वीडियो लॉन्च




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** आईटीसी का लोकप्रिय स्नैकिंग ब्रांड, बिंगो टेढ़े मेढ़े ने सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के साथ बनाए गए धमाकेदार भोजपुरी म्यूजिक वीडियो 'टेढ़े मेढ़े' के लॉन्च के साथ अपने क्षेत्रीय जुड़ाव को और गहरा कर रहा है। आईटीसी फूड्स में नूडल्स और पास्ता के वाइस-प्रेजिडेंट और हेड ऑफ़ मार्केटिंग स्नैक्स, सुरेश चंद ने कहा कि अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो के लॉन्च के साथ, ब्रांड का लक्ष्य बिहार और उत्तर प्रदेश की अद्भुत संस्कृति और युवाओं के होंसले का जश्न मनाते हुए अपने मजबूत क्षेत्रीय जुड़ाव को और भी मजबूत करना है।

## प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा आयोजित मीडिया कप क्रिकेट में सुवर्णरेखा बना चैंपियन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सुवर्णरेखा एकादश ने मीडिया कप क्रिकेट 2025 का खिताब जीत लिया है। कीनन स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मैच में सुवर्णरेखा एकादश ने खरकई एकादश को आठ विकेट से हरा दिया। खरकई मे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 179 रनों का स्कोर खड़ा किया। देवाशीष ने 46 गेंदों पर 63 रन, कुवंर हेब्रम ने 37 गेंदो पर 46 रनों की पारी खेली। रणधीर ने 26 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुवर्णरेखा एकादश ने 18.1 ओवर में दो विकेट पर 182 रन बनाकर मैच जीत लिया। आनंद कुमार ने 43 गेंदो पर 60 रन, रणधीर सिंह ने 39 गेंदो पर 61 रन बनाए। अमित केसरी के एक विकेट मिला। अभिषेक सिंह को प्लेयर ऑफ द सीरीज, रणधीर को प्लेयर ऑफ द मैच और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, ललित को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। हुडको और दोमुहानी को संयुक्त रुप से फेयर प्ले ट्रॉफी दी गई।

## पुआल के ढेर में लगी आग

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद गांव में सुरेन्द्र नाथ महतो का पुआल के ढेर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही पुआल जलकर राख हो गया। किसान सुरेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे अचानक जलने की गंध आया तो बाहर देखा तो पुआल चक्की में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के साथ पंप सेट लगाकर पानी देकर अगल बगल के घरों को बचा लिया गया।

# विचार प्रवाह

संपादकीय

## महाकुंभ के संदेश को समाज में उतारें

**प्रयागराज** में सनातनी आस्था के महापर्व महाकुंभ-2025 ने वैश्विक स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजन की नई ऊंचाईयों का कीर्तिमान बना दिया है। महाकुंभ में देश-दुनिया से जिस तरह आस्था का जनसैलाब उमड़कर पहुँचा, उसने भारतीय संस्कृति का परचम दुनिया भर में लहराया। कहना होगा कि योगी सरकार ने जिस प्रकार की व्यवस्थाएं महाकुंभ को सफल बनाने एवं श्रद्धालुओं की सहूलित के लिए की, उनके भी लोगों का उत्साह और आनंद बढ़ा। प्रयागराज में पवित्र स्नान का पुण्य लाभ लेकर जब श्रद्धालु अपने स्थान पर पहुँचते और विभिन्न माध्यमों से अपनी अनुभूति एवं महाकुंभ की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते, तब अन्य लोग भी महाकुंभ के साक्षी बनने एवं पवित्र स्नान के लिए उत्साहित होते। यह पहली बार था, जब प्रतिदिन रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुँच रहे थे। महाशिवरात्रि पर महाकुंभ के समापन के साथ जो आंकड़ा सामने आया है, उसके अनुसार- प्रयागराज महाकुंभ में 67 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ में जिस प्रकार इसे एकात्मता का महाकुंभ बताया था, उसकी अनुभूति देश-दुनिया ने की है। सबने एक साथ एक घाट पर एक संगम में स्नान किया। किसी भी प्रकार का भेदभाव कहीं दिखायी नहीं दिया। महाकुंभ के इस संदेश को हमें अपने सामाजिक चरित्र में इसी प्रकार उतार लेना चाहिए। कोई हमें कितना भी बाँटने की कोशिश करे, उन्हें एक ही आवाज सुनायी देनी चाहिए- हम सब हिन्दू एक हैं। महाकुंभ की सीख को अपने आचरण में उतारना ही सच्चे अर्थों में कुंभ स्नान है। बहरहाल, प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना को छोड़कर बड़े पैमाने पर लोगों के पहुंचने से इस बड़ा स्वरूप मिला। यह एक सफल आयोजन रहा। भगदड़ के बाद हिन्दू विरोधियों ने जिस प्रकार से महाकुंभ को बदनाम करने का प्रयास किया और सरकारी प्रयासों को कमतर दिखाने की कोशिश की, उस सबको धता बताकर हिन्दू समाज ने अपने आस्था का प्रदर्शन किया और योगी सरकार पर भरोसा जताया। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार के प्रबंधन पर भरोसा करके ही अनेक प्रकार के नकारात्मक नैरेटिव को नजरअंदाज करके करोड़ों की संख्या में लोग वहाँ पहुँचे। कहना होगा कि आगे होने वाले कुंभ आयोजनों के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ी लकीर खींच दी है। यही वजह है कि प्रयागराज महाकुंभ के समापन से पहले ही महाराष्ट्र सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी थीं। इधर, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उज्जैन में होनेवाले महाकुंभ की तैयारियां प्रारंभ कर ही चुके हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नासिक कुंभ मेला 2027 को हाईटेक बनाने का संकल्प लिया है। हालांकि, सरकारों को यह बात भी ध्यान रखनी है कि कुंभ हमारी आस्था का समागम है, यह किसी प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा नहीं है। इसलिए सब प्रकार की बातों का ध्यान करके ही योजना बनानी चाहिए। कुंभ हमारे लिए अपनी गौरवशाली परंपरा की दिव्य अनुभूति करने का प्रसंग होता है। इस विचार को प्राथमिकता में रखकर हम अपनी तैयारी करें। निःसंदेह, नासिक कुंभ भी हमें एक बार फिर आध्यात्मिकता के शिखर पर लेकर जाएगा।

महाकुंभ में देश–दुनिया से जिस तरह आस्था का जनसैलाब उमड़कर पहुँचा, उसने भारतीय संस्कृति का परचम दुनिया भर में लहराया। कहना होगा कि योगी सरकार ने जिस प्रकार की व्यवस्थाएं महाकुंभ को सफल बनाने एवं श्रद्धालुओं की सहूलित के लिए की, उनके भी लोगों का उत्साह और आनंद बढ़ा। प्रयागराज में पवित्र स्नान का पुण्य लाभ लेकर जब श्रद्धालु अपने स्थान पर पहुँचते और विभिन्न माध्यमों से अपनी अनुभूति एवं महाकुंभ की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते, तब अन्य लोग भी महाकुंभ के साक्षी बनने एवं पवित्र स्नान के लिए उत्साहित होते। यह पहली बार था, जब प्रतिदिन रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुँच रहे थे। महाशिवरात्रि पर महाकुंभ के समापन के साथ जो आंकड़ा सामने आया है, उसके अनुसार– प्रयागराज महाकुंभ में 67 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ में जिस प्रकार इसे एकात्मता का महाकुंभ बताया था, उसकी अनुभूति देश–दुनिया ने की है। सबने एक साथ एक घाट पर एक संगम में स्नान किया। किसी भी प्रकार का भेदभाव कहीं दिखायी नहीं दिया। महाकुंभ के इस संदेश को हमें अपने सामाजिक चरित्र में इसी प्रकार उतार लेना चाहिए। कोई हमें कितना भी बाँटने की कोशिश करे, उन्हें एक ही आवाज सुनायी देनी चाहिए– हम सब हिन्दू एक हैं। महाकुंभ की सीख को अपने आचरण में उतारना ही सच्चे अर्थों में कुंभ स्नान है।

### मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी बीमारियों के विकास के जोखिम को बढ़ाता है और वज़न बढ़ाता है

## प्रोसेस्ड, फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएँ

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही है, जैसे मोटापा, टाइप 2 मधुमेह और हृदय सम्बंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण सम्बंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। क्योंकि यह मोटापे, खराब पोषण और अस्वास्थ्यकर खाने के पैटर्न को बढ़ावा देता है, फास्ट फूड का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य और खाने की आदतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

**भारत** की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही है, जैसे मोटापा, टाइप 2 मधुमेह और हृदय सम्बंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण सम्बंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। क्योंकि यह मोटापे, खराब पोषण और अस्वास्थ्यकर खाने के पैटर्न को बढ़ावा देता है, फास्ट फूड का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य और खाने की आदतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। फास्ट फूड, जिसमें कैलोरी, चीनी और खराब वसा अधिक होती है, मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी बीमारियों के विकास के जोखिम को बढ़ाता है और वज़न बढ़ाता है। फास्ट फूड के लगातार सेवन से बच्चे स्वस्थ खाद्य पदार्थों की तुलना में प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे संतुलित आहार खाने और पौष्टिक भोजन चुनने की उनकी संभावना कम हो जाती है। आजकल, बहुत से युवा फास्ट फूड को पसंद करते हैं क्योंकि यह सुविधाजनक, स्वादिष्ट और जल्दी बनने वाला होता है। इसके नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जानते हुए भी वे इसे खाना जारी रखते हैं। व्यस्त जीवन शैली में, फास्ट फूड को जल्दी से जल्दी खाना सुविधाजनक है। वे भीड़ का अनुसरण करते हैं क्योंकि उनके दोस्त भी इसे पसंद कर सकते हैं। फास्ट फूड रेस्तरां अपने भोजन में स्वाद और सुगंध भी मिलाते हैं, जिससे यह अविश्वसनीय रूप से स्वादिष्ट और लगभग नशे की लत बन जाता है। इसके अस्वास्थ्यकर तत्वों, जैसे अत्यधिक वसा और चीनी के बारे में जानने के बाद भी, उन्हें फास्ट फूड की लालसा का विरोध करना मुश्किल लगता है। फास्ट फूड कंपनियाँ अपने उत्पादों को कूल और मनोरंजक दिखाने के लिए भ्रामक विज्ञापन का उपयोग करती हैं, जो एक



और कारक है। मशहूर हस्तियों और यादगार नारों का उपयोग ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है, खासकर युवा लोगों का। अपनी बुद्धिमत्ता और शिक्षा के बावजूद, लोग कभी-कभी अपने स्वास्थ्य पर संभावित हानिकारक प्रभावों पर विचार करने के बजाय फास्ट फूड खाने को प्राथमिकता देते हैं। वे ऐसे पेश आते हैं जैसे उन्हें पता है कि यह सबसे अच्छा विकल्प नहीं है, लेकिन फिर भी वे इसे चुनते हैं क्योंकि यह बहुत सरल और आकर्षक है। इसलिए, बहुत से लोग अभी भी ख़ुद को फास्ट फूड की ओर आकर्षित पाते हैं, भले ही वे इनका नुकसान जानते हों। चूँकि लोग घर के बने खाने की जगह सुविधाजनक भोजन चुन रहे हैं, इसलिए खान-पान की आदतें बदल रही हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में युवा लोग ज़्यादा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। बाजरा जैसे पारंपरिक अनाज की जगह रिफ़ाइंड अनाज और पैकेज्ड खाद्य पदार्थ ले रहे हैं। बाजरा की खपत को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 2023 में अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष की शुरुआत की थी। प्रोसेस्ड, उच्च वसा, उच्च चीनी वाले पश्चिमी आहार की बढ़ती संख्या पारंपरिक संतुलित भोजन की जगह ले रही है। मैकडॉनल्ड्स, केएफसी और डोमिनोज़ के तेज़ी से बढ़ने के कारण भारत में शहरी खान-पान की आदतें बदल गई हैं। वैश्वीकरण के कारण खाद्य संस्कृति के एकरूपीकरण के कारण, क्षेत्रीय व्यंजन अपनी विशिष्टता खो रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में किण्वन-आधारित आहार और अन्य पारंपरिक खाना पकाने की तकनीकें लोकप्रिय नहीं हो रही हैं। खान-पान की बदलती आदतों के कारण, त्योहारों और धर्मों की पाक परंपराएँ अपना महत्त्व खो रही हैं। आयुर्वेदिक और सात्विक आहार जो हिंदू रीति-रिवाजों का एक प्रमुख हिस्सा हैं, उनकी जगह आधुनिक आहार ले रहे हैं। पारंपरिक खान-पान की प्रथाएँ, पारिवारिक भोजन और सामाजिक बंधन सभी फास्ट-फ़ूड संस्कृति से प्रभावित हो रहे हैं। अकेले खाने और स्विगी और ज़ोमैटो जैसी ऑनलाइन भोजन वितरण सेवाओं के बढ़ने के परिणामस्वरूप लोगों के साथ मिलकर खाने का तरीक़ा बदल गया है। वैश्विक खाद्य श्रृंखलाओं के परिणामस्वरूप स्ट्रीट वेंडर और स्वदेशी खाद्य कारीगर चुनौतियों का सामना करते हैं। यूनेस्को ने मुंबई की स्ट्रीट फ़ूड संस्कृति को स्वीकार किया है, लेकिन शहरी आधुनिकीकरण इसे खतरे में डाल रहा है। कुपोषण और स्वास्थ्य प्रभावः अधिक प्रसंस्कृत भोजन खाने के परिणामस्वरूप, हृदय रोग, मधुमेह और मोटापे में वृद्धि हुई है। आहार सम्बंधी आदतों में बदलाव के कारण भारत में 101 मिलियन मधुमेह रोगी हो गए हैं। खपत के पैटर्न में बदलाव के कारण पारंपरिक फसलों की मांग में कमी आई है, जिसका असर किसानों के मुनाफे पर पड़ा है। नीति आयोग (2022) के अनुसार, ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था को बनाए रखने के लिए फ़सल विविधीकरण महत्त्वपूर्ण है। छोटे पैमाने के खाद्य व्यवसाय, पारंपरिक भोजनालय और पड़ोस के खाद्य विक्रेता सभी वैश्विक खाद्य श्रृंखलाओं से प्रभावित हैं। 2017 के खाद्य लाइसेंसिंग विनियमों के कारण, छोटे, पारंपरिक रेस्तरां को बंद करना पड़ा। फ़ार्म-टू-टेबल कार्यक्रम और जैविक खेती के प्रति-आंदोलन आकार लेने लगे हैं। भारतीय खाद्य उत्पादों को जैविक भारत पहल द्वारा प्रमाणित जैविक होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। स्थानीय खाद्य सामर्थ्य वैश्विक खाद्य प्रवृत्तियों से प्रभावित होता है जो आयात पर निर्भरता बढ़ाते हैं। गेहूँ और पाम ऑयल के लिए आयात लागत में वृद्धि का घरेलू खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। अपनी नींव को बनाए रखते हुए, भारत की विविध पाक संस्कृति को बदलना होगा। टिकाऊ खाद्य नीतियों, देशी फसलों के समर्थन और संतुलित आहार जागरूकता के कार्यान्वयन के माध्यम से आधुनिकीकरण द्वारा पारंपरिक खाद्य विविधता और सांस्कृतिक पहचान को कम करने के बजाय बढ़ाया जा सकता है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि कभी-कभार फास्ट फूड खाने से आपके सामान्य स्वास्थ्य पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। दूसरी ओर, नियमित रूप से फास्ट फूड खाने से अंततः कई स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं।

दृष्टि कोण

## साफ होनी चाहिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दिमागी गंदगी?

**कुछ** लोग ह्यूमर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफी मांग लेते हैं। लेकिन सवाल ये है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफ़ी मांग लेना काफ़ी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? ऐसे लगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन साथ ही में जनता उनके सभी चैनलों का बहिष्कार करेगी तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। इन लोगों को सजा मिलनी आवश्यक है तभी बाकी इस प्रकार के मानसिक दिवालिया वाले लोग सुधार पाएंगे। ऐसे सारे कार्यक्रम, ओटीटी, टीवी, आदि पर भी हैं। सब बंद होना चाहिए। ऐसा बलग़र कंटेंट्स हमारे देश की संस्कृति को खत्म कर देगी।.यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए गलत भी। ऐसे लोग हमारा सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे है। इनको सजा होनी चाहिए ताकि आने वाले समय ऐसी नीच हरकत और सोच रखने वाले ऐसी हरकत करने से पहले 10 बार सोचना पड़े। इस सब प्रकार की घिनौनी मानसिकता को देखना और सुनना आज के समाज का भी कसूर है। इन जैसे लोगों का समाज से बहिष्कार करना चाहिए। गंदी भाषा वाले बहुत सारे नाटक और फ़िल्में दिखाई जाती हैं। उन्हें भी बंद कर देना चाहिए। ओटीटी पर तो बहुत ज्यादा अश्लीलता परोसी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की 'इंडियाज गॉट लैटेंट' पर 'आपत्तिजनक' टिप्पणियों की निंदा की। सर्वोच्च न्यायालय ने अल्लाहबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे ₹उनके दिमाग की गंदगी₹ कहा। अल्लाहबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, अल्लाहबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से ₹पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा₹। यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निर्माताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए, क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है। समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा, विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं हो जाएगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि 'मजाक' के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातों-रात नहीं बिखर जाता - इसकी शुरुआत असहनीय को सहन करने, घृणित को "सिर्फ हास्य" के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को खत्म करने से होती है। कानूनी कार्रवाई का मतलब सिर्फ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित 'मजाक' को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल 'वास्तविक अपराधों' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है। विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएं कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है। खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। कानून गरिमा को बनाए रखने और बुनियादी शालीनता के क्षरण को रोकने के लिए मौजूद हैं। अगर आप 'यह सिर्फ़ एक मज़ाक है' के नाम पर इसका बचाव कर रहे हैं, तो शायद असली मुद्दा यह है कि आप इस तरह की सामग्री के प्रभाव के प्रति कितने सुन्न हो गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई करना बहुत ज़रूरी है। आपका यह तर्क कि हमें 'मजाक के बजाय वास्तविक अपराधों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए' मूर्खतापूर्ण और अपरिपक्व दोनों है। हास्य में शक्ति होती है और शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

कुछ अलग

## महावुंभ संपन्न

**महाशिवरात्रि** पर महावुंभ का अंतिम स्नान पर्व बुधवार को प्रातः हरहर महादेव के उद्घोष से शुरू हुआ और शाम चार बजे तक 1.32 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और यमुना के संगम में श्रद्धा की डुबकी लगाकर अब तक स्नान करने वालों की संख्या 66 करोड़ पार कर गईं। महावुंभ में इतनी संख्या में कभी भी स्नान करने श्रद्धालु नहीं पहुंचे थे। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महावुंभ 2025 का विधिवत समापन की घोषणा करेंगे। दरअसल महावुंभ में वुछ अप्रिय घटनाओं के कारण इसके महात्म्य को कम करके आंकना और बेतुकी टिप्पणी करने वालों को उम्मीद है कि उनके वुछ वोट बढ़ जाएंगे या उनके परम्परागत वोटर ज्यादा समर्पण भाव में आ जाएंगे। जिन्होंने महावुंभ को फालतू बताया, उन्हें बहुत राजनीतिक लाभ होगा, इसकी उम्मीद कम है। इसी तरह जिन्होंने महावुंभ को मृत्यु वुंभ बोला उन्हें भी वुछ ज्यादा परम्परागत वोटरों से लाभ मिलने वाला नहीं है। उन्हें भी अपने इस बयान से ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है जिन्होंने भीड़ में मरने वालों की संख्या हजार बताकर गंगा का जल प्रदूषित बताया। उत्तर प्रदेश के एक विपक्षी नेता तो महावुंभ की सफलता को लेकर इतने बौखलाए हुए हैं कि रोज वुछ न वुछ आयं-बायं-सायं बकते रहते हैं। कभी जल की शुद्धता पर तो कभी सुरक्षा व्यवस्था पर। विरोधी नेता से उम्मीद की जानी चाहिए कि वह सलाह देंगे। कमियों पर शासन का ध्यान केन्द्रित करेंगे कितु जिस भाषा, भाव, शैली का इस्तेमाल सपा नेता अखिलेश यादव करते हैं उससे उनके विरोध का दुराशय ही परिलक्षित होता है। लेकिन सच यह है कि भगदड़ की जांच के दौरान एक पार्टी विशेष के वुछ विध्न संतोषी तत्वों द्वारा षड्यंत्र करके भगदड़ मचाने की घटना इतनी वुशलता से की जा रही है कि अब जांच एजेंसियां तथ्यों को एकत्र करके कार्रवाईं करने की तैयारी कर रही हैं। जानकारी मिली है कि शरारती तत्वों ने मात्र महावुंभ की वजह से सरकार की प्रशंसा से परेशान होकर जो वुछ भी खुराफात की उसमें भीड़-प्रबंधन और भीड़ के कारण मौत को लेकर प्रचार का जो हथवंडा अपनाया वह इंटरनेट मीडिया पर घटिया दुष्प्रचार था। ऐसी-ऐसी फोटो और वीडियो दिखाईं गईं जो बांग्लादेश की किसी अन्य कार्यंव्रम की थी या तुकी, पाकिस्तान और मिस्र की थीं। यही नहीं जिन लोगों को भीड़ में मरा हुआ दिखाया व बताया गया वे सभी जीवित हैं। प्रयागराज पुलिस ने काफी परिश्रम के बाद ऐसे लोगों के बारे में डेटा एकत्र किया है और अब ये सभी जल्दी ही पकड़े जाएंगे। नईं दिल्ली रेलवे स्टेशन पर धक्का-मुक्की करने के उद्देश्य से वुछ ही देर में 1500 प्लेटफार्म के टिकट खरीदने वालों की भी पहचान की जा रही है। सच तो यह है कि महावुंभ के बाद सनातन के खिलाफ बेतुके बयानबाजों को तो सबक जरूर मिल गया होगा कि अब हिंदू खुद पर गर्व करने से संकोच नहीं करता। सनातनी धर्म की ध्वजा लहरा रही है तो इसका सबसे बड़ा कारण है कि वेंद्र और राज्य में ऐसे नेताओं की सरकारें हैं जो न तो खुद को हिंदू कहने में संकोच करते हैं और न ही हिंदू हितों के लिए पैसले लेने में हिचकते हैं। बहरहाल दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला महावुंभ दशकों तक स्मरण किया जाएगा। भीड़ प्रबंधन के लिए अपनाए गए तौर-तरीकों और आपदा प्रबंधन के लिए प्रयागराज का यह मेला उपयुक्त केस स्टडी माना जाएगा। भगदड़ में मौत न हो यह सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। महावुंभ में इतनी तैयारियों के बावजूद भी यदि भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुईं तो यह अत्यंत दुखद है कितु श्रद्धालुओं की संख्या देखते हुए महावुंभ 2024-25 की तारीफ की जानी चाहिए।

देश दुनीया से

## तापमान में बढ़ोतरी का दिखने लगा है खेती किसानी पर नकारात्मक असर

**तापमान** में बढ़ोतरी का दिखने लगा है खेती किसानी पर नकारात्मक असर जलवायु परिवर्तन का असर खेती किसानी पर साफ दिखाईं देने लगा है। कहा जा रहा था कि 2024 की फरवरी सर्वाधिक गमा वाला माह रहा है पर 2025 में जनवरी में जिस तरह से तापमान में बढ़ोतरी देखी गईं है और फरवरी में ही देश के अधिकांश हिस्सों खासकर उत्तरी भारत में तापमान में लगातार तेजी देखी जा रही है वह चितनीय होती जा रही है। दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों में फरवरी में अधिकतम तापमान का आंकड़ा 30 डिग्री को छूने को बेताब हो रहा है। देश के कईं हिस्सों में दिन का तापमान 29 डिग्री को पार कर रहा है। यह कोईं हमारे देश के ही हालात नहीं है अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखाईं देने लगा है। बढ़ता तापमान बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। बढ़ते तापमान के कारण परिस्थिति तंत्र प्रभावित हो रहा है। बीमारियां तो पैल ही रही है संपूर्ण तंत्र पर ही नकारात्मक प्रभाव पड़ता जा रहा है। चितनीय यह है कि एक और हम निरंतर घटते भूजल स्तर से प्रभावित हो रहे हैं तो ग्लेसियरों के तेजी से पिघलने का असर दिखाईं दे रहा है। असमय अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तूफान, जंगलों में आग आदि आदि सीधा असर दिखाईं दे रहा है। जहां तक खेती-किसानी का प्रश्न है मौसम के अप्रत्याशित बदलाव से फसल चा पर नकारात्मक असर दिखने लगा है। फसल वपन का एक सिस्टम होता है। बुआईं से लेकर फसल के पक कर तैयार होने का चव्र होता है। दर असल हो यह रहा है कि जिस समय फसल में फल पूल आने का समय होता है उस समय तापमान बढ़ने से फल पूल का विकास रुक जाता है और फसल पकने लगती है, इससे फसल में खराबे और उत्पादन में कमी होना स्वाभाविक हो जाता है। दिसंबर, जनवरी की सदा और फरवरी में औसत तापमान से फसलों का सही ढंग से विकास संभव हो पाता है। एक अन्य चितनीय कारण यह भी बनता जा रहा है कि मावठ के समय मावठ नहीं होती, स्रदियों की बरसात के समय बरसात नहीं होती और जिस समय तापमान में बढ़ोतरी होनी चाहिए उस समय आंधी, तूफान और बरसात आकर फसल को चौपट करने में कोईं कमी नहीं छोड़ती। इसका सीधा सीधा असर खादृान्न संकट के रुप में देखा जा सकता है। प्रायः देखा जाने लगा है कि जब फसल की कटाईं का समय होता है उस समय आंधी तूफान या ओला-बरसात होकर फस्ल को चौपट करने में कमी नहीं छोड़ती। इसी तरह से जनवरी-फरवरी में जब तापमान में गिरावट की आवश्यकता होती है उस समय तापमान में बढ़ोतरी चिता का विषय बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना हैं कि यदि जलवायु परिवर्तन के हालात यही रहे तो वुछ खादृा वस्तुओं के भावों में कईं गुणा तक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आलू, टमाटर, दालों, तिलहनों और अनाज के भावों में बढ़ोतरी साफ तौर से देखी जा सकती है। वृषि और आर्थिक क्षेत्र के विशेशज्ञों को मानना है कि तापमान की असामयिक उतार- चढ़ाव के चलते वृषि पैदावार पर सीधा सीधा नकारात्मक असर पड़ रहा है। वृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। वृषि उत्पादों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इससे साफ हो जाता है कि खादृा वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे ही और उसका सीधा असर हमें महंगाईं के रुप में देखने को मिलेगा। मजे की बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के देशों में तेजी से बंजर होती भूमि को लेकर चिता तो जताईं जा रही है पर अभी तक इन हालातों से निपटने का ठोस आधार तैयार नहीं किया जा सका है। आज दुनिया के देश आसन्न खादृान्न संकट को लेकर चिंतित है। इसके लिए बड़े बड़े सम्मेलनों में चितन मनन हो रहा है। विश्व खादृा संगठन सहित दुनिया की संस्थाएं इससे आसन्न संकट को लेकर तो परेशान है ही उनकी चिता का कारण यह भी होता जा रहा है कि पोष्टिक भोजन नहीं मिलने से करोड़ों लोक वुपोषण के शिकार है। खादृान्नों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। दुनिया के देश खेती किसानी के महत्व को कोरोना काल में अच्छी तरह से समझ चुके हैं। कोरोना में मानवता को संबल देने में खेती किसानी ने प्रमुख भूमिका निभाईं और सबवुछ बंद होने पर खेती किसानी ही लोगों का पेट भरने में सहायक रही। जलवायु परिवर्तन का असर जब साफ-साफ सामने आने लगा है तो उस हालात में मौसम विज्ञानियों और वृषि विज्ञानियों के सामने बड़ी चुनौती आ गईं है। एक और जलवायु परिवर्तन को सर्वाधिक प्रभावित करने वाले कारकों का कोईं ना कोईं विकल्प खोजना ही होगा। होता यह है कि हम जिसे आज बेहतर विकल्प बताते है वुछ समय बाद ही उसमें भी खामियां नजर आने लगती है। जलवायु को नियंत्रित करने वाले जंगलों का स्थान वंव्रिट के जंगल लेते जा रहे हैं। इसमें कोईं दो राय नहीं कि इलेक्ट्रोनिक उत्पादों व नईं-नईं खोजों ने हमारा जीवन आसान बनाया है पर उसके साइड इपेक्ट तेजी से असर दिखाने लगे हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने भूमि की उर्वरा शत्ति को प्रभावित किया है। अत्यधिक जल दोहन से भूजल का स्तर साल दर साल नीचे जाता जा रहा है। भू क्शरण होने लगा है। भूमि तेजी से बंजर होती जा रही है। खैर हालात हमारे सामने हैं। ऐसे वृषि विज्ञानियों को ऐसी किस्में विकसित करनी होगी जो बदलते मौसम के अनुवूल हो। शुष्क भूमि में खेती की किस्में खोजनी होगी। इसी तरह से कम जल में विकसित होने वाली फसलों की किस्मों पर ध्यान देना होगा। वंजरवेशन खेती को बढ़ावा देना होगा। परंपरागत खेती को चरणवद्ध तरीके से अपनाना होगा। प्रयास यह करना होगा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे मौसक चा के बदलाव के अनुवूल फसलों की किस्में तैयार हो। क्योंकि प्रवृति से छेड़छाड़ करने में हमने कोईं कमी नहीं छोड़ी और उसका खामियाजा हमें आज भुगतना पड़ रहा है। तेज सदा के समय गमा से दो चार होना पड़ रहा है। इस सबके साथ ही धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के उपायों पर ध्यान देना होगा। हालात गंभीर चितनीय होते जा रहे हैं और यही हालात रहे तो विशेषज्ञ कहने लगे हैं कि वृषि उत्पादन में कमी का असर सारी दुनिया को भुगतना होगा। हालात और भी गंभीर हो उससे पहले ही ठोस प्रयास करने होंगे। बदलते हालातों में खेती किसानी के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे नहीं तो महंगाईं तो एक और है ही दुनिया के कईं देशों में भूखमरी के गंभीर हालात होने से कोईं नहीं रोक सकेगा।

आप का नजरीया

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार

**बांग्लादेश** की स्थिति किसी से छिपी हुई नहीं है। पहले तथाकथित छात्र आंदोलन की आड़ में कट्टरपंथी धड़ों ने बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उनकी हत्याएं और लूटपाट की की। उसके बाद जब नोबेल पुरस्कार से सम्मानित और तथाकथित तौर पर प्रगतिशील एवं उदारवादी समझने जानेवाले मोहम्मद यूनुस के हाथ में सत्ता सौंप दी गई, उसके बाद भी हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों को लक्षित करके निशाना बनाया गया। मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथी ताकतों पर किसी प्रकार की लगाम नहीं लगा सके अपितु उसके हाथ की कठपुतली बन गए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जा रहा है, उसके सजीव चित्र निरंतर सामने आते ही रहते हैं, फिलहाल एक रिपोर्ट ने बांग्लादेश की यथास्थिति को सबके सामने पुनः ला दिया है। एक बार फिर बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरता एवं हिंसा की चर्चा प्रारंभ हुई है। बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां सांप्रदायिक हिंसा में 32 हिंदुओं की जान चली गई। बलात्कार और महिलाओं से उत्पीड़न के 13 प्रकरण सामने आए। लगभग 133 मंदिर हमलों का शिकार हुए। ये घटनाएं 4 अगस्त 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच हुईं। जब से बांग्लादेश में कट्टरपंथी खुलेआम हिंसा पर उतरे हैं, तब से आंकड़े देखे जाएं तो स्थिति और भयावह दिखायी देती है। यद्धपि यह आंकड़े इसलिए भी गंभीर हैं क्योंकि यह जो लक्षित हिंसा हुई है, वह मोहम्मद यूनुस की सरकार में हुई है। यह रिपोर्ट दो हिस्सों में बनायी गई है। काउंसिल के महासचिव मुनींद्र कुमार नाथ बताते हैं कि "बांग्लादेश में तख्तापलट के दौरान 4 अगस्त से 8 अगस्त के बीच अल्पसंख्यकों पर जबरदस्त हमले हुए। हमने इनका डेटा दो हिस्सों में तैयार किया है"। रिपोर्ट में दिए आंकड़ों का विश्लेषण करें तो ध्यान आएगा कि पहले हिस्से में 4 अगस्त से लेकर 20 अगस्त 2024 के बीच 15 दिनों की घटनाएं हैं, जब बांग्लादेश में हिंसा चरम पर थी। देश में पुलिस व्यवस्था काम नहीं कर रही थी। वहीं, रिपोर्ट के दूसरे हिस्से में 20 अगस्त से 31 दिसंबर 2024 के बीच की घटनाएं हैं। ये तख्तापलट के बाद उस वक्त की है, जब नई अंतरिम सरकार सत्ता संभाल चुकी थी। यानी की मनमाफिक सत्ता मिलने के बाद भी उपद्रवियों का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। उदद्रवियों के निशाने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के अलावा गैर-इस्लामिक समुदाय भी थे। इसलिए सत्ता प्राप्ति के बाद इस्लामिक कट्टरपंथी धड़ों ने हिन्दुओं पर अपने हमले और तीव्र कर दिए। याद रखें कि रिपोर्ट में वही आंकड़े शामिल किए गए हैं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया और जिन्हें पुलिस ने अपने रिकॉर्ड में दर्ज किया है। इसलिए यह आंकड़े अंतिम नहीं है। भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय समूहों को बांग्लादेश में हिन्दुओं के अत्याचारों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बांग्लादेश में अराजक तत्वों पर लगाम लगे इसके लिए वहाँ की सरकार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर से दबाव बनाया जाना चाहिए।

## ईंट भट्ठे का मलिक खनिज विभाग व वन विभाग को लगा रहे हैं चुना, लाखों का नुकसान विभाग मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** जिले के विभिन्न प्रखंड में संचालित ईट भठ्ठें खनिज विभाग व वन क्षेत्र में भी काम चल रहा है। फॉरेस्ट की सिपाही से लेकर अधिकारी तक चादर तानकर सो रहे हैं।कोई परवाह नहीं कहीं भी समतल जमीन को खोदकर बनाई जा रही ईंटें। जिले में अवैध ईट भठ्ठे का कारोबार जमकर चल रहा है। इससे खनिज विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है। मगर अवैध ईट भट्ठा संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं। जिले में इन दिनों अवैध ईट भठ्ठों की बाढ़ आई हुई है। लाल ईट का अवैध निर्माण कर मोटी कमाई करने में जुटे हैं माफिया। शासन-प्रशासन द्वारा आए दिन खनिज विभाग को अवैध रूप से संचालित होने वाले ईट भठ्ठों पर कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया जाता है। शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ईट भठ्ठे का कारोबार बगैर विभागीय अनुमति व रायल्टी जमा किए धड़ल्ले से चल रहा है। इससे खनिज विभाग को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। पत्थलगड़ा ब्लॉक के सभी पंचायतों में अवैध ईट भठ्ठों पर न तो प्रशासनिक लगाम लग पा रहा है और न ही किसी तरह रायल्टी वसूली हो पा रही है। जिले के गांवों में अवैध ईट भठ्ठों का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। शासन-प्रशासन के नियम कायदे को ईट भट्ठे के संचालकों ने ताक पर रख दिया है। इसके चलते वे न तो विभाग से किसी तरह अनुमति लेना जरुरी समझते न ही रॉयल्टी की राशि जमा करते है। गांव-गांव में लोग ईट बना रहे हैं, मगर खनिज विभाग की अनदेखी से ऐसे लोगों के खिलाप कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे शासन को लाखों रुपयों के खनिज रायल्टी का नुकसान हो रहा है, जबकि लाल ईट बनाने वाले ईट भट्ठा संचालकों द्वारा कई जगह ईट भट्ठे का निर्माण कर लाखों रूपयें की कमाई की जा रही है। वहीं पर्यावरण को दूषित किया जा रहा है, जबकि ईट भट्ठा के लिए पहले खनिज विभाग व पर्यावरण से इसकी मंजूरी लेकर ईट बनाने का कार्य किया जाता है। परन्तु इस क्षेत्र के रसूखदारों द्वारा बिना स्वीकृति लिए ही ईट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है।

## मनरेगा, आवास योजना, 15वीं वित्त योजनाओं की हुई समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में उप विकास आयुक्त, चतरा अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा, आवास योजना, 15 वीं वित्त योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रखण्ड समन्वयक, 15वीं वित्त, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक की उपस्थिति में सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। वैसे पंचायत जिनका प्रदर्शन ठीक नहीं था, उन प्रखण्डों को एक सप्ताह के अन्दर अपना प्रदर्शन में सुधारने लाने का निदेश दिया गया। यदि एक सप्ताह के अन्दर जिन पंचायतों का परफॉर्मेंस में सुधार नहीं होता है, तो उनपर कठोर कार्रवाई करने की बात कही गई। उप विकास आयुक्त ने समीक्षा के क्रम में साफ शब्दों में खराब प्रदर्शन वाले प्रखंड और पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य से संचालित योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रता रखने वाले लाभुकों को मिले यह सुनिश्चित करें। योजनाओं को लक्ष्य के विरुद्ध पूर्ण नहीं करना आपके धीमी कार्य शैली और कार्य में रुचि नहीं लेने को दर्शाता है। इस तरह के कार्य शैली में सुधार लाएं और एक सप्ताह के अंदर अपने प्रदर्शन में सुधार लाएं अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## धुआं धुआं हुआ एनटीपीसी प्लांट, करोड़ों की क्षति



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड में संचालित एनटीपीसी उतरी करणपुरा प्लांट के अंदर लेबर कॉलोनी के समीप मटेरियल आड़ में शनिवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग गई है।। इस आगलगी से उठते धुंआ के लेपेटे से पूरा टंडवा क्षेत्र हुआ धुंआ धुआं। घटना की सूचना मिलते ही आगलगी पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग़ पर पूरी कोशिश कर रही है। इधर इस आगलगी के घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। साथ ही सवाल यह खड़ा होता है कि, एनटीपीसी प्लांट के अंदर यह आगलगी की घटना दोबारा हुई है। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। आग के लपेटों में पूरा क्षेत्र है।

## भाजपा कार्यकर्ता ने काला बिल्ला लगा प्रशासन का किया विरोध



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा पार्टी मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार काला बिल्ला लगाकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ शनिवार को विरोध जताया है। मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि चतरा जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिससे लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया है। बीते दिनों जिला प्रशासन के द्वारा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह के छवि धुमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। वैसे अधिकारी से भी आग्रह है कि आप सभी तथ्यहीन कार्य से बचते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करने की बात कही।

## सिमरिया चौक के केशर हिंद भूमि के बगल में रैयती भूमि पर वर्षो से चला आ रहा है विवाद

- विवाद को लेकर दोनों पक्ष अपना अपना पक्ष न्यालय में प्रस्तुत कर है कर रहे हैं न्याय की आस
- एक पक्ष द्वारा उक्त भूमि पर स्थित दुकानदारों को अंचल द्वारा आवेदन देकर खाली करवाने की मांग
- दूसरा पक्ष उक्त दुकानदारों को नहीं हटाने की मांग को लेकर कोर्ट से स्टे ऑर्डर अंचल को किया प्रस्तुत
- दोनों पक्षों के तनातनी से वर्षो से नहीं सुलझ पाया है 1.4 एकड़ का मामला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के सिमरिया मुख्य चौक केशर हिंद भूमि के बगल में मौजा सिमरिया के खाता नंबर 12 प्लॉट नंबर 582 रकबा 01 एकड़ 04 डिसमिल भूमि वर्षो से विवाद के भेंट में चढ़ा हुआ है। जहां न्यायलय में अपना अपना पक्ष रख न्याय की आस में चक्कर लगा रहे हैं। यह विवाद 30 से 40 वर्ष लगभग चला आ रहा है। किंतु ना समझौता ना व्यक्ति विचार सीधे न्यालय के न्याय की आस में मुकदमा चलता आ रहा है। इसी भूमि को लेकर एक पक्ष ने सिमरिया अंचल को आवेदन देकर खाता नंबर 12 प्लॉट नंबर 582 रकबा 01 एकड़ 04 डिसमिल भूमि पर अवस्थित रोजी रोटी करने वाले छोटे मोटे गुमटी दुकानदारों को इश्तहार चिपका कर 24 घंटे की अल्टीमेटम देकर खाली करवाने की मांग किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष जमीरुद्दीन मियां वगैरह ने अपने पूर्वज स्व.नंदू जोलहा पिता स्व. गुलाम जोलहा के नाम से खतियान में दर्ज का हवाला देते हुए न्यायलय में अपना पक्ष रख न्याय की आस में है। साथ हीं उक्त पूर्वज के खतियानी भूमि पर रोजी रोटी कर रहे गरीब दुकानदारों को नहीं हटाने को लेकर सिमरिया अंचल को न्यालय का स्टे ऑर्डर के साथ लिखित आवेदन दिया है। कहा है कि जब तक न्यालय का अंतिम फैसला नहीं आता है तब तक यह भूमि किसी खास व्यक्ति का नहीं है। वर्तमान में सार्वजनिक है। जब तक न्यालय द्वारा किसी एक पक्ष में फैसला नहीं आ जाता है ।तब तक सिमरिया अंचल से अनुरोध है कि उक्त भूमि पर अवस्थित गुमटी दुकानदारों को किसी तरह का तंग या नुकसान नहीं किया जाय।

## आम्रपाली परियोजना विस्तार के लिये पांच गांवों से अनापत्ति हेतु प्रबंधन को छूट रहे पसीने

- षड्यंत्र के तहत एनओसी लेने हेतु सीसीएल लगा रही एड़ी चोटी : सुनील भारती
- जीएम के दोहरे रवैये से क्षुब्ध ग्रामीण, विरोध में लोगों से सतर्क रहने की अपील : अमर यादव
- 07 मार्च को एनओसी के खिलाफ रैयत करेगें विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा आम्रपाली कोल परियोजना विस्तार हेतु प्रबंधन व प्रशासनिक अधिकारी जहां पूरी एड़ी चोटी का जोर लगाये हुए हैं वहीं दूसरी ओर खोखले वादे और दोहरे रवैये से क्षुब्ध ग्रामीण विरोध में मोर्चा खोलते हुए संगठित होने लगे हैं। बता दें, 619.87 हेक्टेयर में कोल उत्खनन कर 28 मिट्रिक टन प्रतिवर्ष लक्ष्य हासिल करने हेतु प्रबंधन प्रयासरत है। बताया जाता है कि ओपेन कास्ट उत्पादन के लिए 619.87 हेक्टेयर से 1298.98 हेक्टेयर तक के पट्टे क्षेत्र में वृद्धि की गई है। जिसके लिए होन्हे, कुमारंग कला, कुमरांग खुर्द, उड़सू और बिंगलात के ग्रामीणों से अनापत्ति लेने हेतु 07 मार्च शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे उड़सू गांव में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई है। इधर अबतक परियोजना प्रबंधन के कुनीतियों से क्षुब्ध ग्रामीणों में भारी विरोध का स्वर उभर कर सामने आया है जबकि कुछ बिचौलिये कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये खूब पसीना बहा रहे हैं।

**आखिर क्या वजह है विस्थापित रैयतों में आक्रोश का मूल वजह**

लोगों की मानें तो परियोजना खुलने के 11 वर्ष बाद भी पाँच गाँवों के ग्रामीणों को समुचित लाभ से दूर रखा गया है। भयादोहन और बाहरियों के क़ब्ज़े से अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका है जबकि प्रबंधन के सारे वादे खोखले साबित हुवे हैं। हजारों करोड़ का शुद्ध मुनाफा अर्जित करने के बावजूद प्रबंधन अपनी झोली भरता रहा जबकि विस्थापन नीति, शिक्षा, मुआवजा, नौकरी, बिजली, पानी जैसे मूलभुत जरुरतों को पूरा नहीं किया गया है। तोहफ़ा में सिर्फ कोल वाहनों से अकाल मौत , प्रदूषण से उन्हें लाचार कर सिर्फ दीर्घकालिक बीमारी दी गई है । वहीं हक- अधिकार की माँग करने वालों को षड्यंत्रपूर्वक फर्जी मुकदमा में फंसाकर प्रबंधन अपने विरोध के रास्ते साफ करती रही है। भू रैयत सुनील भारती ने कहा कि दुर्भाग्यवश देशहित में हम अपना सर्वस्व कुर्बान कर भी यहां दर दर की ठोकरें खाने के लिए विवश हैं । वहीं अमर यादव ने प्रबंधन पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुवे कथनी और करनी में भारी फर्क बताया। कहा कि फर्जीवाड़े का शिकार हुवे दर्जनों रैयत फरियादी बनकर अधिकारियों की परिक्रमा कर रहे हैं बावजूद उनकी सुध नहीं ली जा रही है। कुल मिलाकर उक्त कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश चरम पर है जबकि बिचौलियों के सांठ-गांठ से सफल बनाने हेतु हर संभावित तरकीब अपनाई जा रही है।

## प्राचीन काली मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा, पूर्व शिक्षा मंत्री रहे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्राचीन काली मंदिर सह देवी मंडप का 13वां वार्षिकोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत शनिवार सुबह करीब 10 बजे भव्य कलश यात्रा से हुई। इस कलश यात्रा में पूर्व शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम, भाजपा नेता राजधानी यादव, समाजसेवी सुशील अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए औरंगा नदी के तट पर पहुँची। वहाँ पंडित अनिल मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इसके बाद पुनः कलश यात्रा मंदिर परिसर लौटकर संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि पंडित अनिल मिश्रा के सान्निध्य में दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन किया जा रहा है।वहीं, 2 मार्च (रविवार) को हवन पूर्णाहुति के उपरांत माता का भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति ने शहरवासियों से इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साथ ही, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं।

## सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय स्थित टायट के सभागार में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के सेवानिवृत्ति पर शिक्षकों के द्वारा सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट की प्राचार्य अम्बुजा राजलक्ष्मी ने किया। इस अवसर पर सिमरिया के सेवानिवृत हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संतोस कुमार सिंह को माला पहनाकर व बुके भेंटकर उपस्थित अधिकारी,कर्मी, व शिक्षकों ने सम्मानित किया। उन्हें अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रुप में संतोस कुमार सिंह का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। उन्होंने शिक्षक व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कुशलता के साथ कार्य किया। उनके कार्य कुशलता व नम्र व्यवहार से सभी प्रभावित रहे। एक अधिकारी के रूप में हर कार्य में वे सहयोग व सुझाव देते रहे। बेहतर करने को लेकर प्रेरित करते रहे। उनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकेगा। डायट की प्राचार्य ने भी उनके कार्य की सरहाना करते हुए कहा आज एक अच्छे अधिकारी विभाग की सेवा से मुक्त हो गए। जिन्होंने अपने सेवा काल में कार्य क्षमता का बेहतर परिचय दिया। वहीं सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा की सिमरिया में उनकी सेवा समाप्त हो गई सेवाकाल का यह अंतिम दिन सदा स्मरण में रहेगा।

## संत जेवियर उच्च विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** संत जेवियर कॉलेज, महुआडांड़ में एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसमें संत जेवियर उच्च विद्यालय, गोठगांव के विद्यार्थियों ने जल चक्र मॉडल का निर्माण कर प्रदर्शनी में भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा की ओर प्रेरित किया। छात्रों को इस कार्यक्रम के माध्यम से एक नए वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली।

## भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम में झूमे लोग



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा मैदान में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शुक्रवार रात्रि में भजन गायिका शहनाज अख्तर के भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शहनाज अख्तर ने अपने सुरों का जलवा बिखेरा । भजन गायिका द्वारा एक से बढ़कर एक गीत गाया गया। विशेष कर हरे रामा हरे राम,उ ज्जैन में हर रंग के दीवाने है, झूम-झूम पैजनिया,मैया हाँथ कलशा ले खड़ी हो मां गीत जिसपर लोग झूमने पर विवश हो गए। वहीं इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर बालूमाथ निवासी सह धनबाद के अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह ने किया। मौके पर भजन गायिका ने शाहनाज अख्तर ने अपनी जीवनी बताते हुए कहा कि उनका जन्म एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। भजन गाने के कारण उन्हें कई बार समाजिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ी थी। वही आयोजित कार्यक्रम को सुनने के लिए भारी भीड़ देखी गई ।वही कार्यक्रम में पहुंचे लातेहार डीएसपी संजीव मिश्रा, बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ समेत कई लोगों को चुनरी व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर आयोजन समिति अध्यक्ष विजय कुमार, कोषाध्यक्ष मोनू गुप्ता, उपाध्यक्ष सूरज शाह, रंजीत यादव, विशाल कुमार गोलू, अमित गुप्ता, दिनेश कुमार गुड्डू समेत कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई।वही मंच संचालन प्रेम गुप्ता ने किया।

## ग्रामीण चिकित्सकों के लिये कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अनिकेत ढाबा में रांची के प्रतिष्ठित आयुष्मान मंगल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के सौजन्य से क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सा के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जहां उक्त अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर शिव शंकर (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञता) व अस्पताल के डायरेक्टर विनोद मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीण शिक्षकों को अपने चिकित्सीय अनुभव का साझा करते हुए विभिन्न प्रकार के बीमारियां के इलाज के महत्वपूर्ण पहलुओं को जानकारी दी साथ ही इलाज के दौरान किए जाने वाले जांच के महत्व को भी बारीकी से बताया, इस दौरान डॉ शिव शंकर ने सभी चिकित्सकों से कहा कि आप अपने अनुभव से इलाज करते रहें, लेकिन जब भी कोई क्रिटिकल केस मिले तो उसे किसी अच्छे हॉस्पिटल का मार्गदर्शन दिजिए ताकि उसका सही सस्ता ईलाज हो और आपका मान सम्मान मे इजाफा हो. हमारा हॉस्पिटल गरीब से गरीब व्यक्ति का उचित दर पर इलाज किया जाता है आयुष्मान कार्ड धारी का निशुल्क इलाज भी व्यवस्था है आप सभी सभी कभी भी जरूरत पड़ने पर निशुल्क मार्गदर्शन को लिए हम तत्पर हैं।.आप सब मरीज का जांच रिपोर्ट, अल्ट्रा साउंड का रिपोर्ट हमारे पास भेज सकते है ,आपको उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा, ऐसा करने से किसी व्यक्ति को उचित स्वास्थ्य सुविधा मिलेगा.हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचकर वहां के चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ करने का प्रयास करना है. मौके पर प्रखंड मुख्यालय ग्रामीण चिकित्सा मौजूद थे।

## बरवाडीह के विकास योजनाओं में भारी लूट : बिरजू राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के विकास योजनाओं बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और धांधली की शिकायत और हर दिन आ रहे समाचार पत्रों के माध्यम से देखा जा रहा है जिसपर भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य सह प्रखंड सचिव कृष्णा सिंह के साथ जिला सचिव बिरजू राम के द्वारा संज्ञान लेते शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को मांग पत्र सौंपा है ।इस मामले पर बिरजू राम ने कहा कि बरवाडीह के विकास योजनाओं में भारी लूट मची है। वहीं इस संबंध में बिरजू राम के साथ कृष्णा सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मनरेगा योजनाओं में लूट के संबंध में 17/8/2024 को लिखित आवेदन देकर अवगत कराते हुए सतही ऑडिट के खिलाफ पुनः ऑडिट कराने की मांग की गई थी पर उसपर कोई साकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि मनरेगा समेत अन्य योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है जिसे लेकर प्रतिनिधियों के द्वारा भी कार्रवाई की मांग की जा रही है लेकिन जांच के नाम खानापूर्ति ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के विकास योजना लूट का चारागाह बना हुआ है। बताया कि मनरेगा योजनाओं के तहत आम बागवानी, दीदी बाड़ी टीसीबी ईसीबी निर्माण कार्य हो 80 फीसद काम धरातल पर नहीं है और लाखों करोड़ों रुपए की बेलगाम लूट जारी है। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि पंचायत उक्कामाड़ के मनरेगा योजनाओं में बिना काम के भुगतान हो गया है।पंचायत केड़ के अबुआ आवास सम्पन्न लोगों के नाम चयन करने के आरोपी मुखिया पंचायत सचिव समेत अन्य संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई नहीं करने और अबुआ आवास में भ्रष्टाचार करने वाले लोगों पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है और चेतावनी देते हुए कहा गया है कि लूट पर अंकुश नहीं लगा और लूटेरों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 15 मार्च के बाद हजारों जनता के साथ प्रखंड कार्यालय का घेराव कर लूट और लूटेरों के खिलाफ हिसाब करेगा। मौके पर कमलेश सिंह, लुरुक सिंह शामिल रहे।

## वर्ष 2015-16 में नियुक्त शिक्षकों को प्रोन्नति से किया गया वंचित



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों को ग्रेड-4 में प्रोन्नत किया गया, लेकिन वर्ष 2015-16 में नियुक्त शिक्षकों को प्रोन्नति से वंचित कर दिया गया। लातेहार जिले में प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति प्राथमिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 के तहत की गई, जिसमें सभी अर्हताधारी शिक्षकों के नाम शामिल थे। अंतिम रूप से प्रकाशित सूची और काउंसलिंग हेतु जारी सूची में भी वर्ष 2015-16 में नियुक्त शिक्षकों के नाम थे। काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी उन्हें प्रोन्नति सूची से बाहर कर दिया गया, जो प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है।झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने इस फैसले को नवनियुक्त शिक्षकों के साथ भेदभावपूर्ण नीति करार दिया और इसे अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि यदि इस अन्याय को दूर नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।रोन्नति से वंचित शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी ने जिला उपायुक्त, लातेहार सह जिला शिक्षा स्थापना समिति को आवेदन देकर प्रोन्नति आदेश में अपना नाम शामिल करने की मांग की है। लक्ष्मी कुमारी के अनुसार, उन्हें काउंसलिंग के लिए बुलाया गया और उन्होंने काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी भी कर ली थी, लेकिन उसके बाद बिना कोई कारण बताए उन्हें प्रोन्नति सूची से बाहर कर दिया गया।लक्ष्मी कुमारी वर्ष 2015-16 में नियुक्त होकर कक्षा 1 से 5 तक की शिक्षिका हैं।वे सभी आवश्यक अहर्ताएँ पूरी करती हैं और आरटीई प्रावधानों के अनुसार ग्रेड-4 में प्रोन्नति के लिए कक्षा 6 से 8 का टेट भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं। इसके बावजूद उन्हें प्रोन्नति से वंचित किया जाना नियमों के विरुद्ध है।

# जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का हुआ आयोजन

- युवा अपने स्किल के अनुसार ही करें रोजगार का चयन : उपायुक्त
- जिला स्तरीय रोजगार मेला में कुल 1820 युवक, युवतियां को पंजीकृत किया गया
- 719 को किया गया शॉर्टलिस्ट, जिनमें 369 युवाओं का चयन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन के माध्यम से ग्रामीणों को आर्थिक विकास की बढ़ावा मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 के अवसर पर कही। चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार, जेएसएलपीएस के द्वारा शनिवार को स्थानीय पैराडाइज रिजॉर्ट में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी इश्तियाक अहमद, जेएसएलपीएस पलाश के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परिदा व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से 18 से 35 वर्ष तक के युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को उनके प्रशिक्षण के अनुसार अलग-अलग कंपनियों में काम करने का अवसर मिलता है। उपायुक्त ने रोजगार सृजन मेला 2025 में आए सभी युवाओं से कहा कि अच्छे से समझबूझकर अपने स्किल के अनुसार ही रोजगार का चयन करें। उन्होंने जेएसएलपीएस के पदाधिकारियों से कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण बेहतर तरीके से दिया जाए ताकि वह अपने गांव में रहकर ही स्वरोजगार कर जीवन यापन कर सके। जरूरतमंद लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध करवाई जाए। जेएसएलपीएस पलाश के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परिदा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग की एक संस्था के रूप में लगभग 12 सालों से कार्य कर रही है। जेएसएलपीएस प्रत्येक गांव में समूह बनाकर कार्य करती है। अभी तक लगभग 29 हजार गांव के लगभग 32 लाख दीदियों को जोड़ा जा चुका है। कौशल विकास योजना में अभी तक लगभग 70 हजार लोगों को ट्रेनिंग दिया जा चुका है। जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिव्यदीप सिंह ने कहा कि जेएसएलपीएस बेरोजगार युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार योग्य कौशल प्रदान करके उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करती है। जेएसएलपीएस गरीबी से जूझ रहे परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य करती है। ग्रामीण महिलाओं को भी आजीविका का साधन देने का काम करती है। जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला में नैंसी सहाय ने ऑन द स्पॉट सुजीत यादव, आकाश कुमार यादव और निशांत कुमार पासवान को ऑफर लेटर प्रदान की। उपायुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने पर तीन जेआरपी रिंकी कुमारी, गायत्री देवी और पूनम देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में केरेडारी के निक्की कुमारी और कटकमदाग के स्नेहा कुमारी ने अपने अनुभव को मंच के माध्यम से साझा की। जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला में लगभग 25 कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए थे। कार्यक्रम में लगभग 1820 आवेदकों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम में 719 आवेदक शार्टलिस्ट किए गए जिनमें 369 आवेदकों का चयन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा गया। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे डीडीसी इश्तियाक अहमद, जेएसएलपीएस के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परीदा, डीपीओ पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता राय, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिव्यदीप सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी, विभिन्न कॉलेज से आए छात्र एवं छात्राएं, ग्रामीण क्षेत्र के सखी मंडल की महिलाएं एवं बेरोजगार युवक, युवतियां आदि उपस्थित रहे।

# अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर वाहन जब्त, अवैध खनन पर कसा शिकंजा, मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को बरही थाना पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जप्त किया। बताया गया कि कटियोंन नदी से ट्रैक्टर में बालू लोड करके बरही धनबाद रोड की ओर ले जाया जा रहा था, तभी रूटीन पेट्रोलिंग में शामिल थाना एसआई नरेंद्र पांडेय की नजर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पर पड़ी। इसके बाद पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को रुकवाना चाहा, लेकिन ड्राइवर पुलिस को देखकर ट्रैक्टर को काफी तेजी से भगाने लगा। कुछ दूरी तक भागने के बाद चालक बरही अनुमंडल के पास बालू लदे ट्रैक्टर को छोड़कर भाग निकला। इस दौरान पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। बरही थाना पुलिस ने बरही राजस्व कर्मचारी के आवेदन के आधार पर ट्रेकर मालिक पर कांड संख्या 73/25 मामला दर्ज कर लिया है।

# संत रामकृष्ण परमहंस की 189वी जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम परिसर में शनिवार को संत रामकृष्ण परमहंस की 189वी जयंती समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विवेकानंद सेवा आश्रम परिसर में स्थित मंदिर में संत रामकृष्ण परमहंस देव की विशेष पूजा अर्चना, हवन, आरती कर जनकल्याण की प्राप्तान की गई। पूजा एवं हवन के पश्चात रामकृष्ण वचनामृत का पाठ किया गया। इस शुभ अवसर पर संध्या समय विशेष आरती एवं भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। रामकृष्ण के जयंती समारोह में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चे एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे और इन सबों ने ठाकुर का आशीर्वाद ग्रहण



किया। मौके पर विवेकानंद सेवा आश्रम के सचिव यशवंत मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि द्वापर युग में भगवान राम, त्रेता युग में कृष्ण और कलयुग में संत रामकृष्ण परमहंस भगवान का अवतार हुआ, यह सभी भगवान विष्णु के ही अवतार हैं। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण परमहंस का मानना था कि ईश्वर का दर्शन किया जा सकता है, ईश्वर का दर्शन करने के लिए आध्यात्मिक चेतना की तरक्की पर जोर देते थे, आध्यात्मिक चेतना ईश्वर तक पहुंचे, इसके लिए वह धर्म को साधन मात्र समझते थे। इसलिए संसार के लिए सभी धर्मों में उनका विश्वास था और वे उन्हें परस्पर अलग-अलग नहीं मानते थे, इतना ही नहीं रामकृष्ण परमहंस भारत के महान संत और आध्यात्मिक गुरु थे, वे मां काली के परम भक्त थे और उन्होंने अपना सारा जीवन आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है और जीवन का परम लक्ष्य ईश्वर को प्राप्त करना है।

# तापीन साउथ परियोजना मे कार्यरत विलासवा देवी को सेवानिवृत्ति होने पर दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** शनिवार को तापीन साउथ परियोजना के परियोजना पदाधिकारी के अध्यक्षता में सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे सेवानिवृत्त हुई विलासवा देवी को तापीन साउथ परियोजना के सभी कर्मचारी उनको विदाई दिए। वही परियोजना पदाधिकारी के बताया की बिलासवा देवी कार्य के प्रति किसी तरह की लापरवाही नहीं था वो शांत स्वाभाव का भी थी। वही तापीन साउथ परियोजना सभी कर्मचारी भावभीनी विदाई दिए और उनका आगे का जीवन मंगलमय उसका भी कामना किये वही मुख्य रूप से कार्मिक अधिकारी पीएन सिंह , डिस्पैच ऑफिसर देवा कुमार , ओबीसी एरिया सचिव राज कुमार वर्मा, दिनेश्वर रविदास, धीरज मांझी, सोमरा मुंडा, संतोष राम सहित कई कर्मचारी उपस्थित हुए ।

# बड़कागांव पुलिस को मिली सफलता, छुरेबाजी की घटना में शामिल 6 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

- घटना में इस्तेमाल किए गए स्कॉर्पियो को पुलिस ने किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव मुख्य चौक पर गुरुवार की शाम हुए छुरेबाजी की घटना में शामिल अपराधियों को बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि गुरुवार की शाम को बड़कागांव मुख्य चौक पर स्कॉर्पियो में सवार हो कर आए लगभग आधा दर्जन अपराधियों ने बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराडीह निवासी उमेश गोप के 23 वर्षीय पुत्र चंदन गोप ,एवं अर्जुन गोप के 18 वर्षीय पुत्र ललन गोप को छुरी मार कर घायल कर दिया था। घायल युवक के बयान पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 42/25 दिनांक 28.02.25 u/s 126(2)/115(2)/117(2)/118(2)/109(1)/3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। बड़कागांव पुलिस ने मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिक अभियुक्त राजा यादव पिता विमल यादव साकिन सिद्धराव- थाना चौपारण, राहुल यादवऋरोहित यादव पिता अर्जुन यादव सकिन सिंघानी - थाना मुफस्सिल, गोल्डन यादव पिता नेमन गोप सकिन पसई- थाना कटकमदाग, शिवम कुमार पिता प्रदीप कुमार यादव सकिन कुसुमभा - थाना कटकमदाग, रिशु कुमार पिता हेमराज शाह सकिन कूद - थाना कटकमदाग, विक्रम कुमार यादव पिता विशेश्वर गोप कुसुमभा- थाना कटकमदाग सभी जिला हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया के घटना के दौरान इस्तेमाल किए गए स्कॉर्पियो को भी जप्त कर लिया गया है।

# सोना-सोबरन योजना के तहत मुखिया मनोज कुमार ने धोती, साड़ी, लुंगी का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के करियातपुर में संतोष कुमार केशरी व नंदकिशोर केशरी के यहां जनवितरण प्रणाली केंद्र पर सोना-सोबरन योजना के तहत मुखिया मनोज कुमार उपमुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति ने संयुक्त रूप 695 कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया। इस दौरान मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथक्कसाथ अनुदानित दर पर सोनाक्कसोबरन योजना साड़ी, लुंगी,धोती योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका लाभ कार्डधारियों को मिल रहा है। मात्र 10-10 रुपए में धोती, साड़ी व लूंगी प्रदान किया जा रहा। मौके पर मुखिया मनोज कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, लालजी रविदास,उमा देवी,गुड़िया देवी,आशा देवी,जानकी देवी,गीता देवी, सबिता देवी,प्रियंका देवी,संगीता,देवी,संतोषी देवी, तुलेश्वर रविदास, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग यूथ विंग ने निकाला रक्तदान जागरूकता रथ, सांसद मनीष जायसवाल ने दिखाई हरी झंडी

- रक्तदान शिविर 3 मार्च को, नागरिकों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के तत्वावधान में आयोजित 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में रक्तदान शिविर से पहले शनिवार को शहर में रक्तदान जागरूकता रथ का भव्य शुभारंभ किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया। इस दौरान संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अंगवस्त्र भेंट कर सांसद का स्वागत किया, सांसद ने इस दौरान उन्होंने युवाओं से रक्तदान महादान अभियान से जुड़ने की अपील की और कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। रथ के माध्यम से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान रक्तदान से जुड़े लाभ, भ्रांतियों के निवारण एवं थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों की रक्त आवश्यकताओं को उजागर किया गया। यह रक्तदान शिविर लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में आयोजित किया जाएगा, जहां शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, चिकित्सा विशेषज्ञ एवं यूथ विंग के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग लेंगे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में रक्तदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि रक्तदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रथ को हरी झंडी दिखाते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की रक्तदान से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए ताकि कोई भी मरीज रक्त की कमी के कारण अपनी जान न गंवाए। हजारीबाग यूथ विंग की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। मैं सभी युवाओं और नागरिकों से आग्रह करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और 3 मार्च को रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दें। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल, विकास केशरी,सह सचिव डॉ. बी. वेंकटेश, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यक्रम सह-संयोजक रोहित बजाज, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खंडेलवाल, गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन,अभिषेक पांडे, विकास तिवारी, विवेक तिवारी, उदित तिवारी, चंदन सिंह, सिद्धांत कुमार (सिद्धू) सहित कई गणमान्य नागरिक एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंजीत यादव हत्याकांड मामले मे जमानत पर छूटे रामा सोनी ने किया प्रेस वार्ता



- मेरा इस हत्याकांड से नही है कोई संबंध, उच्च स्तरीय जाँच हो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव हत्याकांड मामले मे हाईकोर्ट से जमानत पर रिहा हुए रामा सोनी ने हुरहुरु स्थित निमंत्रण पैलेस मे प्रेस वार्ता किया। इस प्रेस वार्ता मे उन्होंने कहा की उनका इस हत्याकांड मे किसी भी प्रकार की कोई संलिप्तता नही है । उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा की बिना किसी सबूत व जाँच के ही उन्हें जेल भेज दिया गया। उनपर प्रशासन ने इस हत्याकांड के साजिश रचने मे शामिल होने व रेकी करने के आरोप मे जेल भेजा परंतु पुलिस इस संबंध मे कोई भी सबूत पेश नही कर सकी। उन्होंने आगे कहा की स्व. मंजीत यादव की पत्नी के द्वारा उनका नाम एफआईआर मे दर्ज करवाया गया था, पुलिस का काम था की मामले की जाँच कर जो सही मे दोषी हो उन्हें जेल भेजा जाए लेकिन पुलिस दबाव मे आकर उसे जेल भेज दिया। उन्होंने कहा की उनकी बेटी की शादी बीते दिसंबर मे होनी थी लेकिन उनके जेल जाने की वजह से उनकी बेटी का रिश्ता टूट गया। वे और उनका पूरा परिवार इससे आहत हैं। उन्होंने इस हत्याकांड मे उनकी संलिप्तता की उच्चस्तरीय जाँच करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा की इस केस से बरी होने के बाद वे मानहानि का मुकदमा करेंगे।

# विभिन्न मांगो को लेकर बेंगवरी की महिलाओं ने दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंगवरी की महिलाओं ने एनटीपीसी प्रबंधन से प्रदूषण समेत निम्न मांगो को लेकर 1 मार्च को केरेडारी कोल माइंस क्षेत्र में धरना पर बैठ गई। इस संदर्भ में धरना पर बैठी महिलाओं ने बयान जारी कर कहा है कि कोयला से उड़ने वाले प्रदूषण की रोक थाम की जाय। महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। जिस घर से घर के एक भी सदस्य को रोजगार नहीं मिला है उस घर के सदस्य को रोजगार दिया जाय। रोजगार में लगे ग्राम बेंगवरी के लोगों को बिना कारण के रोजगार से नहीं हटाया जाय नाही बैठाया जाय। जगह जगह पीने का पानी के लिए बोरिंग किया जाय। जिस कामगार को नियुक्ति के लिए डेट मिला है उसे नियुक्ति दी जाय, गांव की गलियों में पानी का छिड़काव किया जाय।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में नर्सरी प्रवेश अब मात्र 400 में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में बाल वाटिका ( नर्सरी) कक्षा में प्रवेश के लिए अब अभिभावको मात्र 400 रुपए की फीस लगेगी। वर्तमान प्राचार्य आशुतोष ने बरही और आस पास के अभिभावकों के अनुरोध पर विद्यालय प्रबंधन समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा था। जिसका अनुमोद प्राप्त हो गया है। ज्ञातव्य हो कि बाल वाटिका ( नर्सरी) कक्षा के बच्चे विद्यालय मात्र 3 घंटे के लिए जाते है। यह उनमें विद्यालय जाने और विद्यालीन गतिविधियों में सम्मिलित होने की तैयारी मात्र होती है। एक प्रतिष्ठत विद्यालय के प्रशिक्षित शिक्षकों के बीच मात्र 400 रुपए की फीस करना अभिभावकों को सुखद आश्चर्य दे रहा है। प्राचार्य आशुतोष ने कहा कि यह कदम बरही और आस पास के अभिभावकों के लिए एक अवसर दे रहा है। कई बार धन के अभाव में अभिभावक छोटे बच्चों को सुविधा विहीन विद्यालयो में भेज देते है। अब ऐसा नहीं होगा।

# विद्यालय परिवार और छात्रों ने सेवानिवृत्त शिक्षक लालधन महतो को दी विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ राजकीयकृत मध्य विद्यालय से 28 फरवरी 2025 को बेहतरीन शिक्षक लालधन महतो को सेवानिवृत्त किया। इस सेवानिवृत्ति के अवसर लालधन महतो के सम्मान में विद्यालय परिवार ने 26 फरवरी 2025 को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि बीईईओ राकेश प्रसाद,प्रधानाध्यापक अशोक कुशवाहा,शिक्षक लालधन महतो,पंसस मुन्नी देवी,पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीपप्रज्वलन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक अशोक कुशवाहा ने अपने सहयोगी लालधन महतो को इस भावुक क्षण में फूल माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर उनको विदाई दी,इस भावुक क्षण में दोनो के नयन भींगे थे। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वागत गान,स्वागत नृत्य का मनोहारी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लालधन महतो ने कहा कि इस विद्यालय ने



मुझे बड़ा प्यार आदर सम्मान दिया आज के बाद इन चीजों को बहुत मिस करूँगा,यह पल सदैव मेरे यादों के झरोखों में रहेगा। परन्तु यह सत्य है जैसे मृत्यु और जन्म सत्य है,ठीक वैसे हीं परिवर्तन आज मैं इस विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहा हूँ,ठीक वैसे हीं यहाँ नए शिक्षक का आगमन होगा। ईश्वर से कामना है,यह विद्यालय और यहाँ के छात्र -छात्रा पढ़लिखकर हमारे और विष्णुगढ का मान बढ़ाये।विद्यालय परिवार ने विष्णुगढ़ के गणमान्य सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियो को भी फूल माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर उनका मान-सम्मान किया। कार्यक्रम के पूर्ण होने के पश्चात विद्यालय परिवार के तमाम शिक्षक,छात्र-छात्राओं ने गाजे बाजे के साथ विद्यालय से उनके घर तक विदाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से बालगोविंद प्रसाद बरनवाल, उपाध्याय पांडेय, कालीचरण पांडे, मधुसूदन प्रसाद स्वर्णकार, मुखिया निर्मल कुमार, रामचंद्र यादव, पसंस मुन्नी देवी, टेकोचंद महतो, सुशील महतो, सोभरन भगत, अनिल पांडे, मिश्रीलाल बर्मन, जयप्रकाश सिंह पटेल, त्रिवेणी स्वर्णकार, सुखदेव बरनवाल, इंद्रदेव कुमार, अन्नपूर्णा देवी, दिनेशलाल महतो निरंजन महतो,अशोक प्रसाद कुशवाहा, अशोक राम, रेखा कुमारी, अलका कुमारी, सुजाता लेन राय, विनय कुमार सिंह, अफ़रीना खातून, सुनैना देवी, अनीता बरनवाल, सुनीता कुमारी राहुल कुमार समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बरही विधायक मनोज यादव ने किया विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास

- विकास की लंबी लकीर खींचूंगा, जनहित के लिए समर्पित विधायकी : मनोज यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखण्ड में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें गौरिया में स्थित राजाआहार और नया आहार के जीर्णोद्धार कार्य, ग्राम खेरौन से कटियौन तक सड़क निर्माण, ग्राम कजरा में पीएमजीएसवाई रोड से भुइयाँ टोली तक कालीकरण सड़क निर्माण तथा प्राथमिक विद्यालय कटियौन के चारदीवारी निर्माण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना और क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक सड़क, सिंचाई, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए वह संकल्पित है। यह मेरा वादा है कि विकास की लंबी लकीर खींचूंगा और हर घर तक सुविधाएं पहुंचाऊंगा। उन्होंने बताया कि गौरिया गांव में राजाआहार और नया आहार के जीर्णोद्धार से स्थानीय किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि यह



परियोजना जल संरक्षण को बढ़ावा देगी और क्षेत्र में कृषि उत्पादन को मजबूत करेगी। विधायक श्री यादव ने ग्राम खेरौन से कटियौन तक बनने वाली सड़क से ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। वहीं, ग्राम कजरा में पीएमजीएसवाई रोड से भुइयाँ टोली तक सड़क के कालीकरण से आवाजाही सुगम होगी। विधायक ने कहा कि सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी।प्राथमिक विद्यालय कटियौन की चारदीवारी के निर्माण को लेकर विधायक ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षण व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, गौरियाकरमा मुखिया कुमारी मीरा, केदारुत मुखिया सरिता देवी, विशेश्वर यादव, राजन ओम, नागेश्वर यादव, अशोक यादव, युगल यादव, इंद्रदेव ठाकुर, दीनानाथ यादव, प्रद्युम्न सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## सारुबेरा पुराना हनुमान मंदिर में मासिक खिचड़ी प्रसाद का वितरण हुआ



**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू कोईलांचल क्षेत्र के सर्किट हाउस के पास स्थित पुराना हनुमान मंदिर में मासिक खिचड़ी भोग का आयोजन संध्या के समय किया गया। सर्वप्रथम पुरोहित मृत्युंजय कुमार पांडे ने मंत्र उच्चारण के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना की, उसके बाद आरती हुई। खिचड़ी भोग प्रसाद में मंत्र उच्चारण से किया प्रसाद को मिलाया गया और उसके बाद श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का प्रसाद का वितरण किया गया। सैकड़ो की संख्या में लोग मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और अपने-अपने घर भी ले गए। हनुमान मंदिर संचालक समिति के सदस्य प्रसाद वितरण में अपना सहयोग दिए, जिसमें प्रमुख रूप से तेज प्रताप सिंह, संजय कुमार, मनोज श्रीवास्तव, जगदीश चौहान, रतन सिंह, अशोक प्रसाद, मनोज उरांव, राज शर्मा, राजन कुमार, प्रियांशु कुमार, हिमांशु कुमार, प्रकाश महतो, सोनू कुमार सिंह में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण को ग्रहण किया। इसके संरक्षक प्रसिद्ध समाजसेवी एवं नेता महेश कुमार सिंह है।

## आरसीएमयू क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने सेवानिवृत सीसीएलकर्मी कार्तिक डे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में शनिवार को उरीमारी परियोजना में क्लर्क पद पर कार्यरत सीसीएलकर्मी कार्तिक डे(के.सी.डे) का शुक्रवार को अपने सेवा कार्यकाल से सेवानिवृत्त होने पर आरसीएमयू इंटक कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कार्तिक डे को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि कार्तिक डे ने सीसीएल में अपने जीवन का बहुमूल्य समय प्रदान किये। उनके इस कार्यकाल से उरीमारी परियोजना को काफी लाभान्वित सहयोग मिला। सेवानिवृत होना सभी के जीवन में एक दिन जरूर आता है। वहीं राजू यादव ने यह भी कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद के सी डे संगठन पार्टी के हित में काम करते रहेंगे। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी,दीपक विश्वकर्मा,टहल गोप, संजय कुमार, सतनामी, चंद्र जयसवाल,सीमू मांझी,दीपक यादव, संजय कुमार, पप्पू यादव, राधेश्याम बैठा आदि लोग मौजूद थे।

## क्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्ध है विधायक ममता देवी



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के बोरवाटोला में डीएमएफटी फंड से बालेश्वर महतो के घर से भेड़ा नदी तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक, ममता देवी ने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ममता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि इस पथ के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि डीएमएफटी फंड का उपयोग क्षेत्र की आधारभूत संरचना के विकास में किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिल रही है। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रेम मुंडा प्रदीप भोक्ता बिक्रम सिंह प्रदीप महतो लिलेश्वर महतो मोतीलाल बेदिया आशीष मुंडा व कई लोग मौजूद थे।

## किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में गोला में हो फूड इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना : अमित साहू

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के अबुआ सरकार के द्वारा आगामी आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने राज्य सरकार से आगामी पेश होने वाले आम बजट में किसानों को आत्मनिर्भर सह समृद्ध एवं सशक्त बनाने की दिशा में गोला में इंडस्ट्रियल फूड पार्क बनाने का आम बजट में प्रावधान होना चाहिए। ताकि यहां के किसानों को उपज किए गए सब्जी एवं अन्य सामग्रियों का उचित भाव मिल सके। साथ ही साथ इंडस्ट्रियल पार्क के अंदर में छोटे-छोटे कोल्ड चैन की स्थापना भी होनी चाहिए। इससे किसानों को आने वाले समय में फल सब्जी समेत किसी प्रकार के कृषि उपज को सुरक्षित रखने का अवसर मिलेगा एवं उचित मूल्य होने पर उसे बाजार में बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमाने का मौका मिलेगा। एवं बिचौलियों से मुक्ति मिलेगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**धनबाद स्टेशन और डी आर एम ऑफिस बिल्डिंग के लिए पंजीकृत सफाई और हाउसकीपिंग का कार्य।**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है।

**(i) निविदा संख्या एवं दिनांक :** GEM/2025/B/5985337 दिनांक 27/02/2025, **(ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद स्टेशन और डी आर एम ऑफिस बिल्डिंग का चार (04) वर्षों (अर्थात 1460 दिन) की अवधि के लिए यंत्रीकृत सफाई और हाउसकिपिंग का कार्य। कार्य समापन अवधि– 4 वर्ष। **(iii) कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 13,69,06,452.76 (तेरह करोड़ उनहत्तर लाख छः हजार चार सौ बावन रुपये एवं छिहत्तर पैसे) मात्र। **(iv) बयाना राशि :** रू. 8,34,540.00 (आठ लाख चौंतीस हजार पांच सौ चालीस रूपये) मात्र। **(v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** तारीख 20/03/2025 को 16:00 बजे, **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** तारीख 20/03/2025 को 16:30 बजे, **(vi) वेबसाईट विवरण : www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/02212/डीएचएन/एमईसीएच/टी/24–25/36

# ट्रक को चोरी कर भाग रहे अपराधी को पुलिस ने पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शुक्रवार को रात्रि करीब-01:00 बजे रियाज अंसारी, उम्र-54 वर्ष, पिता-बाजुद्दीन मियां, गांव-नेउरा, थाना-चैनपुर, जिला-पलामू, जो वर्तमान में ग्राम-तिलैयाटांड स्थित किराया के मकान में सो रहे थे तभी अचानक छत की ओर से 03 लोग पिस्टल लेकर घर में घुसे और पिस्टल का भय दिखाकर इनके आँख पर पट्टी बांध दिये तथा इनके अपने ट्रक पंजीयन संख्या-छ्ग193611 पर ले गये फिर पट्टी खोलकर इनको ट्रक से जीपीएस निकलने हेतु बोले, भय से यह जीपीएस निकाल दिये। इसके उपरांत रियाज अंसारी का मोबाईल एवं 2100 रूपया छीन लिये और हाथ बांधकर ट्रक से 01 कि0मी0 दूर जाने के बाद आरोही ढाबा, डाडीडीह से आगे ट्रक से उतार दिये और 02 आदमी देखने के लिए साथ में खड़ा कर दिये, जो आधा घंटा के बाद इन्हें छोड़ दिये। रियाज अंसारी अपने किराये के मकान में वापस आये तथा किरायेदार के मोबाईल से अपने मालिक को फोन कर सूचना दिये। घटना की सूचना मिलने पर पतरातू थाना प्रभारी के द्वारा पुलिस अधीक्षक, महोदय को सूचित किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तथा रियाज अंसारी से घटना की जानकारी ली। रियाज अंसारी के द्वारा बताये गये दिशा में ट्रक का पिछा करने लगे, काफी दूर पिछा करने के बाद पिपरवार थानान्तर्गत छलटा पूल के पास ट्रक पंजीयन संख्या-छ्ग193611 को समय-04:35 बजे करीब पकड़ा गया, जिसमें सवार 03 लोगों में से 02 लोग अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले एवं 01 व्यक्ति को पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम 1. आयुष कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता-राजेश महतो, ग्राम-रेचाप, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़ बताया इसके द्वारा आगे बताया गया कि 02 व्यक्ति ट्रक के आगे ग्लैमर मोटर साईकिल नं0छ्ग02 रू134 से रैकी कर रहे थे। उक्त सूचना पर रैकी कर रहे मोटरसाईकिल का पिछा किया गया, जो पुलिस को देखकर मोटरसाईकिल छोड़ कर अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गये। इस संबंध में पतरातू थाना काण्ड सं0-53/25, दिनांक-01.03.2025, धारा-310 (2) बी0एन0एस0 दर्ज किया गया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है।इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मी पवन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू , पु0नि0 सत्येन्द्र कुमार, पतरातू अंचल ,पु0अ0नि0 शिवलाल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी, पतरातू थाना , पु0अ0नि0 कैलाश कुमार, थाना प्रभारी बाहर थाना पु0अ0नि0 प्रदीप कुमार रजक आ0/72 मुकेश कुमार मेहता आ0/539 सुभान अंसारी, पतरातू थाना।

## एसएस डिएवी स्कूल सयाल में किया गया बाल मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**उरीमारी :** एसएस डीएवी स्कूल सयाल में वार्षिक बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन शनिवार को हुआ। जिससे स्कूल में उत्साह और रचनात्मकता का माहौल बन गया। यह दिन ज्ञान,मनोरंजन और सामुदायिक भावना से भरपूर रहा। वहीं स्कूल के छात्रों की अद्भुत प्रतिभा और नवाचारी भावना का प्रदर्शन हुआ। जिसने छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय निवासियों की भारी भीड़ को आकर्षित किया। प्रदर्शनी में विज्ञान,सामाजिक विज्ञान,गणित और कला एवं शिल्प से संबंधित विभिन्न प्रकार की परियोजनाएं शामिल थीं,जिन्होंने छात्रों की व्यापक समझ और उनके ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग को प्रदर्शित किया। सभी कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के मॉडल और प्रदर्शन प्रस्तुत किए। विज्ञान के प्रति उत्साही लोग श्वसन प्रणाली,जल फिल्टर,हाइड्रोलिक प्रणाली,जलविद्युत,वर्षा डिटेक्टर, कैलिडोस्कोप और माइक्रोस्कोप जैसे काम करने वाले मॉडलों से मंत्रमुग्ध हो गए। इन परियोजनाओं ने छात्रों की जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझने और उन्हें ठोस,शैक्षिक प्रदर्शनों में बदलने की क्षमता को उजागर किया।वैज्ञानिक प्रदर्शनों के अलावा छात्रों की कलात्मक और गणितीय प्रतिभाओं को भी प्रदर्शित किया। कला एवं शिल्प अनुभाग में जटिल रचनाएं प्रदर्शित की गई, जबकि गणित अनुभाग में आकर्षक पहेलियां,थ्रीडी आकार, टेबल व्हील और प्रदर्शन शामिल थे। वहीं कार्यक्रम के बाल मेला में एक उत्सव का स्पर्श जोड़ा,जिसमें छात्रों द्वारा तैयार और प्रबंधित एक जीवंत गेम ज़ोन था। छोटे बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण प्यारा मिकी माउस झूला था, जिसने सभी के चेहरे पर मुस्कान और खुशी ला दी। वहीं इस मौके पर कल्याण रॉय,आसिफ हुसैन,शरीना कुमारी, प्रीति सिंह,ललिता एक्का,सिया सिंह,पिंकी कुमारी,इमरान आलम, अमान अख्तर,मोहम्मद नसीम और कई अन्य सहित स्कूल के सभी कर्मचारियों और शिक्षकों का योगदान रहा।

## स्कूल से बैंच, डेस्क, कम्प्यूटर, अलमारी व दस्तावेज ले जाने पर ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ जताया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**उरीमारी :** राजकिय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोटंगा में शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता संजय करमाली व संचालन जीतन मुंडा ने किया। वहीं इस बैठक में ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ विरोध जताते हुए कहा कि इस विधालय से पिछले दिनों प्रबंधन स्कूल से कम्प्यूटर,बेंच डेस्क, अलमारी,स्कूल के सभी दस्तावेज बिना ग्रामीणों के सहमति से उठा कर ले गए। जिसका यहां के ग्रामीणो ने कड़ा विरोध जताया है। बता दें कि इस विधालय में 252 बच्चे पठन-पाठन करते हैं। यहां पुर्व में प्रबंधन ने 2021 में ग्रामीणों से वार्ता हुई थी जिसमें प्रबंधन ने पुर्णवास स्थल पारगढा में स्कूल स्थानांतरन करने का निर्णय किया गया था। इसके बावजूद भी स्कूल का कोई टेंडर नहीं हुआ। बच्चे आज भी इसी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। प्रबंधन से हुई वार्ता में एक स्कूल,दो आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन बनाने का भी निर्णय हुआ था। वहीं इस मामले में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि स्कूल से कम्प्यूटर,बेंच डेस्क,अलमारी स्कूल के दस्तावेज सहित सारा समान वापस करे प्रबंधन अन्यथा बाध्य होकर ग्रामीण कोलियरी का चक्का जाम करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन कि होगी। वहीं इस बैठक में मुखिया चरका करमाली, गिरधारी प्रजापति,अकल मुंडा, अजय मुंडा,कमेश्वर मुंडा,सुरज मुंडा, दिनेश मुंडा, सुनील प्रजापति,मकुल प्रजापति, लालधारी मुंडा, कंचन प्रजापति,सनोज मुंडा, दिलीप कुमार, रमेश गंझू, आकाश मुंडा,अंजू देवी,मालो देवी, पुनम देवी, शांति देवी,आशा देवी, बंसती देवी,सीता देवी,गुनी देवी,मंजरी देवी,रिंकी देवी,पानों देवी,सरीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## विधायक ममता देवी बनीं जनता उच्च विद्यालय होन्हे की अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड स्थित जनता उच्च विद्यालय, होन्हें में शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई, जिसमें रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक, ममता देवी , मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। विद्यालय पहुंचने पर छात्रों ने पारंपरिक तरीके से पुष्प वर्षा कर व स्वागत गान नृत्य उनका स्वागत किया, जबकि विद्यालय प्रबंधन ने बुके देकर सम्मानित किया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विधायक ममता देवी को विद्यालय की प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया जाए। इस अवसर पर विद्यालय के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, आधारभूत संरचना का विकास, और छात्रों के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था शामिल थी।विधायक ममता देवी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। साथ विद्यालय का चारदीवारी उंचाई पेबर ब्लॉक सिढ्ढी निर्माण विधायक नहीं इन मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की बात कही ।इस महत्वपूर्ण बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रधानाध्यापक नवरोतम कुमार, संजय महली, मोइनुद्दीन अंसारी, हरिदास महतो, बैजनाथ महतो, पवन महतो, मनोज महतो, अर्चना कुमारी, प्रदीप महतो, राहुल पांडेय, महेंद्र ओहदार, हेमलाल महतो, लिलेश्वर महतो, शराफत अंसारी बबलू महतो सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पी सी सी पथ का शिलान्यास बड़का गांव विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में दुंदुवा से शिवनगर, बी टी टी आई मोहल्ला होते इमली गछ तक पी सी सी पथ का शिलान्यास बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ,स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी , समाजसेवी मनोज राम,पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार,द्वारा कार्य स्थल पर नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया ने बताया कि ग्राम पंचायत में लंबी सड़कों का घोर अभाव था जिसके कारण प्रति दिन दुर्घटनाएं घटती रहती थी लोगों को विशेष कर बरसात के दिनों में आवागमन में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ! मुखिया प्रतिनिधि और मेरे प्रयास से और ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायत के लगभग सभी अति महत्वपूर्ण लंबी सड़कों का निर्माण हेतु टेंडर निकल चुका है ! आगामी 2 से 3 माह में पूरे ग्राम पंचायत का सड़कों का कायाकल्प हो जाएगा ! इस सड़क की कुल लागत 97 लाख 91 हजार है ! यह सड़क तीन चरण ,,240,370 तथा 810 मीटर बनेगी ! इसकी चौड़ाई 12 फीट 4 इंच रहेगी। इस अवसर पर जामा देवी,बेबी खातून, अविनाश कुमार, सहिया रंजू सिंह, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, कांग्रेस नेत्री मंजू देवी, बालेश्वर बेदीया, विनोद कुमार,संजय कुमार चंद्रवंशी, पवन कुमार, अनिकेत कुमार, दिविलाल सोरेन, वीरेंद्र यादव रंजीत मालाकार, संजय पासवान, संजय पाण्डेय, विकास सोनी, संजय शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## रामगढ़ कैंट के पंजाब रेजीमेंट सेंटर में 108 फीट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज का किया गया अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ कैन्ट में भारतीय सेना की सबसे पुरानी रेजीमेंट पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में फ्लेग फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया के सहयोग से 108 फीट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना की गई। ये एतिहासिक दिन हम सभी को राष्ट्र के प्रति वीरता, देशभक्ति और अटूट सेवा का स्मरण कराता रहेगा ।इस समारोह में मेजर जनरल आशिम कोहली, सेना मेडल (सेवानिवृत्त) सीईओ, फ्लेग फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे 108 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज रेजीमेंट की समृद्ध विरासत और भारत की संप्रभुता की रक्षा और सैनिको के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराता है। अब यह राष्ट्रीय ध्वज रामगढ़ छावनी में गर्व के साथ लहराता हुआ सैनिकों और नागरिकों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।समारोह के दौरान पंजाब रेजीमेंट सेंटर के कमाण्डेंट ब्रिगेडियर संजय चंद्र काण्डपाल ने कहा ÷यह ध्वज न केवल हमारे सशस्त्र बलों के गौरव और शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि भारतीय नागरिकों के त्याग और बलिदान का भी प्रतिनिधित्व करता है यह राष्ट्रीय ध्वज हमारी सेवा और समर्पण की कहानी बताता है तथा राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है÷ । यह 108 फीट ऊंचा ध्वज एकता, शक्ति और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है जो रामगढ़ कैंट में स्थाई रूप से लहराता रहेगा और इसे देखने वाले सभी लोगों को भारतीय सेना के समृद्ध विरासत की याद दिलाएगा।

## सेवानिवृत्त सहायक विद्युत अभियंता अभय मोहन सहाय के सम्मान में विदाई सह् सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** शुक्रवार को रामगढ़ स्थित सैनी होटल के सभागार में सहायक विद्युत अभियंता अभय मोहन सहाय के सम्मान में रामगढ़ विद्युत परिवार की ओर से विदाई सह् सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि अभय मोहन सहाय विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल गोला से सहायक विद्युत अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इस समारोह में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने अभय मोहन सहाय के कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अभय मोहन सहाय अपने बेदाग कार्यकाल में ÷सादा जीवन, उच्च विचार÷ के मूलमंत्र को बनाये रखा।अभय मोहन सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि मैं अपने कार्यकाल में हमेशा अपने उच्चाधिकारियों एवं सहकर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करने का भरसक प्रयास किया। आगे उन्होंने कहा कि बावजूद इसके अगर मेरे कारण किसी की भावना आहत हुई हो तो मुझे इसके लिए खेद है। मौके परविभाग के विद्युत अधीक्षण अभियंता, आपूर्ति रामगढ़, सकला हेंब्रम, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रामगढ़ देसराज जी, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कुजू के कार्यपालक अभियंता नवलेश कुमार, सहायक विद्युत अभियंता , विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल रामगढ़ के दीपक सिंह, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, गोला के नए सहायक विद्युत अभियंता सुमन कुमार, कनीय अभियंता गोला, अलका राज अन्य कार्यपालक अभियंता, पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा धर्मेंद्र बक्शी की उपस्थिति रही। समारोह में चित्रगुप्त महापरिवार गोला के सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष सह् पत्रकार सुजीत सिन्हा विशेष तौर पर उपस्थित थे। सभा के आयोजन एवं मंच के संचालन को बखूबी कौशल तिवारी, प्रधान लिपिक, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा संपन्न किया गया।

## रमजान उल मुबारक का चांद देखने के बाद आतिशबाजी कर लोगों को दिया पैगाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** रामगढ़ शनिवार की शाम रमजान उल मुबारक का चांद नजर आने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगोंने आतिशबाजी करके खुशियों का एक इजहार किया है मुस्लिम समुदाय के मुताबिक चांद देखकर रमजान उल मुबारक का रोजा रखा जाता है और चांद देखकर ईद का मनाया जाता है चांद देखने वालों में मोहम्मद रेहान अली चिश्ती, मोहम्मद असगर अली चिश्ती, मोहम्मद इमरान अली चिश्ती, मोहम्मद अस्फाहन अली चिश्ती, सकलैन हैदर चिश्ती ,एहतेशाम अली चिश्ती, अब्बास खलीफा, सहबू खलीफा, आदि लोग शामिल थे मोहम्मद एहसान मंजर चिश्ती ने बताया की रमजान उल मुबारक का चांद देख कर आतिशबाजी कर लोगों को यह पैगाम दिया गया कि रमजान मुबारक का चांद नजर आ गया है और रविवार के दिन से रमजान उल मुबारक का रोजा रखा जाएगा जिसके बाद हम लोग 29 या 30 रोजे रखकर चांद देखने के बाद ईद मनाने का काम करेंगे।

## झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**रामगढ :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा विद्यालय में भारतीय रिज़र्व बैंक,देश के केंद्रीय बैंक के रूप में देश की वित्तीय और मौद्रिक व्यवस्था को विनियमित करने के साथ साथ वित्तीय शिक्षण वित्तीय समावेशन व वित्तीय जनजागरण के संबध में प्रचार प्रसार जैसी बुनियादी जिम्मेदारियों के लिए भी प्रतिबद्ध है। भारतीय रिज़र्व बैंक राँची कार्यालय ने बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष भर के लिए कई नवोन्मेषी कार्यक्रमों और अभिनव पहलों की परिकल्पना की है। इसके अंतर्गत राँची कार्यालय ने राज्य के 90 विद्यालयों एवं महाविद्यालयो में वित्तीय शिक्षण व समावेशन संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करने का निश्चय किया है, जिसमें विशेष योग्यता वाले बच्चों के स्कूल भी शामिल रहेंगे। इस अभियान की शुभारंभ दिनांक 20 अगस्त 2024 को जमशेदपुर जिला से हुआ। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय ने 01 मार्च 2025 को रामगढ़ दुलमी स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय,चामरोम में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची के एलडीओ हर्षिता सबलोक साथ में स्वधार फिनएक्सेस के सुधीर कुमार, राम प्रवेश चौधरी ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और छात्रों में वित्तीय साक्षरता के प्रसार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल बैंकिंग में सतर्कता और वित्तीय जन-जागरूकता के महत्व पर छात्रों को जागरूक किया। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसके विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिया गया।

# आभूषण की दुकान में सेंध लगा कर लाखों की चोरी, पुलिस कर रही है जाँच

## चोरी की घटना से जहां व्यापारियों में दहशत है, वहीं आम नागरिको में काफी आक्रोश व्याप्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बेखौफ चोरो ने क्षेत्र के सभी दुकानदारो को दहशत में डाल दिया है। चोरी की घटना से जहां व्यापारियों में दहशत है, वही आम नागरिको में काफी आक्रोश दिख रहा है। लोगो का कहना है की चोरी की घटनाओ में बेहताशा वृद्धि हुई है। बताते चले की कल रात दो अलग अलग जगह चोरी की घटना में लगभग 5 से 6 लाख की चोरी की घटना को चोरो ने अंजाम दिया है। दिनदहाड़े गाड़ी चोरी की घटना अभी थमी ही थी चोरो ने बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। बताते चले की जामाडोबा भौंरा मुख्य मार्ग के किनारे कॉपरेटिव कालोनी भुवनेश्वर चौक के समीप वर्मा ज्वेलर्स एवं कपड़े की दुकान के पीछे की दीवार में चोरों ने सेंधमारी कर दुकान में प्रवेश कर गया। इस दौरान चोरों ने दुकान के तिजोरी और अलमारी को ग्रांईर मशीन से काट कर उसमें रखे 6 किलो चांदी, सोने की जेवरात, नकद 5 हजार सहित कुछ कपड़े चोरी कर फरार हो गए है। दुकानदार शशि कुमार वर्मा ने उसके दुकान से लगभग पांच लाख की संपति की चोरी होने का आकलन किया जा रहा है। घटना स्थल के समीप सीसीटीवी नहीं लगे रहने के कारण पुलिस को घटना को उद्भेदन करने में परेशानी हो रही है। वही झरिया थाना के लोदना मोड़ स्थित साफी मार्केट में बीती रात को दुल्हन ज्वेलर्स की दुकान का चोरो ने शटर तोड़ कर दुकान से सोने चांदी की जेवरातो की चोरी किया है। दुकान मालिक सजाद आलम ने बताया कि सात फरवरी को दुकान ओपनिंग किया था। अभी 20 से 25 दिन हुआ है, चोरी की घटना घट गई 15 से 20 हज़ार के लग भग की चोरी हुई है नई दुकान थी स्टोन एवं चोरों ने आर्टिफिशियल जैसी सामान को छोड़ कर कुछ सामान ले गए। जिसकी सुचना झरिया थाना को दी है। जेवरात के कागजात नहीं होने के कारण सही आकलन करना मुश्किल हो रहा है। घटना की सूचना पाकर जोरापोखर के थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा एवं झरिया प्रभारी शशि रंजन ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच कर रही है।



# अब्दुल जब्बार ने समस्त देश वासियों को रमजान की दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 1 मार्च 2025 को रमजान का चांद नजर आ गया है। लिहाजा 2 मार्च बरोज रविवार को पहला रोजा पूरे भारत वर्ष में रखा जाएगा। इस मुबारक माह के शुरू होते ही मजहब ए इस्लाम के मानने वालों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं इस मौके पर धनबाद नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 18 के पार्षद उम्मीदवार सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने समस्त देश वासियों को रमजान की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने कहा की रमजान की रहमत और बरकत से सभी के घर में खुशहाली आए।

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए बैभव सिन्हा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियां एवं खदानों के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन द्वारा पुटकी बलिहारी क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना में प्रदेश कांग्रेस सचिव सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के संयुक्त महामंत्री वैभव सिन्हा भी सम्मिलित हुए और अपनी बातों को रखा। बैभव सिन्हा ने केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों एवं खदानों के निजीकरण का पुरजोर विरोध किया। मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा, नगीना राय, अमरेंद्र चौधरी, रामनाथ सिंह, कयूम खान, अक्षयवर प्रसाद, चन्द्र देव यादव, गुड्डू खान, जितेंद्र शर्मा, सुरेश तांती, गणेश भुइयां, रामप्रकाश यादव, मंबोध सिंह, राजेश पाठक, मनोज सिंह, विनोद सिंह, विनोद चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अनुभूति एक एहसास ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन एंड फेस्टिवल का हुआ उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अनुभूति एक एहसास ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन एंड फेस्टिवल में डांस, सिंगिंग इंस्ट्रूमेंट्स एंड ड्राइंग कंपटीशन एंड फेस्टिवल में डांसिंग का दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन शनिवार को बीसीसीएल सीएमडी की धर्मपत्नी मिली दत्ता, बीसीसीएल डायरेक्टर पर्सनल की धर्मपत्नी पूर्विता रमैया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बैभव सिन्हा, काला हीरा के डॉयरेक्टर राजेंद्र प्रसाद, एआईटीसी उपाध्यक्ष वशिष्ठ सिन्हा, क्लब इंडिया के संस्थापक संतोष रजक, समाजसेवी सुमित सवारियां, अनुभूति एक एहसास की सेक्रेटरी सारसी चंद्रा एवं आकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मंच संचालन श्रुति चंद्रा और शिप्रा भट्ट ने किया। स्थानीय नन्हे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक एवं शानदार प्रस्तुति दी। निर्णायक में सिमरन छाबड़ा ने बारीकी से प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के प्रतिभाओं का आकलन कर उन्हें अंक दिए। उसी आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता घोषित किया गया जिन्हें अतिथियों के द्वारा मंच पर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय चंद्रा श्यामल राय चौधरी, सम्पा राय चौधरी की सक्रिय भूमिका थी। अनुभूति एक एहसास की सचिव सारसी चंद्रा ने बताया इस आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच मिलता है पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से उनका मनोबल बढ़ता है और वह बड़े मंच की और अग्रसर होते है। बच्चों के प्रतिभाओं को निखारने के लिए बीसीसीएल, 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज क्लब इंडिया में अपना सहयोग एवं समर्थन दिया है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मना 74वां जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नीतीश विचार मंच एवं जिला जदयू ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन धुमधाम से धनबाद सर्किट हाउस में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीतीश विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह धनबाद जिला जनता दल यू के अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह ने किया। सर्वप्रथम सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर केक काट कर जन्मदिन मनाया। उसके बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उनके जन्म दिवस पर बधाई दिए और नीतीश कुमार की दीर्घायु होने के लिए भगवान से कामना किए।नीतीश विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न के उपाधि से सम्मानित करने की मांग देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से किया गया। इसके अलावा बिहार की राजनीत में राजनीतिक पारदर्शिता बने रहे इसके लिए नीतीश कुमार के पुत्र निशान्त कुमार को बिहार के सक्रिय राजनीत में लाने की मांग की गई।मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, हाजी हसीब खान, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, मुन्ना सिन्हा, विजय सिंह कुशवाहा, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पुष्पा पांडेय आदि मौजूद थे।

# अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज, आरोपी फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देने वाला पीड़ित महिला का पड़ोसी शेरू खान के ऊपर लगा है। आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो चुका है। वहीं पीड़ित के शिकायत पर चिरकुंडा थाना पुलिस मामले की जांच करते हुए शेरू खान की गिरफ्तारी के लिये ताबड़तोड़ छापे मार रही है। पीड़िता के आस पास के लोगों की माने तो शेरू खान इससे पहले भी क्षेत्र की एक महिला के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दे चुका है, जिसकी लिखित शिकायत भी थाने में की गई थी। लेकिन शेरू खान के खिलाफ कार्रवाई नही होने के कारण उसका मनोबल बढ़ता गया। वह दुबारा घटना को अंजाम दिया। क्षेत्र के लोगों की अगर माने तो आरोपी शेरू खान इलाके की महिलाओं व युवतियों के ऊपर गंदी निगाहें रखता था। कभी कभी तो ऐसा भी होता था कि महिलाओं को अकेला देखकर गंदी गंदी कॉमेंट भी पास करता था। महिलाएं के विरोध नहीं करने का वह फायदा उठाता था। घटना के बाद लोगों में आरोपी के प्रति आक्रोश व्याप्त है।



# बरदाश्त सब्र मोहब्बत और अमन व अमान का नाम है रमजान : मुफ्ती शाहकार आलम कासमी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ईश्वर ने अपने प्यारे बंदो को रमजान का मुबारक महीना दिया ताकि बंदा रोजा रख कर अपने अंदर धैर्य, बर्दाश्त और मोहब्बत पैदा करें। बंदो को यह आदेश दिया गया कि रोजा रखो। दिन में खाने पीने से रुक जाओ और जब तुम्हें भूख और प्यास का एहसास होने लगे तो उन गरीबों जरूरतमंदों और समाज के पिछड़े हुए तबके के लोगों के दुख दर्द गम व परेशानी का तुम भी एहसास करो जिन्हें समाज नीची निगाह से देखता है और सिर्फ और सिर्फ इंसानियत की बुनियाद पर उनसे मोहब्बत और उनकी मदद करो। इसलिए मालदार मुसलमानों पर जकात, सदका आदि फर्ज किया गया ताकि वे अपनी माल व दौलत में से एक खास हिस्सा निकाल कर जरूरतमंदों में बांट दें ताकि वह लोग जिनके पास खाने के लिए रोटी रहने के लिए मकान और बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए इंतजाम नहीं है उनकी मदद हो सके और ईद जो कि प्यार और मोहब्बत खुशी का त्यौहार है उनमें वह और उनके बच्चे भी शामिल हो जाएं।ईश्वर चाहता है कि वह अपने बंदों के पाप को माफ कर दे इसलिए उसने रमजान को तीन हिस्सों, रहमत मगफिरत और नर्क से आजादी में बांटा दिया है। रमजान के आखिरी 10 दिनों में शबे कद्र यानी एक ऐसी रात बनाई है जिस एक रात में पुण्य करने का बदला हजार महीनों से ज्यादा दिन तक पुण्य करने के बदले से ज्यादा है जिस ईश्वर ने पूरी दुनिया को बनाया और इंसानों को पैदा किया है, वह चाहता है कि उसके बंदे आपस में प्यार और मोहब्बत और भाईचारा के साथ रहे।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई–निविदि संख्या : TRD-OT-15-LEAN-MAST-24-25
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Replacement of leaning mast & provision of Electrification of un-wired line in Dhanbad Division. कार्य समापन की अवधि (06) छः माह, 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,90,99,574.80, निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य, 3. बीड सिक्युरिटि : ₹2,45,500/–, 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 21.03.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि : 21.03.2025 को 11:30 बजे, 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./ पूमरे/धनबाद
पीआर/02208/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24–25/32

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सत्यमेव जयते

सी.जी.–डी.एल.–अ.- 25112024-258871 CG-DL-E-25112024-258871
असाधारण EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप-खण्ड (ii) PART II--Section 3--Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4637] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 22, 2024/अग्रहायण 1, 1946
No. 4637] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 22, 2024/AGRHAYAN 1, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 22 नवम्बर, 2024**

का. आ. 5026(अ)—– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य में एन.एच.–143AG के कि.मी. 37.400 (डिजाइन चेनेज) से कि.मी. 85.560 (डिजाइन चेनेज) बेरो–खूंटी खंड (राँची जिला के कि.मी. 33.25 से कि.मी. 58.05) पर पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का चौड़ीकरण/पुनर्निर्माण (भू–अर्जन पदाधिकारी राँची) तक के भू–खण्ड के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् भू–अर्जन पदाधिकारी राँची को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा ।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

अनुसूची

झारखंड राज्य के खूंटी जिले में NH143AG के कि.मी. 37.400 से कि.मी. 85.560 (राँची जिला के 33.25 से कि.मी. 58.05 (जिला भू–अर्जन पदाधिकारी राँची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

| राज्य का नामः झारखंड | | | जिले का नामः राँची | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (स्थानीय इकाई) | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नामः बेड़ो | | | | | |
| गांव का नामः तुको | | | | | |
| 1 | 198 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0147 ( एकर ) | 0.005949 |
| 2 | 199 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1769 ( एकर ) | 0.0715905 |
| 3 | 200 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.23 ( एकर ) | 0.0930797 |
| 4 | 201 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.2299999 ( एकर ) | 0.0930797 |
| 5 | 202 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0071 ( एकर ) | 0.0028733 |
| 6 | 204 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2683 ( एकर ) | 0.1085795 |
| 7 | 205 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0925 ( एकर ) | 0.0374342 |
| 8 | 206 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1001 ( एकर ) | 0.0405099 |
| 9 | 207 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1103 ( एकर ) | 0.0446378 |
| 10 | 221 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0139001 ( एकर ) | 0.0056253 |
| 11 | 222 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0075 ( एकर ) | 0.0030352 |
| 12 | 223 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0381999 ( एकर ) | 0.0154593 |
| 13 | 224 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0658 ( एकर ) | 0.0266289 |
| 14 | 225 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1605 ( एकर ) | 0.0649535 |
| 15 | 227 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.09 ( एकर ) | 0.0364225 |
| 16 | 228 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0452 ( एकर ) | 0.0182922 |
| 17 | 230 | सरकारी (गैरमजरूवा खास) | जंगल झाड़ी | 0.1347 ( एकर ) | 0.0545123 |
| 18 | 243 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.2611 ( एकर ) | 0.1056657 |
| 19 | 27 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0787999 ( एकर ) | 0.0318899 |
| 20 | 28 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1312 ( एकर ) | 0.0530959 |
| 21 | 32 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0459 ( एकर ) | 0.0185755 |
| 22 | 33 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0949 ( एकर ) | 0.0384055 |
| 23 | 330 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.0324 ( एकर ) | 0.0131121 |
| 24 | 331 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.0902 ( एकर ) | 0.0365034 |
| 25 | 332 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.33 ( एकर ) | 0.1335492 |
| 26 | 333 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.2607 ( एकर ) | 0.1055038 |
| 27 | 334 | निजी (रैयती) | परती कदीम | 0.06 ( एकर ) | 0.0242817 |
| 28 | 335 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.1188 ( एकर ) | 0.0480777 |
| 29 | 339 | सरकारी (गैरमजरूवा खास) | परती कदीम | 0.7948 ( एकर ) | 0.3216512 |
| 30 | 34 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1579 ( एकर ) | 0.0639013 |
| 31 | 340 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0119 ( एकर ) | 0.0048159 |
| 32 | 35 | निजी (रैयती) | परती कदीम | 0.026 ( एकर ) | 0.0105221 |
| 33 | 36 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2279 ( एकर ) | 0.0922299 |
| 34 | 37 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.288 ( एकर ) | 0.116552 |
| 35 | 370 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3795 ( एकर ) | 0.1535815 |
| 36 | 371 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3644 ( एकर ) | 0.1474707 |
| 37 | 373 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.4271 ( एकर ) | 0.172845 |
| 38 | 374 | निजी (रैयती) | टाड़ ।।। | 0.4805 ( एकर ) | 0.1944557 |
| 39 | 378 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3258013 ( एकर ) | 0.1318495 |
| 40 | 379 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2246 ( एकर ) | 0.0908944 |
| 41 | 383 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2326 ( एकर ) | 0.0941319 |
| 42 | 384 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2065 ( एकर ) | 0.0835694 |
| 43 | 385 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.4857 ( एकर ) | 0.1965601 |
| 44 | 39 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0561 ( एकर ) | 0.0227034 |
| 45 | 398 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.054 ( एकर ) | 0.0218535 |
| 46 | 399 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.089 ( एकर ) | 0.0360178 |
| 47 | 40 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0561 ( एकर ) | 0.0227034 |
| 48 | 401 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2687 ( एकर ) | 0.1087414 |
| 49 | 402 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.02 ( एकर ) | 0.0080939 |
| 50 | 403 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.573 ( एकर ) | 0.2318899 |
| 51 | 404 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3273 ( एकर ) | 0.1324565 |
| 52 | 41 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.051 ( एकर ) | 0.0206394 |
| 53 | 42 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0309 ( एकर ) | 0.0125051 |
| 54 | 424 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.725 ( एकर ) | 0.2934035 |
| 55 | 425 | निजी (रैयती) | परती कदीम | 0.03 ( एकर ) | 0.0121408 |
| 56 | 426 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.4267 ( एकर ) | 0.1726831 |
| 57 | 427 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.004 ( एकर ) | 0.0016188 |
| 58 | 428 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3061 ( एकर ) | 0.123877 |
| 59 | 429 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3783 ( एकर ) | 0.1530959 |
| 60 | 43 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.07 ( एकर ) | 0.0283286 |
| 61 | 430 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2464 ( एकर ) | 0.0997167 |
| 62 | 44 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.12 ( एकर ) | 0.0485633 |
| 63 | 442 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0236 ( एकर ) | 0.0095508 |
| 64 | 443 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.362 ( एकर ) | 0.1464994 |
| 65 | 45 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.24 ( एकर ) | 0.0971267 |
| 66 | 46 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0695 ( एकर ) | 0.0281263 |
| 67 | 708 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0555 ( एकर ) | 0.0224605 |
| 68 | 709 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1979 ( एकर ) | 0.080089 |
| 69 | 710 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.3382 ( एकर ) | 0.1368677 |
| 70 | 711 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1176 ( एकर ) | 0.0475921 |
| 71 | 712 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0986 ( एकर ) | 0.0399029 |
| 72 | 713 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1541 ( एकर ) | 0.0623634 |
| 73 | 714 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1125 ( एकर ) | 0.0455281 |
| 74 | 715 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.3003 ( एकर ) | 0.1215297 |
| 75 | 716 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0473 ( एकर ) | 0.0191421 |
| 76 | 721 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0426 ( एकर ) | 0.01724 |
| 77 | 722 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0169 ( एकर ) | 0.0068393 |
| 78 | 723 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.09 ( एकर ) | 0.0364225 |
| 79 | 724 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0898 ( एकर ) | 0.0363416 |
| 80 | 725 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0974 ( एकर ) | 0.0394172 |
| 81 | 738 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1319 ( एकर ) | 0.0533792 |
| 82 | 739 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1273 ( एकर ) | 0.0515176 |
| 83 | 740 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0884 ( एकर ) | 0.035775 |
| 84 | 742 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1304999 ( एकर ) | 0.0528126 |
| 85 | 743 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.101 ( एकर ) | 0.0408741 |
| 86 | 744 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0973 ( एकर ) | 0.0393768 |
| 87 | 757 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0446 ( एकर ) | 0.0180494 |
| 88 | 763 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.061 ( एकर ) | 0.0246864 |
| 89 | 764 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.1758 ( एकर ) | 0.0711453 |
| 90 | 765 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.2072 ( एकर ) | 0.0838527 |
| 91 | 766 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.3094 ( एकर ) | 0.1252125 |
| 92 | 767 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1287 ( एकर ) | 0.0520842 |
| 93 | 768 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.169 ( एकर ) | 0.0683934 |
| 94 | 769 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1464 ( एकर ) | 0.0592473 |
| 95 | 770 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.4141 ( एकर ) | 0.167584 |
| 96 | 771 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.151 ( एकर ) | 0.0611089 |
| 97 | 799 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | देव स्थान | 0.204 ( एकर ) | 0.0825577 |
| 98 | 840 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.1384 ( एकर ) | 0.0560097 |
| 99 | 894 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.09 ( एकर ) | 0.0364225 |
| 100 | 895 | निजी (रैयती) | परती कदीम | 0.01 ( एकर ) | 0.0040469 |
| 101 | 896 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.4788 ( एकर ) | 0.1937677 |
| 102 | 897 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2695 ( एकर ) | 0.1090652 |
| 103 | 899 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.0282 ( एकर ) | 0.0114124 |
| 104 | 900 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.376 ( एकर ) | 0.1521651 |
| 105 | 901 | निजी (रैयती) | टाड़ ।। | 0.1994 ( एकर ) | 0.0806961 |
| | | | | | 7.4816678 |

[फा. सं. RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3A]
अभय जैन, निदेशक

PR 347528 Land Reforms(24-25)D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरें**

### संगठन के दायित्वों का शत प्रतिशत निर्वहन करें : किशलय तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के जिला चुनाव प्रभारी किशलय तिवारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ।बीजेपी जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में बूथ समिति गठन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई. विभिन्न मंडलों के मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी से मंडल वाइज कार्य प्रणाली की जानकारी ली गई. किशलय तिवारी ने सभी बूथों में बूथ समिति का गठन 5 फरवरी तक कर लेने की बात कही। संगठन के दिशा निर्देशों का सभी पार्टी के कार्यकर्ता अपने अपने मंडलों में अनुपालन सुनिश्चित करें आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बीजेपी का परचम लहरे, इसी सोच और कृतबद्धता के साथ संगठन के दायित्वों का निर्वहन करें। मौके पर दुर्ग विजय सिंह देव, श्रद्धानंद बेसरा, दीपक पूरी, मुकेश श्रीवास्तव, रंजन शाह, मार्गेट पिंकी बा, अनिरुद्ध सिंह, अनूप केशरी, तुलसी साहू, सुरजन बड़ईक सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला कौशल समिति की बैठक समारहणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कौशल विकास विभाग द्वारा जिला में संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों के प्रगति की स्थिति की समीक्षा की गई जिसमें जिला में कुल युवक-युवतियों का प्रशिक्षण, उनका सर्टिफिकेशन, असेसमेंट, प्लेसमेंट पर चर्चा की गई। इस पर उपायुक्त द्वारा जिला के युवक-युवतियों का अधिक से अधिक इनरॉल्मेंट व प्लेसमेंट किये जाने का निर्देश जिला कौशल पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त द्वारा जिला में आवासीय और गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करनेवालों की संख्या व उनके प्लेसमेंट की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी, जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कौशल पदाधिकारी ज्योत्सना दास, पीपीआइए फेले हेमलता बजाज समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया ठेठईटांगर प्रखंड का भ्रमण कर संचालित कार्यों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने ठेठईटांगर प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोरोमियां पंचायत, भवन एवं जन आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।भ्रमण के दौरान उपायुक्त महोदय ने कोरोमियां पंचायत के अंतर्गत संचालित कार्य विवरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कोरोमियां पंचायत के मुखिया रेणुका सोरेंग से संचालित कार्यो योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। तथा पंचायत अंतर्गत संचालित टाइट एवं अनटाईड मद अंतर्गत धरातल पर लिए गए योजना के तहत व्यय की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने योजनाओं का चयन कर शत प्रतिशत राशि का खर्च करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जॉब कार्ड रजिस्टर, 15 वीं वित्त योजना पंजी, योजना रिकार्ड, रजिस्टर -2 ग्राम सभा एवं सामाजिक सचिवालय सभा रजिस्टर, सामग्री पंजी, पंजी याचिका, एसेट पंजी सहित अन्य रजिस्टर की जांच की गई। साथ ही योजना का रिकॉर्ड, मुख्य पुस्तक, ई-मास्टर रोल निर्गत की जांच की गई। पंचायत भवन, कोरोमियां के निरीक्षण क्रम में पाया गया कि किसी भी योजना का अभिलेख में ई- मास्टर रोल की कॉपी नहीं पाई गई। जिस पर उपायुक्त ने योजनाओं में कार्य करने हेतु मास्टर रोल निकाला जाता, योजना में काम करने वाले मजदूरों का हस्ताक्षर कर कर। एक कॉपी अभिलेख में रखने की बात कहीं।

## एसोसिएशन सचिव आलोक राय की अध्यक्षता में कार्यक्रम की तैयारीयों को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएस कॉलेज निकट स्थित राज्य स्तरीय स्टेडियम में आगामी 5 मार्च से शुरू होने वाले स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट कप के आयोजन को लेकर एसोसिएशन के सचिव आलोक राय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम के पूर्व व कार्यक्रम के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से आयोजन में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने को लेकर निमंत्रण कार्ड वितरण करने पर संबंधित लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं मुख्य रूप से आयोजन के प्रचार प्रसार को लेकर जोर दिया गया। इसको लेकर प्रचार प्रसार गांव से लेकर शहर तक किए जाने की बात कही गई। वही स्टेडियम को चारों ओर से झंडा से सजाने की बात कही गई। बाहर से आ रहे खिलाड़ियों को रिसीव करने और उन्हें उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचने से लेकर स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच के दौरान की जाने वाली तैयारी पर भी योजना बनाई गई। स्टेडियम के आसपास के जगहों को चिन्हित करते हुए पार्किंग व्यवस्था भी सुदृढ़ किया गया। पूरे आयोजन के दौरान आमजनों को स्टेडियम परिसर में प्रवेश के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो इस दिशा में भी व्यवस्था पर जिम्मेवारियां सौंपी गई। मौके पर अन्य विषयों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा परिचर्चा की गई। मौके पर मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, चंद्रकिशोर प्रसाद, संजय बर्मन, इकरामुल अंसारी, सरोज प्रजापति, रेहान अख्तर, पंकज कुमार, आकाश महतो, सतीश वर्मा, रेहान हुसैन, तनवीर रजा, रोहित ओझा, अमित कुमार जयजीत चौबे, रौनक इकबाल, आशीष कुमार, सुकेश शर्मा, कार्तिक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोहरदगा जिला प्रशासन और द हंस फाउंडेशन के बीच समझौता पर हुआ हस्ताक्षर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला में पहले से संचालित छह मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (रू) की सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लोहरदगा जिला प्रशासन और द हंस फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (रू) पर आज शनिवार को हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सिविल सर्जन डॉ. शम्भूनाथ चौधरी, हंस फाउंडेशन के क्षेत्रीय सीनियर मैनेजर शिशुपाल मेहता, प्रोग्राम मैनेजर सैमुअल सिंह और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अमित कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। लोहरदगा जिले में संचालित ये मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (MMU) ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस समझौते के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को



उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं निरंतर मिलती रहें। इस अवसर पर प्रोग्राम मैनेजर सैमुअल सिंह ने कहा, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह साझेदारी स्वास्थ्य सुविधाओं को और सशक्त बनाएगी तथा जिले के प्रत्येक व्यक्ति तक जरूरी चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने में सहायक होगी। द हंस फाउंडेशन के रीजनल सीनियर मैनेजर (ईस्ट) शिशुपाल मेहता ने कहा, द हंस फाउंडेशन का उद्देश्य देश के ग्रामीण और वंचित समुदायों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। यह समझौता इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जिससे लोगों को घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस समझौते के तहत छह मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (MMU) जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच,दवा वितरण और रेफरल सेवाएं प्रदान करना जारी रखेंगी। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और पहुंच को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी।

## सड़क दुर्घटना में गर्भवती महिला सहित ट्रिपल मोटरसाइकिल सवार घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में गर्भवती महिला सहित ट्रिपल मोटरसाइकिल सवार सहित पांच लोग घायल हो गये। वही गर्भवती महिला को गम्भीर चोटें लगी है जिसे प्राथमिक उपचार के पश्चात सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के रामनगर सेन्हा के समीप एन एच 143 ए पथ पर देर शाम में कोचिंग से घर जा रही 11 वर्षीय छात्रा को धक्का मारते हुए मोटरसाइकिल सवार दम्पति को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे अनियंत्रित हो गर्भवती महिला गिर कर जख्मी हो गई। दम्पति का पहचान जोगना निवासी रंजीत उराँव की पत्नी सुषमा उराँव के रूप में किया गया। और कोचिंग से घर लौट रही बच्ची का पहचान सेन्हा निवासी संजीत महतो की 11 वर्षीय पुत्री



सृष्टि मेहता के रूप में किया गया। तथा दुर्घटना को अंजाम देने वाले मोटरसाइकिल जे एच 01 एफ डब्लू 8744 के चालक एवं सवार लोगो की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के इचा निवासी बृजमोहन उराँव का 22 वर्षीय पुत्र अजित उराँव, बिगन उराँव का 23 वर्षीय पुत्र महेंद्र उराँव तथा हरि उराँव का 17 वर्षीय पुत्र शाहीराम उराँव के रूप में किया गया। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस की मदद से इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेजा गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मोटरसाइकिल सवार दम्पति साप्ताहिक कृषि बाजार लोहरदगा से जोगना घर लौट रहे थे। तभी मोटरसाइकिल सवार जे एच 01 एफ डब्लू 8744 के चालक ने शराब के नशे में लापरवाही एवं तेज रफ्तार में धक्का मार दिया जिससे गर्भवती महिला को गम्भीर चोटें आई है। तथा अन्य सभी को हल्की चोट आई है। घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## आदिवासी कर्मचारी समिति अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता में सरहुल पूर्व संध्या समारोह को लेकर हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी सरहुल पूर्व संध्या समारोह के सफल संचालन हेतु आज दिन शनिवार को आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा के अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता में सुबह 8.30 से समाहरणालय लिपटस मैदान, लोहरदगा में बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से निम्न निर्णय सर्व सम्मति से लिए गए इस वर्ष सरहुल पूर्व संध्या समारोह 30.03.2025 दिन रविवार को समय 10 बजे से 5 बजे तक न्यू नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित किया जाएगा। आगला बैठक दिनांक 8.03.2025 को समाहरणालय मैदान में आयोजित किया गया है। साथ ही साथ विशेष चर्चा यह भी की गई कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष की भी सरहुल संध्या समारोह कार्यक्रम भव्यता के साथ मनाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से विनोद कुमार उरांव, बिफाई उरांव, सुधीर उरांव, अरविन्द उरांव, अंजू कुजूर, रेखा उरांव, सुश्री प्रीति पल्लवी, सुरेन्द्र उरांव, जितेन्द्र उरांव, अजय कच्छप इत्यादि उपस्थित थे।

## जिला खनन पदाधिकारी एवं वन विभाग की मनमानी के खिलाफ दो हजार ट्रकों का परिचालन होगा ठप्प : कंवलजीत सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कंवलजीत सिंह ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा है कि बॉक्साइट ट्रकों का परिचालन जो ऊपर पाट( नेतरहाट प्लोटो) एवं सेरेंगदाग, विमरला से होता है उसमें गुमला जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा ट्रक मालिकों का शोषण किया जा रहा है एवं मनमानी तरीके से ट्रक मालिकों को परेशान किया जा रहा है।जिला खनन पदाधिकारी गुमला का कहना है कि पहाड़ से लेकर लोहरदगा हेसल एवं टोरी,रिचूघूटा अनलोडिंग साइडिंग स्टेशनों तक तक लगभग 100 किलोमीटर की दूरी 4 घंटा में तय किया जाए एवं 150 से 200 किलोमीटर की दूरी 5 से 6 घंटे में तय नहीं करने पर केस किया जा रहा है। ड्राइवर और ट्रक मालिकों को जेल भेजा जा रहा है और जरा सी देरी होने पर 50 से 60 हजार रुपए या फाइन काटा जा रहा है। जबकि पहाड़ से लेकर अनलोडिंग स्टेशनों तक में दर्जनों जगह हाट बाजार, स्कूल, नो एंट्री, वीआईपी का आगमन आए दिन जुलूस धरना, प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, सड़क जाम सहित अनेक परेशानियां हैं। अगर इन अफसरों को लगता है कि 4 घंटे में गाड़ी पंचर होने पर या खराब होने पर भी पहुंच जाएगी तो साथ में चले और हम लोग को गाड़ी चलवा कर दिखाएं। उनके इस कर्म के चलते एक्सीडेंट की भी संभावना बढ़ रही है और एक ओर प्रशासन कहता है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाए, दूसरी ओर स्वयं उन्ही के ऑफिसर कह रहे हैं की गाड़ी को हवाई जहाज की तरह चला कर माल को पहुंचाइये, वहीं गुमला वन विभाग के द्वारा नाका में पेपर वन विभाग का चेक नहीं करके जिला खनन पदाधिकारी को जो पेपर जांच करनी चाहिए वह नाका में एक सेटिंग के तहत वन विभाग पेपर में टाइमिंग देर है कि नहीं है वह जांच करके खबर कर रहे है और गाड़ी पकड़ कर डीएमओ को दे रहा है।

## लोहरदगा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामजीवन नायक को सेवानिवृत पर दिया गया विदाई

- ➲सेवानिवृत शिक्षक, शिक्षा पदाधिकारी एक लाइब्रेरी होते है : किशोर कुमार वर्मा
- ➲मेरी पहली अभिनन्दन कुटमू स्कूल में और अंतिम विदाई भी यहीं से हुआ : रामजीवन नायक
- ➲प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बहुत ही व्यावहारिक और लोकप्रिय रहे है : रश्मि खेस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामजीवन नायक का सेवानिवृत विदाई समारोह राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय कुटमू में किया गया। इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए प्रधानाध्यापिका रश्मि खेस ने कहा की आज तक इतना वर्षों में ऐसा व्यवहार कुशल और सामान्य व्यावहारिक शिक्षा पदाधिकारी नहीं देखी हुँ, ये सरल स्वाभाव के सीधे और शिक्षक शिक्षा हितैषी शिक्षा पदाधिकारी है मै और पूरा शिक्षा समाज इनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते है। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाध्यापक सह राष्ट्रपति पुरुस्कार सेवानिवृत शिक्षक किशोर कुमार वर्मा ने कहा की कोई भी शिक्षक या शिक्षा पदाधिकारी सेवानिवृत होते है तो उनके पास इतना अनुभव और ज्ञान प्राप्त रहता है की वे एक लाइब्रेरी की तरह हो जाते है इनसे बहुत कुछ ज्ञान शिक्षा प्राप्त किया जा सकता है। रामजीवन नायक शिक्षक से शिक्षा पदाधिकारी बने इसलिए शिक्षकों की समस्या और कार्यो से परिचित थे इसलिए कभी भी किसी को तंग नहीं किये न किन्ही का वेतन स्थगित किये यही मोटिवेशन होता है शिक्षा में तानाशाही प्रवृति से शिक्षा का विकास असंभव है। इस अवसर पर रामजीवन नायक ने कहा की मेरी पहली पदस्थापना की सुरुवात अभिनन्दन कुटमू स्कूल से हुआ और विदाई कार्यक्रम भी इसी स्कूल से हुआ यही प्रकृति का नियम है की दुनिया गोल होती है जो दीजियेगा वापस अपने पास जरूर आता ही है,मेरे कर्म विचार और कड़ाई करने से किन्ही को तकलीफ हुआ है तो मै अपने अंतिम कार्यकाल में माफ़ी चाहता हुँ, मै सेवानिवृत के उपरांत कृषक के रूप में घर परिवार को समय जीवन व्यतीत करूँगा। इस अवसर पर कुटमू स्कूल की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम और विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कुटमू स्कूल की ओर से सेवानिवृत शिक्षा पदाधिकारी को शॉल ओढ़ा कर एवं उपहार देकर विदाई किया गया। इस अवसर पर प्रखंड सह जिला लेखा पदाधिकारी अनिल सिंह, सी आर पी जीतेन्द्र मित्तल, निशा गुप्ता, निधि कुमारी सिन्हा, अविराम प्रशिक्षण महाविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षु शिक्षिकायें आदि उपस्थित थे।

## जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से जनता को शोषण, दोहन तथा उत्पीड़न करने में मशगूल है : महेश कुमार सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेहनतकशों के हक-हकूकों की रक्षा में सड़क से सदन तक हमेशा तत्पर रहने वाला अखिल भारतीय स्तर पर मान्यता प्राप्त ए आई सी सी टी यू (ऐक्टू) का 11 वॉ राष्ट्रीय सम्मेलन शानदार सफलता के साथ देश की राजधानी दिल्ली में सम्पन्न हो गया। जिसका संबोधन करते हुए राष्ट्रीय पार्षद महेश कुमार सिंह ने कहा कि जिन मेहनतकशों के बदौलत देश के हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। उसी का 2014 से भाजपानीत सरकार शोषण, दोहन तथा उत्पीड़न करने में मशगूल है। उसका मुखालफत तमाम ट्रेड यूनियनों को मिलकर आने वाले समय में होने वाली हड़ताल में एकजुट होकर करना होगा। तभी उस सरकार की हैंकडी बंद होगीं और उसे सीधे रास्ते पर चलने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होने सम्मेलन का आंखों देखा वर्णन लोहरदगा की बैठक मैं प्रस्तुत किया।

## अंजुमन इस्लामिया अरु के सदर बने फिरोज अंसारी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अरु मदरसा में अंजुमन इस्लामिया का अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वही अंजुमन इस्लामिया का चुनाव सरफराज अंसारी और शौकत अंसारी के देख रेख में सम्पन्न हुआ। अंजुमन इस्लामिया के सदर पद के लिए तीन उम्मीदवार थे जिसमें फिरोज अंसारी को 130 मत जैनुल आवेदिन को 121मत और हमीद अंसारी को 32 मत मिला तथा 9 मत रद्द हुआ। वही सेक्रेटरी पद के लिए मुस्ताक अंसारी को 174 मत एनामुल अंसारी को 21 मत एव मंसूर अंसारी को 86 मत मिला। जिसमे सेक्रेटरी पद पर मुस्ताक अंसारी विजयी घोषित किये गए। अंजुमन इस्लामिया अरु के सदर फिरोज अंसारी सदर और मुस्ताक अंसारी को सेक्रेटरी पद के लिये निर्वाचित घोषित किया गया। विजयी सदर और सेक्रेटरी को मौलाना शमसुद्दीन अंसारी ने पगड़ी पोशी करते हुए अंजुमन के साथ साथ समाजिक कार्य करने के लिये शपथ दिलाया गया। वही नवनिर्वाचित सदर और सेक्रेट्री ने कहा कि जो दायित्व मिला है उसे अंजुमन और मदरसा तथा सामाजिक कार्य मे निष्ठा के साथ निर्वहन करने प्रयास करेंगे जिसे समाज का विकास हो और लोग आगे बढ़े। मौके पर जहूर अंसारी, शौकत अंसारी, जैनुल आबेदीन, फिरोज अंसारी, वजिर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, मंसूर अंसारी, हमीद अंसारी समेत सैकड़ो मुस्लिम समाज के गण्य मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में एसएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बनाया विभिन्न प्रकार के मॉडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहरी क्षेत्र अंतर्गत स्थित एस एस पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसमें प्री नर्सरी से कक्षा नवम तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर एक नया संदेश देने का काम किया है। वही कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, चुन्नीलाल प्लस टू के केमिस्ट्री के शिक्षक सत्य प्रकाश केसरी, लक्ष्मी नारायण तिवारी और प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के फिजिक्स के शिक्षक रवि शंकर द्विवेदी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा देवी सरस्वती के कर कमल में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वही निर्णायकों द्वारा बारी-बारी से बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट और मॉडल को बारीकी से देखा गया साथ ही उनसे संबंधित प्रश्न उत्तर भी किया गया। वही कक्षा 6 से 9 में ग्रुप ए से



प्रथम कक्षा 6 का मॉडल कार्बन पुरीफिकेशन ऑफ एयर रहा, द्वितीय स्थान पर कक्षा 9 ए का मॉडल मॉनिटरिंग प्लांट हेल्थ रहा और तृतीय स्थान पर कक्षा नवम बी का प्रोजेक्ट इंडस वैली सिविलाइजेशन रहा। वही कक्षा 2 से 5 ग्रुप बी में प्रथम स्थान पर कक्षा 5 बी के अर्थक्वेक डिटेक्टर अलार्म दूसरे स्थान पर कक्षा 2 बी के वाटर पुरीफिकेशन और तृतीय स्थान पर कक्षा तीन के वाटर साइकिल और कक्षा दो का ही लंग्स मॉडल रहा। वही तृतीय ग्रुप जो की कक्षा नर्सरी से कक्षा 1 तक का था उसमें प्रथम कक्षा नर्सरी का मॉडल हेल्दी एंड अनहेल्दी फूड, द्वितीय कक्षा एलकेजी का मॉडल सेंस ऑर्गन और तृतीय स्थान पर कक्षा 1 का मॉडल ट्रैफिक लाइट रहा। विद्यालय की सचिव श्रीमती बिंदु तिवारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया साथी बच्चों द्वारा मनाए गए मॉडल का निरीक्षण कर उन्हें प्रोत्साहित किया।वही विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि व निर्णायक को श्रीमद् भागवत गीता और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मुकेश कुमार, निक्की वर्मा, सरिता कुजूर, अमित इक्का, सादिया प्रवीण, रिया, मोनिका, खुशबू, जेबा, सपना, शिफा, शाहजहां, नीलम, सोनमती आदि मौजूद थे।

## पीडीजे राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार वर्ष 2025 का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में किया जाना है द्य जिसके सफल आयोजन को लेकर 28 फरवरी को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा श्री वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी सह सदस्य डालसा हारिस बिन जमां, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सीजेएम केके मिश्रा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, डालसा सचिव राजेश कुमार सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहें। वहीं बैठक में पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



अधिक से अधिक संख्या में सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन करे। साथ ही पक्षकारों को नोटिस भेजने का कार्य पूर्ण करें। वहीं डालसा सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर तैयारी जोरो पर है। डालसा लोहरदगा में प्रतिनियुक्ति पीएलवी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मौके पर सिविल सर्जन शंभूनाथ चौधरी, लोक अभियोजक मिनी लकड़ा, जेआरईडीए प्रोजेक्ट इंजीनियर अभिजीत आनंद, जेआरईडीए प्रोजेक्ट इंजीनियर मनीष कुमार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भवन विभाग राम पद हंसदा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त पीड़ित प्रतिकर के तहत कुल 06 लोगों को पीड़ित प्रतिकर हेतु अनुशंसा पीड़ित प्रतिकर कमेटी द्वारा किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### निकाय चुनाव के लिए बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

**सिरसा :** दो मार्च को होने वाले नगर परिषद चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हाल से पोलिंग बूथों के लिए रवाना कर दिया गया है। पोलिंग एजेंटो का कहना है कि उनकी तैयारी बेहतर हैं और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाने के लिए पूरा सहयोग किया जाएगा।शनिवार को रिटर्निंग अधिकारी एवं सिरसा के एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी और देर शाम 6 बजे तक जारी रहेगी और मतगणना 12 मार्च को होगी। वही मतदाताओं की सुविधा के लिए सिरसा में 143 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। शहर के 32 वार्ड में कुल 160000 मतदाता हैं जो कि चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस बार प्रधान पद के लिए सीधे वोट डाले जा रहे हैं।चुनाव के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने शराब की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया है। जारी आदेश के अनुसार, चुनाव वाले क्षेत्रों में होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, शराब की दुकानें और अन्य स्थानों पर शराब बेचने या परोसने पर रोक होगी। आदेश जारी होने के साथ सिरसा नगर परिषद क्षेत्र में 2 मार्च को मतदान समाप्त होने तक तथा 12 मार्च को मतगणना के दिन मतगणना समाप्त होने तक शराब बेचने और परोसने की अनुमति नहीं होगी। आदेशों की अवहेलना करने वाले के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### एलजी ने किया एनडीएमसी के पुष्प महोत्सव का उद्घाटन

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुष्प महोत्सव काशनिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उद्घाटन किया। यह पुष्प महोत्सव कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एनडीएमसीके अध्यक्ष केशव चंद्रा और परिषद सदस्य अनिल वाल्मीकि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली को फूलों का शहर बनाना उनका सपना है और पिछले ढाई साल में कई एजेंसियों, खासकर एनडीएमसी द्वारा लगातार प्रयास किए गए, जिसके अब अच्छे परिणाम दिखने लगे हैं।उन्होंने आगे कहा कि उन्हें विश्वास है कि हम जल्द ही दिल्ली को फूलों का शहर बनाने में सफल होंगे और इन प्रयासों की न केवल देश भर के लोगों ने बल्कि यहां तैनात राजदूतों और राजनयिकों ने भी प्रशंसा की है। उन्होंने शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए एनडीएमसी की भी सराहना की।एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा कि इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के बाद यहां प्रदर्शित फूलों के गमलों और पुष्प कलाकृतियों को नई दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, गोल चक्करों और सड़कों के किनारे रखा जाना चाहिए, जिससे यहां से गुजरने वाले लोग भी सौंदर्य का अनुभव कर सकें।यह पुष्प महोत्सव सभी के लिए खुला है और इसमें प्रवेश निःशुल्क होगा, जहां फूल प्रेमी खिलती प्रकृति के लाइव शो का आनंद ले सकते हैं और फूलों की सुंदरता को महसूस कर सकते हैं।

# होली में 11 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाएगी पश्चिम रेलवे

एजेंसी

**मुंबई :** पश्चिम रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर 11 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।ट्रेन संख्या 09001/09002 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल (102 फेरे): ट्रेन संख्या 09001 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को मुंबई सेंट्रल से 22.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.40 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 मार्च से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09002 खातीपुरा-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट



स्पेशल प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और रविवार को खातीपुरा से 19.05 बजे रवाना होगी और अगले दिन 13.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 04 मार्च से 01 जुलाई, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़ और जयपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर और एसी 3 टियर क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09035/09036 बांद्रा टर्मिनस बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल (34 फेरे)= ट्रेन संख्या 09035 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल प्रत्येक बुधवार को बांद्रा टर्मिनस से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.10 बजे बीकानेर पहुंचेगी। यह ट्रेन 05 मार्च से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09036 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को बीकानेर से 10.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.40 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

यह ट्रेन 06 मार्च से 26 जून 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाणा, पाटन, भीलड़ी, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर और नोखा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर और एसी चेयर कार कोच होंगे। इसी तरह कई ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।


### अबुझमाड़ पीस हॉफ मैराथन का आयोजन नारायणपुर में दो को

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला प्रशासन नारायणपुर, भिलाई स्टील प्लांट (एसएआईएल), एनएमडीसी, जायसकल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से अबुझमाड़ महोत्सव-अबुझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2025 का आयोजन दो मार्च को प्रातः 5.30 बजे से आयोजित किया गया है। नारायणपुर जिला खेल अधिकारी द्वार शनिवार को दी गई जानकारी के अनुसार इस आयोजन में राज्य एवं देश-विदेश के लगभग 15-16 हजार धावकों द्वारा सहभागिता प्रदान किया जाएगा। उक्त आयोजन में विजेताओं को 15.84 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार की राशि प्रदाय किया जाएगा।

## विक्रमादित्य सिंह ने स्वच्छ शहर समृद्ध शहर कार्यक्रम में लिया हिस्सा

एजेंसी

**शिमला :** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुन्नी में नगर परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान का शुभारंभ 10 फरवरी को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा शिमला से किया गया था। यह अभियान 10 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान



चलाया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के सहयोग से स्कूलों और महाविद्यालयों के छात्रों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के वॉलंटियर्स को जोड़ा गया है।विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सुन्नी नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए परिषद ने अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वाराणसी घाट की तर्ज पर सुन्नी में भी सतलुज नदी के किनारे एक बड़ा घाट बनाए जाने की योजना है, जहां हर साल सतलुज आरती का आयोजन होगा और लोग अपने धार्मिक कार्य भी संपन्न कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में नगर पंचायत सुन्नी को नगर पालिका का दर्जा देने के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमें सुन्नी शहर के साथ आसपास के कुछ क्षेत्रों को भी शामिल किया गया था। लोगों की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही इस अधिसूचना को रद्द कर दिया जाएगा।

## मोदी सरकार पूर्वोत्तर राज्यों को देश का विकास इंजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मुरलीधर

एजेंसी

**गंगटोक :** केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने आरोप लगाया है कि 2014 से पहले तत्कालीन केंद्र सरकार ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों की उपेक्षा की। उन्होंने दावा किया कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के नारे के साथ भाजपा सरकार बनने के बाद पूर्वोत्तर राज्यों में विकास सुनिश्चित करने का काम हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री मोहोल आज राजधानी गंगटोक में भाजपा सिक्किम के वित्त प्रकोष्ठ द्वारा केंद्रीय बजट 2025-26 पर आयोजित संवाद सत्र में बोल रहे थे। इस सत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सिक्किम के दो दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय




राज्य मंत्री ने बताया कि केंद्रीय बजट 2025-26 को 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में समाज के हर वर्ग को शामिल किया गया है तथा यह समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समाज के अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री मोहोल ने जानकारी दी कि पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं, भारत एक वैश्विक महाशक्ति और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने दावा किया कि देश के 50 करोड़ लोग आज मोदी सरकार की किसी न किसी योजना के लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि आज मेडिकल कॉलेजों, एमबीबीएस सीटों, सड़क निर्माण, रेलवे, हवाई अड्डों और अन्य क्षेत्रों में 2014 से पहले की तुलना में उल्लेखनीय कार्य हुआ है।

# गढ़वा : भाजपा की बैठक में संगठनात्मक चुनाव पर हुआ चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजपा संगठन पर्व को लेकर उत्सव गार्डन में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी डॉ अमरदीप यादव ने कहा कि संगठन का बुथ स्तर पर चुनाव अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जल्द ही बुथ की सूची जमा करना है। 6 से 9 मार्च तक सभी मंडल स्तर पर बैठक कर मंडल चुनाव अधिकारी तीन नाम तय कर प्रदेश को भेजेंगे। प्रदेश के सहमति के बाद मंडल में 17 मार्च से 19



मार्च के बिच मंडल अध्यक्ष का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। उसके बाद 20 मार्च से लेकर 22 मार्च तक जिलाध्यक्ष के लिए नामांकन भरा जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्व जिलाध्यक्ष सह चुनाव अधिकारी ने कहा कि मंडल में बुथ स्तर पर लक्ष्य के अनुसार सदस्य बनाना अनिवार्य है तभी उस बुथ का निर्माण पुर्ण रुप से हो सकता है। मंडल अध्यक्ष के लिए उम्र सीमा 35 से 40 वर्ष तक होगा। जिलाध्यक्ष के लिए 45 वर्ष से 60 वर्ष तक होना चाहीए। मंडल स्तर पर एक प्रतिनिधि भी बनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि बहुत जल्द संगठन निर्माण का काम पूरा कर लिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष मधुलता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पाण्डेय, सुरज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, पुर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी आदि उपस्थित थे।

### नेवरी से 17 किलोमीटर की श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 2 मार्च को

**रांची :** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वाधान मे श्री श्याम प्रभु का ध्वज निशान पदयात्रा की तैयारीयां पूरी कर ली गई है, श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के संयोजक गोपाल मुरारका एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 2 मार्च दिन रविवार को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी विकास विद्यालय के समीप श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 8 बजे बाबा श्री श्याम का ध्वजा पदयात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो बूटी मोड़ बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अप्पर बाजार भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा निशान अर्पित के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा की दूरी श्री खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर रिंगस से खाटू धाम की है। 2 मार्च को नेवरी जाने हेतु सुबह 6 बजे से 6:30 बजे तक हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से बस की व्यवस्था भी श्याम भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगी।

## लोक लेखा अधिकारी सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सरल बनाएं: वित्त मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सिविल अकाउंट्स सर्विसेज के अधिकारियों से सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के लिए सरल बनाने का आह्वान किया है।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में 49वें नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की अगुवाई में भारतीय लोक लेखा सेवा (आईसीएएस) के अधिकारियों की मौन तकनीकी क्रांति के लिए सराहना की, जिसके तहत राज्यों को संचालन में बहुत आसानी हो रही है और सरकारी कामकाज को आसानी से पूरा किया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की 1,200 योजनाओं में से 1,100 अब प्रत्यक्ष लाभ



हस्तांतरण के तहत हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाए। उन्होंने अपने संबोधन में डीबीटी को बेहतर बनाने में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने कहा कि 1200 में से 1100 केंद्रीय और राज्य योजनाएं अब डीबीटी के तहत हैं, जिससे बिचौलिए खत्म हो गए हैं। उन्होंने पीएफएमएस की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसने बिचौलियों को खत्म करके और यह सुनिश्चित करके कि लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे, सरकार को सीधे वितरण में महत्वपूर्ण मदद की है। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां 140 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। यहां हर राज्य की अपनी चुनी हुई सरकार होती है लेकिन सभी वित्तीय व्यवस्थाएं एक साथ जुड़ी हुई हैं और कुशलता से काम कर रही हैं।

## छह माह में मिशन मोड पर नशा तस्करों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : सुक्खू



एजेंसी

**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में नशे के बढ़ते खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस विभाग को आगामी छह माह में मिशन मोड पर व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और इस अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। शनिवार को यहां पुलिस और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने नशा तस्करी पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी भी नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और पुख्ता सबूत मिलने पर उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।मुख्यमंत्री सुक्खू ने अधिकारियों को पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस कानून के तहत मामलों के निष्पादन में देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मामलों की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। ऐसे में नशा तस्करों और उनके सहयोगियों की संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को संदिग्धों के बैंक खातों की जांच करने के भी निर्देश दिए ताकि अवैध लेन-देन का पता लगाया जा सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अलावा नशा तस्करी और नशाखोरी की समस्या से निपटने के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।उन्होंने राज्य के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और नशाखोरी को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह स्वयं इस अभियान की नियमित निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को पंचायत स्तर तक नशा तस्करों और पीड़ितों की मैपिंग करने और 15 मार्च, 2025 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

# अमेरिका में राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप व युक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ हुआ तीखी बहस

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनॉल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ पहली बार बैठक की। हालांकि यह बैठक बहुत अच्छी नहीं रही और इस बैठक के दौरान तीखी बहस हुई। ट्रंप ने बैठक को बीच में ही समाप्त कर दिया और उन्होंने जेलेंस्की को फटकार भी लगाई। बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि वह शांति स्थापित करने की बात करते हैं, लेकिन वह ऐसा करना नहीं चाहते हैं। मुझे उनसे बात करने में तब दिलचस्पी होती अगर वह खून-खराबे को समाप्त करना चाहते। बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा,वह कोई शांति स्थापित करने वाले शख्स नहीं थे और मुझे केवल तभी दिलचस्पी होती यदि वह (जेलेंस्की) खून-खराबे को समाप्त करना चाहते। उनका (यूक्रेन के राष्ट्रपति



वलोडिमिर जेलेंस्की) कहना है, मैं शांति बनाना चाहता हूं। लेकिन वह अपनी बात पर खड़े नहीं है और पुतिन के बारे में तरह-तरह की नकारात्मक बातें कह रहे हैं। उनका कहना है कि मैं शांति बनाना चाहता हूं। मैं अब और युद्ध नहीं लड़ना चाहता, उनके लोग मर रहे हैं। मैं किसी पर भरोसा या अविश्वास नहीं करता हूं। मैं सिर्फ एक समझौता करना चाहता हूं। यदि सौदा होता है, तो अच्छा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें लड़ाई रोकनी होगी, मौतों को रोकना होगा। वह सैकड़ों हजारों सैनिकों को खो रहे हैं। अब मौतों को रोकने का समय आ गया है। बता दें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना ही व्हाइट हाउस से रवाना हो गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते की मांग की थी और कहा था कि यह यूक्रेन को भविष्य में समर्थन देने की शर्त है। जेलेंस्की शुक्रवार दोपहर व्हाइट हाउस से उस वक्त चले गए जब ट्रंप ने समझौते पर बातचीत को बीच में ही रोक दिया और ओवल ऑफिस में जेलेंस्की पर चिल्ला पड़े।ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की द्वारा सुरक्षा की गारंटी मांगे जाने पर जेलेंस्की के बर्ताव को अपमानजनक करार दिया।

### ट्रंप ने जेलेंस्की से कहा-अब तभी आना, जब...

ट्रंप के साथ तीखी बहस के बाद कहा कि मैं शांति चाहता हूं। विवाद के बाद ट्रंप ने जेलेंस्की को बाहर का रास्ता दिखाया और कहा, जब शांति के लिए तैयार हों तभी वापस आना। ट्रंप ने जेलेंस्की से कहा,अभी आपके पास कार्ड नहीं हैं, आप तीसरे विश्व युद्ध का जुआ खेल रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक्स पर लिखा कि आज व्हाइट हाउस में हमारी बहुत सार्थक बैठक हुई और मैंने तय किया है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की अभी शांति के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने अमेरिका का अनादर किया है।

### ट्रंप के साथ नोंकझोंक के बाद जेलेंस्की ने माफी मांगने से किया इनकार

वाशिंगटनः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बहस के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने अपने अमेरिकी समकक्ष के बीच हुई घटना के लिए माफ़ी मांगने से इनकार कर दिया। ज़ेलेंस्की ने कहा कि इस विवाद के लिए वे माफ़ी नहीं मांगेंगे लेकिन उन्होंने इस घटना दोनों पक्षों के लिए अच्छा नहीं माना। ज़ेलेंस्की ने कहा कि अगर अमेरिका अपना समर्थन वापस लेता है तो रूस से यूक्रेन की रक्षा करना हमारे लिए मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें दुख है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ तीखी बहस को टेलीविज़न पर दिखाया गया। ज़ेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप का सम्मान करता हूँ। मैं अमेरिकी लोगों का सम्मान करता हूँ। मुझे नहीं लगता कि हमने कुछ बुरा कहा है।